दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — बिजली बिल हाफ योजना से नवंबर...
4 अभिव्यक्ति — दिल्ली का दंगा एक सुनियोजित...
9 मनोरंजन/खेल — एकता कपूर की वेबसीरीज में काम करेंगी...
11 व्यापार — वैश्विक दबाव में सोना 845 रुपए....

www.navpradesh.com
बिलासपुर, बुधवार 26 फरवरी, 2020, फाल्गुन शुक्ल पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत-2076 वर्ष-05 अंक-315 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रवास के दौरान देश की राजधानी नई दिल्ली में हिंसा का तांडव संयोग नहीं है। यह एक सुनियोजित साजिश है दुनिया के सामने देश की छवि खराब करने की। शाहीन बाग से निकली चिंगारी को शोलों में तब्दील होना ही था। जब नीरो चैन की बंसी बजाने में मशगूल रहेंगे तो आग की लपटें उठेंगी ही। देश की राजधानी का अराजकता की प्रयोगशाला बनना गंभीर चिंता का विषय है। इसके पहले की पानी सिर से उंचा हो जाए सरकार को चाहिए कि वह ऐसे अराजक तत्वों को कुचलने के लिए तत्काल कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

खास खबर

छग की दो समेत रास की 55 सीटों के लिए चुनाव 26 मार्च को

नई दिल्ली/रायपुर (नवप्रदेश)। देश के 17 राज्यों की 55 राज्यसभा सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 26 मार्च को होगा। इनमें छत्तीसगढ़ कोटे की दो सीटें भी शामिल हैं। चुनाव आयोग की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार इन सत्रह राज्यों से चुने गए राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो रहा है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विधान सभा में धान पर सत्तापक्ष और संयुक्त विपक्ष के बीच तीखी तकरार

सदन में किसान, परिधान और बकाया धान पर खूब मचा गदर

नव प्रदेश संवाददाता

■ भाजपा को धान-किसान पर चर्चा का दांव पड़ा उलटा
■ विस अध्यक्ष ने जब दी व्यवस्था तो बचते रहा विपक्ष
■ मुख्यमंत्री से ऐलान किए जाने की कर दी मांग
■ हंगामा ऐसा कि 2 बार कार्रवाई स्थगित, 1 बार निलंबन

रायपुर। मंगलवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा दिन भी चंद मिनटों में हंगामेदार होकर रह गया। सत्तापक्ष को घेरने के लिए बीजेपी-सीजेसीजे विधायक दल संयुक्त विपक्ष की भूमिका में पहुंचे थे। दिवंगत पूर्व मंत्री श्रीमति देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव को छत्तीसगढ़ की विधानसभा में सबसे लंबी श्रध्दांजलि देने के बाद सदन की कार्रवाई हंगामेदार हो गई। पूरे 1 घंटे राजमाता के निधन का उल्लेख करने के साथ ही 5 मिनट के लिए कार्रवाई स्थगित कर जैसे ही प्रश्नोत्तर काल का वक्त हुआ तो संयुक्त विपक्ष ने हंगामा बरपा कर दिया। बकाया धान खरीदी और किसानों के मुद्दों पर स्थगन के लिए अड़ी बीजेपी, सीजेसीजे, व बसपा विधायक पहले ही काला परिधान पहनकर पहुंचे थे। नारेबाजी, हंगामा और फिर आरोप-प्रत्यारोप ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ऐसा बोले महंत की सब को सूंघ गया सांप

सदन में लगातार सत्तापक्ष-संयुक्त विपक्ष के सदस्यों व्दारा हंगामा, नारेबाजी और दो बार असंसदीय भाषा का प्रयोग किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें खूब समझाया कि चर्चा और उनकी मांग पर व्यवस्था दी जाएगी। इसके बावजूद भी विपक्षी दल शांत नहीं हुए। यह देखते हुए सत्तापक्ष के विधायक-मंत्री भी टिप्पणी नारेबाजी करते रहे। यह देखकर विधानसभा अध्यक्ष आसंदी से ही खड़े होकर सदन के सदस्यों को अपनी बात से निरुत्तर कर दिया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

किसानों के नाम पर विपक्ष कर रहा राजनीति : सीएम भूपेश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार धान खरीदी के मामले में चर्चा कराना चाहती है विपक्ष चर्चा से भागने का बहाना ढूंढ रही है। उन्हों ने कहा विपक्ष का जैसा मन और कार्य है वो उसी रंग का परिधान भी पहनकर पहुंचे हैं। किसानों के नाम पर सिर्फ वो राजनीति कर रहे हैं।

अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अब सरगुजा की राजमाता के नाम से जाना जाएगा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को विधानसभा में अविभाजित मध्यप्रदेश की पूर्व मंत्री तथा सरगुजा की राजमाता स्वर्गीय देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव के नाम पर अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज का नामकरण करने की घोषणा की। सदन में देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यवाही प्रारंभ होते ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने स्वर्गीय सिंहदेव के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बनी बात, 3 अरब डॉलर के रक्षा सौदे पर लगी मुहर

हैदराबाद हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप व मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता में सहमति

नई दिल्ली ए.। अमेरिका व भारत के बीच मंगलवार को बहुप्रतिक्षित रक्षा सौदे पर मुहर लग गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता में 3 अरब डॉलर के रक्षा सौदे पर बात बन गई। जिसका ऐलान वार्ता के बाद आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में डोनाल्ड ट्रंप ने किया। इस सौदे में अमेरिका से 24 एमएच 60 रोमियो हेलिकॉप्टर की 2.6 अरब अमेरिकी डॉलर में खरीद शामिल है। इसीके तहत दूसरी डील अमेरिका से छह एच64 अपाचे हेलिकॉप्टर को लेकर है, जिसकी कीमत 80 करोड़ डॉलर होगी। ट्रंप ने कहा कि 3 अरब डॉलर से ज्यादा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में डोनाल्ड ट्रंप ने किया ऐलान
■ कहा- इस डील से मजबूत होंगे दोनों देशों के रक्षा संबंध
■ भारत को मिलेंगे 24 एमएच रोमियो व 6 एएच 64 अपाचे हेलिकॉप्टर

राजघाट पर अर्पित किए बापू को श्रद्धासुमन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पत्नी मेलानिया के साथ राजघाट भी पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। यहां विजिटर में बुक में उन्होंने लिखा- 'गांधी के विचारों वाले भारत के साथ अमेरिका के लोग मजबूती से खड़े हैं। यह हमारे लिए सम्मान की बात है।

भारत में है धार्मिक स्वतंत्रता

मीडिया से चर्चा के लिए आयोजित सत्र में ट्रंप ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता बनी रहनी चाहिए। भारत में धार्मिक स्वतंत्रता अन्य देशों की तुलना में ज्यादा है। प्रधानमंत्री मोदी सबकी धार्मिक स्वतंत्रता के लिए काम कर रहे हैं। इन सबके बीच ट्रंप ने पाकिस्तान को आतंकवाद पर खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अमेरिका से भारत की साझेदारी अहम : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि हमने भारत-अमेरिका पार्टनरशिप के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की, वह चाहे रक्षा हो या सुरक्षा। हमने एनर्जी स्ट्रैटिजिक पार्टनरशिप, ट्रेड और पिपल-टु-पिपल के बीच संबंधों पर भी चर्चा की। रक्षा क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच मजबूत होता रिश्ता हमारी साझेदारी का महत्वपूर्ण पक्ष है।

मोदी ने ट्रंप के समक्ष उठाया आतंकवाद, एच1बी वीजा का मुद्दा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच करीब पांच घंटे हुई चर्चा में भारत ने आतंकवाद और एच1बी वीजा का मुद्दा उठाया। ट्रंप की दो दिवसीय भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच सुरक्षा एवं रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी एवं व्यापार समेत कई अन्य मुद्दों पर बात हुई। विदेश सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला ने बताया कि दोनों नेताओं ने सोमवार और मंगलवार को विभिन्न अवसरों पर कुल मिलाकर करीब पांच घंटे चर्चा की। ■ शेष पृष्ठ 8 पर



क्रं.	खरीफ वर्ष	पंजीकृत किसान	धान विक्रेता किसान	धान खरीदी (मी. टन)	धान बेचने वाले किसानों का प्रतिशत
1	2019-20	19,55,554	18,20,914	82,81,241.15	93.11
2	2018-19	16,98,005	15,71,414	80,38,030.95	92.54
3	2017-18	15,77,332	12,06,264	56,88,938.83	76.47
4	2016-17	15,14,823	13,27,944	69,59,059.61	87.66
5	2015-16	13,22,613	11,10,330	5,92,932.49	83.95

छत्तीसगढ़ संवाद, आर.ओ.नं.24697

अमित शाह से बैठक के बाद बोले केजरीवाल पार्टी पॉलिटिक्स से ऊपर उठकर हुई मीटिंग

- केजरीवाल ने बैठक के बाद कहा कि सभी ने पार्टी पॉलिटिक्स से ऊपर उठकर अपनी बात रखी
- वह बोले- सभी ने तय किया है कि एक साथ मिलकर दिल्ली में शांति कायम करने का प्रयास करेंगे

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली हिंसा को लेकर बैठकों का दौर जारी है। कल शाम अमित शाह ने बैठक की फिर आज सुबह अरविंद केजरीवाल ने प्रभावित इलाकों के विधायकों के साथ आपात बैठक की। इसके बाद अरविंद केजरीवाल और अमित शाह की बैठक हुई। गृह मंत्री के साथ बैठक खत्म होने के बाद अरविंद केजरीवाल बाहर आए और बोले कि मीटिंग काफी सकारात्मक रही। सभी ने पार्टी पॉलिटिक्स से ऊपर उठकर मीटिंग में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सबने तय किया है कि एक साथ मिलकर दिल्ली में शांति व्यवस्था बनाने के लिए प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है कि पुलिस की कोई कमी नहीं होगा, जो भी कमी है उसे पूरा किया जाएगा। वहीं एलजी अनिल बैजल और मनोज तिवारी बिना किसी सवाल का जवाब दिए वहां से निकल गए। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने कहा कि जिस तरह से भड़काऊ भाषण आए हैं, जब तक उन पर अंकुश नहीं लगेगा, तब तक इस पर काबू नहीं किया जा सकता। वह बोले कि अगर ये भड़काऊ भाषण नहीं होते, तो हिंसा भी नहीं होती। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है कि भड़काऊ भाषण देने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा और बिना नाम बताए उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज भी करा दी गई है।

बता दें कि अमित शाह और केजरीवाल के बीच हुई इस बैठक में दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल, पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक, कांग्रेस नेता सुभाष चोपड़ा, भाजपा नेता मनोज तिवारी और रामवीर सिंह बिधूड़ी भी मौजूद रहे। इस बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि आखिर किस तरह दिल्ली में शांति व्यवस्था बनाई जा सकती है।

दिल्ली हिंसा पर बोले केजरीवाल

'दूसरे राज्यों से आ रहे उपद्रवी, मंदिर-मस्जिद से की जाए शांति की अपील'

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली की हिंसा पर अरविंद केजरीवाल ने प्रभावित इलाके के सभी दलों के विधायकों के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए सभी दिक्कतों को जनता के सामने रखा है। अपनी बात की शुरुआत उन्होंने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील से की। उन्होंने कहा कि हिंसा से किसी का भी भला नहीं होने वाला है और इससे कोई भी समाधान नहीं निकलेगा। उन्होंने तो ये भी कहा है कि बाहर के राज्यों से बहुत से लोग बॉर्डर क्रॉस कर दिल्ली में आ रहे हैं, ये भी दिल्ली हिंसा की वजह है। उन्होंने कहा है कि मंदिर-मस्जिद से शांति बनाए रखने की अपील की जानी चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि जो पुलिस वाले या फिर नागरिक इस हिंसा के शिकार हुए हैं और जिनकी मौत हुई है वह सभी दिल्ली के नागरिक हैं, सब हमारे अपने लोग हैं। वह बोले- अगर हिंसा बढ़ती है तो कल किसी का भी नंबर आ सकता है। ये अच्छी स्थिति नहीं है। जिनके घर जले, जिनकी दुकानें लुटीं या फिर जिनकी गाड़ियां जला दी गईं, वह अच्छी स्थिति नहीं है।

अस्पताल और फायर ब्रिगेड को तैयार रहने के आदेश

जो आपात बैठक अरविंद केजरीवाल ने बुलाई थी, उसमें उन्होंने सभी दलों के विधायकों और विभिन्न विभाग के सीनियर ऑफिसरों से बात की, जिसमें कुछ बातें सामने आईं। केजरीवाल बोले- प्रभावित इलाकों के विधायकों के साथ बैठक के बाद सभी अस्पतालों और फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट को हर वक्त तैयार रहने को कहा गया है। फायर डिपार्टमेंट को कई जगहों पर पहुंचने में दिक्कत हो रही है तो उनसे कहा गया है कि वह पुलिस के साथ को-ऑर्डिनेट करें और प्रभावित इलाकों तक पहुंचें।

आदेश ना मिलने की वजह पुलिस नहीं ले पा रही एक्शन

केजरीवाल बोले कि सभी विधायकों के साथ बात करने के बाद जो सबसे अहम बात सामने आ रही है वो ये है कि पुलिस की संख्या बहुत कम है। साथ ही, पुलिस को कोई भी एक्शन लेने की ताकत नहीं हैं। कोई भी एक्शन लेने से पहले उन्हें ऊपर से मिलने वाले आदेश का इंतजार करना पड़ रहा है और आदेश ना मिलने की वजह से वह एक्शन नहीं ले पा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि वह अभी गृह मंत्री अमित शाह के साथ होने वाली बैठक में भी इस बात को उठाएंगे।

बॉर्डर पार से आ रहे उपद्रवी

केजरीवाल के अनुसार दिल्ली हिंसा की एक और बड़ी वजह ये सामने आ रही है कि सीमा पार से लोग दिल्ली में घुस रहे हैं। ऐसे में केजरीवाल ने पुलिस से बात कर के सभी बॉर्डर को सील करने की गुजारिश करने की बात कही है। साथ ही उन्होंने चीफ सेक्रेटरी से भी बात की है कि वह दिल्ली पुलिस कमिश्नर से अपील करें कि बॉर्डर एरिया को सील किया जाए।

कपिल मिश्रा ने केजरीवाल पर लगाया दंगाइयों को बचाने का आरोप, कहा-

'मुझे मारने की धमकियां दी जा रही हैं'

- उन्होंने सवाल पूछा कि एक बार भी दिल्ली की बंद सड़कें खोलने की अपील क्यों नहीं की?

नई दिल्ली(वार्ता)। अरविंद केजरवाल ने दिल्ली हिंसा में प्रभावित इलाकों के विधायकों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने ये बात कहते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा कि दिल्ली में पुलिस संख्या बहुत कम है और उन्हें ऊपर से एक्शन लेने के आदेश भी नहीं दिए जा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल अपनी बात कहकर अभी हटे ही थे कि बीजेपी नेता कपिल मिश्रा ने उन पर हमला बोल दिया। कपिल मिश्रा ने अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया कि वह दंगाइयों को बचा रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने ये भी कहा कि उन्हें गालियां दी जा रही हैं और जान से मारने की धमकियां भी मिल रही हैं।

'गालियां और मारने की धमकियां मिल रहीं'

एक दूसरे ट्वीट में कपिल मिश्रा ने कहा है कि उन्होंने गालियां दी जा रही हैं और जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ओवैसी उन्हें गाली दे रहे हैं। कुछ बड़े पत्रकारों पर भी उन्होंने गाली देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुझे हत्या की धमकियां दी जा रही हैं और मेरा गुनाह है कि मैंने आतंक की आंखों में आंख डालकर सच बोलने का साहस किया। उन्होंने कहा कि आतंकियों से सहानुभूति रखने वाले मुझसे नफरत कर रहे हैं।

बिहार विधानसभा में सीएए-एनपीआर को लेकर हंगामा

पटना(ए.)। बिहार विधानसभा में मंगलवार को राज्य का बजट पेश किया जाना है। हालांकि, सदन में नागरिकता संशोधन कानून (CAA) और नैशनल पॉप्युलेशन रजिस्टर (एनपीआर) को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार जारी है। संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने 'काला कानून' बताया। इस पर सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक और हंगामा हुआ, जिसकी वजह से सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। इस दौरान सदन में राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के विधायक भाई वीरेंद्र और मंत्री प्रमोद कुमार के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। बिहार विधानसभा की मंगलवार को कार्यवाही शुरू होने पर प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी ने एनपीआर को लेकर विपक्षी दलों की ओर से लाए गए कार्यस्थगन प्रस्ताव पर सबसे पहले चर्चा कराए जाने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इसको लेकर स्थिति स्पष्ट किए जाने की मांग की।

आमने-सामने आ गए ये नेता

शादी के 2 साल बाद भी नहीं बन पाए संबंध, तलाक के लिए कोर्ट पहुंची दंपति

बेंगलुरु/कोच्चि(ए.)। जब पति-पत्नी के रिश्ते के बीच दरार पड़ती है, तो कई तरह के आरोप-प्रत्यारोप सामने आते हैं। हालांकि केरल के एक डॉक्टर दंपती ने तलाक की अर्जी देकर एक-दूसरे पर जो आरोप लगाए हैं, वे बेहद हैरान करने वाले हैं। 43 वर्षीय राकेश (नाम बदला हुआ) पेशे से बच्चों के डॉक्टर हैं और 2013 में एक तलाक के बाद यह उनकी दूसरी शादी है। राकेश ने अपनी पत्नी तान्या (नाम बदला हुआ) पर आरोप लगाया है कि वह सेक्स के लिए फिट नहीं है, क्योंकि वह एक ट्रांसजेंडर है। उधर 42 वर्षीय पत्नी का कहना है कि वह वर्जिन है, उसका पति ही आज तक 'शादी का सुख' उसे नहीं दे सका।

दोनों के रिश्तों में दरार तब और बढ़ गई, जब राकेश ने तान्या को एचआईवी टेस्ट के लिए कहा। महिला डॉक्टर ने राकेश को बताया कि तान्या का हाइमन अभी सुरक्षित है और बेहद सख्त हो चुका है, जिस वजह से उसके साथ सेक्स करना संभव नहीं है। हालांकि राकेश इस बात से संतुष्ट नहीं हुआ, उसका कहना है कि उसने अपने कुछ दोस्तों की राय ली जिन्होंने उसे बताया कि तान्या की ऐसी हालत कई लोगों के साथ सेक्स करने की वजह से हुई होगी।

कर्नाटक: 'स्वामीजी' ने महिला से ठगे 27 करोड़, केस दर्ज

बेंगलुरु(वार्ता)। कर्नाटक में एक विधवा महिला ने आरोप लगाया है कि एक 'स्वामीजी' ने उसे एक चिकनी-चुपड़ी बातों में फंसाकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की। महिला का आरोप है कि 2016 से 2019 के बीच उसके साथ 27 करोड़ रुपये और तीन किलोग्राम सोने की धोखाधड़ी की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

राममूर्तिनगर की रहने वाली महिला गीता अपने तीन बेटों के साथ रह रहती है। महिला के पति एक जमींदार थे, और उनकी 2009 में मौत हो गई थी। उनके परिवार के पास कोलार जिले के बेथमंगला के एक खेत के अलावा तवारकेरे और शहर के अन्य हिस्सों में कई पुश्तैनी संपत्तियां थीं।

संपत्ति को लेकर चल रहा था विवाद

शिकायत के मुताबिक, गीता का अपने रिश्तेदारों के साथ संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। गीता के खेत में काम करने वाले एक मजदूर ने उसे बंगारपेट के नागराज सी से मिलवाया। नागराज ने दावा किया कि उसके पास बुरी आत्माओं को भगाने की शक्तियां हैं। गीता ने कहा, 'आरोपी ने मुझे विश्वास दिलाया कि वह मेरी सारी परेशानियों को हल कर देगा। वह मेरे घर आया और दावा किया कि उसे भगवान ने भेजा है।'

गिरफ्तार | इस तरह पुलिस को चकमा देता रहा गैंगस्टार रवि पुजारी

गैंगस्टार: 26 साल में पांच देश और 4 नाम

बेंगलुरु (ए.)। अंडरवर्ल्ड गैंगस्टर रवि पुजारी को दक्षिण अफ्रीका में गिरफ्तार करके बेंगलुरु लाया गया है। तीन दशक तक पुलिस से छिपते-छिपाते रवि पुजारी दुनिया के कई देशों से धंधा चलाता रहा। पिछले साल 19 जनवरी को सेनेगल पुलिस ने उसे उस वक्त गिरफ्तार किया जब बाल कलर कराने सैलून जा रहा था। इसके बाद वहां के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रवि पुजारी को प्रत्यर्पित कर कर्नाटक पुलिस को सौंप दिया गया। कर्नाटक पुलिस ने बताया कि रवि पुजारी 1994 में भारत छोड़कर भाग गया था और इस दौरान वह पांच देशों में चार बार नाम बदलकर रहा होगा।

एडीजीपी अमर कुमार पांडेय ने बताया, 'पुजारी मुंबई में कई गंभीर मामलों में लिप्त रहा है। वह छोटा राजन का करीबी था। 1994 में वह पहले नेपाल और फिर बैंकॉक भाग गया था।' जांच में खुलासा हुआ कि 1994 से 1998 के बीच पुजारी नेपाल से धंधा चला रहा था। 1999 के अंत और 2000 की शुरुआत में पुलिस के पुजारी तक पहुंचने पर उसे नेपाल छोड़ना पड़ा। इसके बाद वह बैंकॉक चला गया और 2003 तक वहीं पर रहा।

पांच देशों में 4 नामों से रहा: इस दौरान पुजारी ने अंडरवर्ल्ड के तहत हत्या और वसूली जारी रखी। पुलिस ने बताया कि बुर्कीना फासो में उसने एक गार्मेंट फैक्टी खरीदी और होटल में निवेश किया। इसके बाद 2015 में वह सेनेगल शिफ्ट हो गया। सेनेगल में रवि पुजारी ने महाराजा इंडियन रेस्तरां खोला। यहां उसने भारतीय खानसामों को नौकरी पर रखा और जल्द ही रेस्तरां भारतीय व्यंजन के लिए मशहूर हो गया।

कसीनो और डांस बार में लगाया पैसा, हुआ विवाद

पुजारी ने कसीनो और डांस बार के बिजनस में काफी पैसा लगाया था लेकिन कुछ ही समय में लोकल माफिया गैंगस्टर और उसके बीच मतभेद हो गए। पुजारी को जब लगा कि बैंकॉक उसके लिए अब सुरक्षित नहीं है तो वह सूडान रवाना हो गया। सूडान में पुजारी ने गार्मेंट के बिजनस में निवेश किया। शुरुआत में उसे थोड़ा फायदा हुआ लेकिन बाद में उसे काफी नुकसान झेलना पड़ा और वह बुर्कीना फासो शिफ्ट हो गया।

एडीजीपी अमर पांडेय को मिली केस की कमान

पुजारी के खिलाफकर्नाटक में हत्या के 97 केस है जिसमें अकेले 46 केस बेंगलुरु के ही है लेकिन पुलिस को काफी लंबे समय तक पुजारी का अता-पता नहीं मालूम था। 8 मार्च 2017 को इंटरपोल ने शबनम डिवेलपर्स डबल मर्डर केस में पुजारी के खिलाफरेड कॉर्नर नोटिस जारी की। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने पुजारी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस को अल्टिमेटम दिया। अमर कुमार पांडेय को केस की जिम्मेदारी दी गई।

रवि पुजारी ने भारत में बताया था अपनी जान को खतरा

हालांकि पुजारी की किस्मत ने तब उसका साथ छोड़ दिया जब सेनेगल पुलिस ने कर्नाटक पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर उसे पिछले साल 19 जनवरी 2019 में गिरफ्तार कर लिया था। उसे सेनेगल जेल भेजा गया और बीती 20 फरवरी को उसे कर्नाटक पुलिस को सौंप दिया गया। पुजारी ने भारत में खतरा और अपनी खराब सेहत का हवाला दिया लेकिन सेनेगल कोर्ट ने उसकी आपराधिक बैकग्राउंड को देखते हुए प्रत्यर्पण का आदेश दे दिया।

राष्ट्रपति भवन में ट्रंप का शाही स्वागत, महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आज गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप और उनकी पत्नी मेलेनिया की राष्ट्रपति भवन में अगवानी की। राष्ट्रपति भवन में शाही सम्मान लेने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप, पत्नी मेलेनिया के साथ राजघाट गए और वहां बापू की समाधि पर पुष्प अर्पित किए। आइए देखें राष्ट्रपति भवन से आई शानदार तस्वीरें...

गार्ड ऑफऑनर लेते डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए राष्ट्रपति भवन में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है।

महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी का फर्स्ट लेडी मेलेनिया ट्रंप ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर माल्यार्पण किया।

बापू को श्रद्धांजलि

बापू की समाधि पर पुष्प अर्पित करते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और बगल में खड़ीं पत्नी मेलेनिया।

मेलेनिया ने भी दी श्रद्धांजलि

अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलेनिया ट्रंप ने भी बापू की समाधि पर पुष्प अर्पित किए।

ट्रंप ने लागाया पेड़

राष्ट्रपति ट्रंप ने पत्नी मेलेनिया के साथ राजघाट में पेड़ भी लगाया।

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने की अगवानी

राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उनकी पत्नी सविता कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलेनिया का स्वागत किया।

राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति की आगवानी की

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अमेरिकी राष्ट्रपति

डोनाल्ड ट्रंप की अगवानी की।

प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद

राष्ट्रपति ट्रंप की अगवानी के वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे।

इवांका और जेरेड भी साथ

स्वागत समारोह में ट्रंप की बेटी इवांका और दामाद जेरेड कुशनर भी शामिल हैं।

गार्ड ऑफऑनर लेते ट्रंप

स्वागत समारोह में राष्ट्रपति ट्रंप को गार्ड ऑफऑनर दिया गया।

मेहमान को राजकीय सम्मान

अमेरिकी राष्ट्रपति को राजकीय सम्मान से नवाजा गया।

गार्ड ऑफऑनर देते जवान

जवानों ने ट्रंप का गार्ड ऑफऑनर दिया

सम्मान समारोह

सम्मान समारोह में ट्रंप को गार्ड ऑफऑनर दिया गया

घुड़सवार दस्ता

राष्ट्रपति भवन में घुड़सवार दस्ता

इवाकां ट्रंप

राष्ट्रपति भवन के कर्मी से बात करतीं इवांका ट्रंप

'हम साथ-साथ हैं'

सविता कोविंद, मेलेनिया ट्रंप, डोनाल्ड ट्रंप, रामनाथ कोविंद और नरेंद्र मोदी।

ट्रंप के साथ मोदी

भारत-अमेरिका संबंधों पर बातचीत के लिए हैदराबाद हाउस में मीटिंग से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

न्यूज गैलरी

दहेज के लिए विवाहिता को किया प्रताड़ित, मामला दर्ज

रायपुर। विवाहिता से 10 लाख रुपये मायके से लाने की बात कहकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की रिपोर्ट गोल बाजार थाने में दर्ज की गई है। कटनी मध्यप्रदेश निवासी अर्चना गुप्ता 32 वर्ष पति आशुतोष गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थियां का शादी 30 अप्रैल 2015 को रायपुर तात्यापारा थाना गोलबाजार निवासी आशुतोष गुप्ता से हुआ था शादी के बाद से ही ससुराल में पति, सास, ननद के द्वारा मायके से दहेज में रुपये नहीं लाने की बात कहकर आये दिन मारपीट कर गाली गलौज किया जा रहा था जिसके बाद घटना की शिकायत परिवार परामर्श केन्द्र रापयुर में कराया था उसके बावजूद भी ससुराल वाले प्रार्थियां के साथ आये दिन मारपीट कर रहे थे व मायके से रुपये लाने की बात कहकर होली के समय 2018 में घर से निकाल दिया उसके बाद से विवाहिता अपने मायके में रह रही है।

दुकानदार ने आधार व थम इम्प्रेशन लेकर दो लोगों के खाते से किया रुपये पार

रायपुर। मोबाइल शॉप पर पोर्ट कराने गये ग्राहक के आधार कार्ड व थम का निशान लेकर दुकानदार ने दो लोगों के खाते से हजारों रुपये निकाल लिये। घटना की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाने में दर्ज की गई है। सोनकर पारा निवासी रमेश कुमार आहूजा 66 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 2 दिसंबर से 30 दिसंबर के मध्य अपना मोबाइल फोन बनवाने शिवम मोबाइल शांति चौक पुरानी बस्ती में कुमारी शिखा कौशिक को दिया था। फार्मेटी के तौर पर आधार कार्ड थम इंप्रेशन लेकर प्रार्थी के खाते से तीन बार में 10-10 रुपये खाते से निकाल लिया। वहीं सोनार पारा निवासी नंदकिशोर अग्रवाल 68 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 25 जनवरी को शिवम मोबाइल शॉप शांति चौक पुरानी बस्ती में अपने मोबाइल सिम जियो को आइडिया में पोर्ट कराने गया हुआ था दुकान संचालक कुमारी शिखा कौशिक ने फार्मेटी के तौर से प्रार्थी के आधार कार्ड व थम इंप्रेशन लिया इसके बाद प्रार्थी के यूनियन बैंक के खाते से 10 हजार रुपये निकाल लिया गया।

सूने मकान से गहने व नगदी चोरी

रायपुर। विजय नगर गली नंबर पांच खम्हारडीह निवासी गेंदलाल देवांगन 59 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 20 फरवरी को प्रार्थी के सूने मकान में रात्रि 1 बजे के आसपास चोर ने सूने मकान के छत के उपर के कमरे में प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने चांदी के गहने व नगदी 19 हजार रुपये चोरी कर लिया।

बिजली बिल हाफ योजना से नवंबर 2019 में घरेलू उपभोक्ताओं को 43.65 करोड़ का लाभ मिला: सीएम

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में बताया कि सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना से नवंबर 2019 में 35 लाख 96 हजार 391 घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 43.65 करोड़ रूपये का लाभ दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक केशव प्रसाद चंद्रा के लिखित प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बिजली बिल हाफ योजना का मामला उठाया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में बताया कि प्रदेश में बिजली बिल हाफ योजना 01 मार्च 2019 से लागू की गई है। इस योजना में हाफ बिजली बिल का लाभ घरेलू श्रेणी के ऐसे समस्त उपभोक्ता, जिन पर बकाया राशि निरंक है को दिया जा रहा है।

श्री बघेल ने बताया कि प्रदेश में माह नवंबर 2019 में इस योजना के अंतर्गत 35 लाख 96 हजार 391 घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 43.65 करोड़ रूपये का लाभ दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना हेतु निर्धारित मापदण्डों के अंतर्गत प्रदेश में घरेलू श्रेणी के 46 लाख 62 हजार 160 उपभोक्ता विद्युत का उपभोग करते है, परंतु बकाया राशि होने के कारण 10 लाख 65 हजार 769 उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

2014 में बाघों की संख्या 46 थी जो 2018 में घटकर 19 जा पहुंची : वनमंत्री

रायपुर। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने विधानसभा में बाघों को लेकर सत्ता पक्ष के विधायक अरूण वोरा के लिखित प्रश्नों के उत्तर में जानकारी दी है कि वर्ष 2014 में प्रदेश के टाईगर रिजर्व में बाघों की संख्या 46 थी जो वर्ष 2018 में घटकर 19 जा पहुंची। वन मंत्री श्री अकबर ने बताया कि प्रदेश में कुल 03 टायगर रिजर्व है। इन टायगर रिजर्व के लिए वर्ष 2019-20 में 1193.29 लाख बजट स्वीकृत है एवं स्वीकृत बजट के विरूद्ध 954.6320 लाख रूपये की राशि जारी की गई है। मंत्री ने बाघों की गणना के संबंध में बताया कि वर्ष 2006 और वर्ष 2010 में बाघों की संख्या 26 थी, वहीं वर्ष 2014 में बाघों की संख्या बढ़कर 46 जा पहुंची, लेकिन वर्ष 2019 में बाघों की संख्या घटकर 19 जा पहुंची। वन मंत्री ने कहा कि बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली की मदद से पड़ोसी राज्यों से छत्तीसगढ़ में बाघो की संख्या बढ़ाने हेतु रिकवरी कार्य प्रारंभ करने, बाघों की रेडियो कालरिंग करने, अचानकमार टायर रिजर्व के 03 ग्रामों के ग्रामीणों की पूर्व सहमति से नियमानुसार विस्थापन करने एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून जैसे विषय विशेषज्ञ संस्थान की मदद से बाघों के संरक्षण एवं संवर्धन की कार्यवाही की जा रही है।

गांजा तस्कर रेड की कार्रवाई के दौरान जीएसटी अधिकारियों को धक्का देकर हुआ फरार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। टैंकर में भरकर गांजा तस्करी की सूचना पर रेड की कार्रवाई के दौरान गांजा तस्कर अधिकारियों को धक्का देकर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 17 फरवरी को साहू काम्प्लेक्स के पास पचपेढ़ी नाका में सेप्टिक टैंक सफाई टैंकर में गांजा भरकर लाते समय पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा था। इसी दौरान गांजा तस्करी में शामिल एक व्यक्ति जिसका नाम विनोद केदारी जीएसटी अधिकारियों को धक्का देकर फरार हो गया। वहीं टैंकर चालक आरोपी का भाई सुरेश केदारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सुरेश केदारी है से पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि टैंकर में गांजा है एवं जो ब्यक्ति भागा है वो उसका भाई विनोद केदारी है टैंकर की जांच के दौरान किसी ब्यक्ति का कोई भी परिचय पत्र नही मिला न ही वाहन से संबंधित कोई दस्तावेज मिले है। भागे हुए अपराधी का मोबाइल फोन बरामद हुआ जिसमें सेफ्टी किलन टैंक आलापल्ली, जिला गचिरौली, महाराष्ट्र, मोबाइल नंबर 0992336182, 9420996673.। ग्राम सुकमा, लाइनपारा, मोबाइल नंबर 902285482, 8275668076, 9423808882, 7587455988. भागे हुए ब्यक्ति का फोटो पुलिस ने बरामद कर मामला दर्ज कर लिया है।

गौतम मेडिकल स्टोर में छापा, 20 लाख की दवा जब्त

रायपुर। औषधि विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लंबे अरसे से देवपुरी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री खुले आम की जा रही थी। सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर औषधि विभाग द्वारा देवपुरी के गौतम मेडिकल स्टोर में छापामार कार्यवाही कर प्रतिबंधित दवा सेट ए जेड नामक 20 लाख रूपए की कीमत की दवा जब्त की गई। ज्ञातव्य है कि प्रतिबंधित दवाओं को देश भर में बेचने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिबंधित दवाओं को निर्मित करने वाले फार्मूले को भी प्रतिबंधित किया गया है। बावजूद इसके गुड़िया नाम की प्रतिबंधित दवा सेट ए जेड (कोड वर्ड) को जब्त कर मेडिकल स्टोर को सीलबंद किया गया है। औषधि प्रशासन के जिम्मेदारों एवं टीम में शामिल सदस्यों के अनुसार उक्त प्रतिबंधित दवा की 55 लाख से भी ज्यादा गोलियां अब तक प्रदेश में खपाई जा चुकी हैं।

418 उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र स्थापित : मंत्री अकबर

- 30 उद्योगों में समुचित प्रदूषण व्यवस्था स्थापित नहीं है

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने विधानसभा में सत्ता पक्ष के विधायक विकास उपाध्याय के लिखित प्रश्नों के उत्तर में बताया है कि रायपुर जिले के 418 उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र स्थापित है।

पर्यावरण मंत्री श्री अकबर ने बताया कि जिला रायपुर में स्थापित वायु प्रदूषणकारी प्रकृति के उद्योगों में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर (ई.टी.पी.),बेग फिल्टर, स्क्रबर, सायक्लोन, डस्ट, कलेक्टर आदि एवं जल प्रदूषकारी प्रकृति के उद्योगों में जल प्रदूषण नियंत्रण हेतू दूषित जल उपचार संयंत्र (ईटीपी) सेटलिंग टेंक, न्यूट्रालाईजेशन टैंक, रिसाईकलिंग सिस्टम आदि व्यवस्था की गई है। श्री अकबर ने बताया कि रायपुर जिले के 418 प्रदूषणकारी प्रकृति के उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रण यंत्र स्थापित है तथा 30 उद्योगों में समुचित प्रदूषण व्यवस्था स्थापित नहीं है।

पोल्ट्री से कोरोना वायरस फैलने की अफवाह निराधार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा कोरोना वायरस के पोल्ट्री के माध्यम से फैलने संबंधी कुछ सोशल मीडिया पर प्रसारित मनगढ़ंत व बेबुनियाद अफ्वाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। पोल्ट्री (चिकन) के माध्यम से कोरोना वायरस फैलने की विश्वभर में कहीं भी कोई घटना नहीं हुई है। पोल्ट्री (चिकन) के माध्यम से कोरोना वायरस के फैलने का कोई वैज्ञानिक आधार भी नहीं है, जिसकी पुष्टि भारत सरकार द्वारा भी की गई है।

उल्लेखनीय है कि मानव स्वास्थ्य रक्षा हेतु विश्वव्यापी सर्वोच्च संस्था डब्ल्यू.एच.ओ. द्वारा भी चिकन के सेवन को सुरक्षित बताया गया है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पोल्ट्री के कोरोना वायरस से प्रभावित होने संबंधी अफ्वाह पर ध्यान न दें। कोरोना वायरस केवल एक व्यक्ति के दूसरे व्यक्ति से संपर्क में आने से ही फैलता है। पोल्ट्री (चिकन) के माध्यम से फैलने की अफ्वाह पूर्णतः निराधार है, जिसकी पुष्टि भारत सरकार व डब्ल्यू.एच.ओ. ने भी की है। पोल्ट्री उत्पाद (चिकन एवं अण्डे), मटन उच्च प्रोटीन व अन्य पोषक तत्वों से भरपूर है एवं समाज में कुपोषण दूर करने में अहम भूमिका निभाते हैं। अतः उपभोक्ता इन्हें स्वच्छता का ध्यान रखते हुए बिना किसी भय के सेवन कर सकते हैं।

कोपरपाटा के जरिये किसान लागत से दुगुनी कमाई कर सकते हैं : पीसी अग्रवाल

रायपुर (नवप्रदेश)। राष्ट्रीय कृषि मेला में सन 1967 से कृषि के जरिए अधिकतम लाभ किसानों को उपलब्ध कराने के लिए कृषि वैज्ञानिक डॉ. पीसी अग्रवाल द्वारा भी कोपरपाटा का स्टाल लगाया गया है। चर्चा के दौरान डॉ. अग्रवाल ने बताया कि उक्त विधि से किसान कम समय में लागत से दोगुनी अधिक कमाई कर सकता है। डॉ. अग्रवाल के अनुसार आज भी प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत हल बैल, नागर चलाकर ही किसान खेत जोतता है जबकि कोपरपाटा विधि के जरिए कम समय में खेत जोतकर किसान अधिक लाभ कमा सकता है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि कोपरपाटा के जरिये प्रदेश के दस हजार से अधिक किसान लाभान्वित हो चुके हैं। भ्रमण के दौरान आरएनएस प्रतिनिधि ने पाया कि वहां पर स्थित रजिस्टर में अनेक किसान अपने ग्रामों में कोपरपाटा के जरिये खेती करने के लिए अपना नाम एवं मोबाइल नंबर अंकित कर रहा था। डॉ. अग्रवाल का सपना है कि किसानों को कृषि उत्पाद में लागत से चार गुना अधिक लाभ हो।

विदाई पार्टी...

रायपुर (नवप्रदेश)। प्रगति महाविद्यालय में कम्पयूटर साइंस एवं पत्रकारिता विभाग में जुनियर्स के द्वारा सीनियर्स को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर डांस, रैम्प प्रतियोगिता का आयोजन कर यादगार विदाई पार्टी दी गई।

राष्ट्रीय कृषि मेला | महिलाओं को पहली बार बहुदेशीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता मैत्री का दिया जाएगा प्रशिक्षण

नस्ल सुधार कार्यक्रम से जुड़ेंगी ग्रामीण महिलाएं

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। ग्रामीण महिलाएं जल्द ही उन्नत पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम से जुडेंगी। कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती मनिन्दर कौर द्विवेदी की प्रेरणा से कांकेर, राजनांदगांव, गरियाबंद जिले की महिला समूहों ने उन्नत पशु नस्ल सुधार प्रशिक्षण में शामिल होने की सहमति व्यक्त की। प्रदेश में नस्ल सुधार कार्यक्रम के तहत राज्य की महिलाओं को पहली बार बहुदेशीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता (मैत्री) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि महिलायें राजधानी रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय कृषि मेला में बकरी पालन और मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लेने आई थीं।

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमति मनिंदर कौर द्विवेदी से हुई चर्चा के दौरान इन महिलाओं ने पशुपालन और उन्नत नस्ल सुधार कार्यक्रम में दिलचस्पी दिखाई। महिलाओं की रूचि को देखते हुए कृषि उत्पादक आयुक्त ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को आगामी अप्रैल माह में इन महिलाओं को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। चर्चा में महिलाओं ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि मेले में आने से कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में नई तकनीकों की जानकारी मिली। यहां उन्हें बकरी पालन और मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा दिया गया है।

कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. मनिन्दर कौर द्विवेदी ने समूह की महिलाओं को पशु पालन विभाग द्वारा संचालित मैत्री प्रशिक्षण से जुडकर उन्नत पशु नस्ल सुधार के टिकाकरण कार्यक्रम, पशुओं का प्राथमिक उपचार, पशुधन बीमा सहित विभाग के योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने को उत्साहित किया।

पशुधन विकास विभाग के सी.ई.वो. शंकर लाल उइके ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सको की उपलब्धता कम है। इस कमी को पूरा करने बहुदेशीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता (मैत्री) के माध्यम से पुरा करने के लिए स्वेच्छा के कार्य करने वाली महिलाओं को तीन माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह एक माह का लैब प्रशिक्षण एवं दो माह का फिल्ड प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को ग्राम में पशु नस्ल सुधार के उपकरण निःशुल्क दिए जाएंगे। प्रशिक्षित महिलाओं को प्रोत्साहन राशि विभाग द्वारा दी जाएगी। प्रशिक्षित महिलाओं को बहुउदेशीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता (मैत्री) के रूप में काम करना होगा। कृत्रिम गर्भाधान में उन्नत नस्ल के साहीवाल, गीर, थारपारकर, रेडसिन्दी, जर्सी, एच.एफ उन्नत नस्ल के सीमन्स (बीज) से गांव की गाय गर्भाधान कराया जाता है।

कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न बछिया में अपने मां की तुलना में दूध देने की क्षमता बढ़ जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में दुध की उपलब्धता बढ़ने से एक ओर जहां किसानों की आय बढ़ेगी वहीं बच्चों के कुपोषण दूर करने के लिए ही मदद मिलेगी।

सौर सुजला योजना से लहलहाएंगे किसानों के खेत-खलिहान

- सोलर मेटरनिटी दूरस्थ ग्रामों की प्रसूताओं के लिए उपयोगी
- सौर ऊर्जा से संचालित कोल्ड स्टोरेज में 20 टन सब्जी संग्रहित करने की क्षमता

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अधिकरण (क्रेडा) द्वारा राष्ट्रीय कृषि मेले में प्रदर्शन के लिए आई सौर सुजला योजना के जरिये प्रदेश के किसानों को एवं दूरस्थ ग्रामों की महिलाओं (प्रसूताओं) को लाभांवित करने के लिए अनेक मॉडल लगाये गये हैं जिसके जरिये प्रदेश की बड़ी आबादी को उक्त सामाग्रियों के लगाने से व्यापक लाभ मिलेगा। उक्त योजनाओं के संबंध में आरएनएस प्रतिनिधि द्वारा भ्रमण के दौरान उपसंचालक दिनेश कुमार अवस्थी (क्रेडा) से चर्चा के दौरान ज्ञात हुआ कि सौर पंपों से दो एचपी पंप के माध्यम से सोलर पेनल के जरिये सूर्य से मिलने वाली ऊर्जा से संचालित पंप लगाने से किसानों को प्रदेश में 12 महीनों सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए उक्त सामाग्री 5 हजार ओबीसी के लिए 9 हजार एवं सामान्य वर्ग के लिए 16 हजार रुपये में उपलब्ध करायी जा रही है। सौर पंप के डिमास्ट्रेटर एस रेड्डी ने बताया कि उक्त पंप मेला में सब्सिडी मूल्य में किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है बाजार में उक्त सौर पंप की कीमत 3 लाख रुपये है।

सौर ऊर्जा से संचालित कोल्ड स्टोरेज किसानों की सब्जियों अन्य उत्पादों को सुरक्षित रखने के लिए ग्राम पंचायतों के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा शीघ्र ही ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराने की योजना है। उपसंचालक के अनुसार सौर ऊर्जा से संचालित कोल्ड स्टोरेज में एक बार में 20टन सब्जी फल एवं अन्य सामाग्री सुरक्षित रखने की क्षमता है।

संपादकीय

नई दिल्ली में हिंसा का तांडव

नए नागरिकता कानून के खिलाफ देश की राजधानी नई दिल्ली सुलग उठी है। पिछले 70 दिनों से शाहीन बाग में प्रदर्शनकारी सड़क जाम किए हुए है और अब नई दिल्ली के अन्य इलाकों को भी शाहीन बाग बनाने की तैयारी की जा रही है। जाहिर है ऐसी स्थिति में नए नागरिकता कानून के विरोधियों और समर्थकों के बीच टकराव की स्थिति निर्मित होनी ही है। आखिरकार वही हुआ नई दिल्ली के जाफरा बाग और मौजपुर तथा भजनपुरा इलाके में सीएए के विरोधियों ने जब सड़क जाम करने की कोशिश तो इसके खिलाफ दिल्ली के लोग सड़कों पर उतर आए और देखते ही देखते सीएए समर्थकों और विरोधियों के बीच हिंसक झड़प होने लगी। एक दुसरे पर पथराव किया गया, लोगों के घरों दुकानों और वाहनों को आग के हवाले किया गया, लूटपाट की भी घटनाएं हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर बितर करने के लिए आसूं गैस के गोले छोड़े आर लाठी चार्ज भी किया इस झड़प के दौरान एक पुलिसकर्मी सहित 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं डीसीपी अमित शर्मा सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और आम नागरिक घायल हो गए। नतीजतन उत्तर पूर्वी दिल्ली के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में धारा 144 लागू की गई है, इसके बावजूद नई दिल्ली में हिंसा का तांडव रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इस हिंसा को गंभीरता से लेते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पुलिस के आला अफसरों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की है और स्थिति की समीक्षा की है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दिल्ली प्रवास के दौरान दिल्ली में इस तरह की हिंसा भड़कना किसी सुनियोजित साजिश की तरफ मजबूत इशारा करता है। अराजक तत्वों की मंशा यह होगी की इस तरह की हिंसा फैलाकर वे दुनिया में देश की छवि खराब कर सकते है। बहरहाल दिल्ली में हुई हिंसा के पिछे इसका हाथ है यह जांच का विषय है। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका रवाना होने के बाद ही शायद दिल्ली पुलिस एक्शन में आएगी और दंगाईयों को करारा सबक सिखाएगी।

विचार

सनी हिन्दुस्तानी: छुपी हुई प्रतिभा

देश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। कई बार ऐसी प्रतिभाओं ने चौंकाया है। इंडियन आइडल के विजेता सनी हिन्दुस्तानी कुछ ऐसी ही पृष्ठभूमि के हैं। बेहद गरीब और मेहनतकश परिवार से आने वाले सनी ने सबको चौंकाया है। देश के सबसे चर्चित सिंगिंग-बेस्ड टीवी रियल?टी शो के हालिया सीजन के विजेता सनी हिंदुस्तानी पंजाब के बेहद गरीब, मेहनतकश परिवार से आते हैं। बठिंडा के सनी इंडियन आइडल में भाग लेने से पहले तक बूट पॉलिश किया करते थे। उनके दिवंगत पिता भी यही काम करते थे, जबकि मां घूम-घूम कर गुब?बारे बेचती रही हैं। कई बार उनके सामने दूसरे घरों से मांगकर खाना पकाने की नौबत आ जाती थी। और अपनी कमजोर पृष्ठभूमि के बावजूद यह करिश्मा कर दिखाने वाले सनी हिंदुस्तानी कोई पहले इंसान नहीं हैं। इसी शो का पिछला सीजन जीतने वाले मेवात के सलमान अली के घर का हाल भी कमोबेश ऐसा ही था। जब भी सलमान का कार्यक्रम आता, उसे देखने के लिए उनके परिवार के लोग पड़ोसियों के घर चले जाते थे, क्योंकि उनके पास टीवी नहीं था। इतने कमजोर तबकों के नौजवानों का गीत-संगीत की दुनिया में इस तरह छा जाने को एक नई परिघटना के रूप में देखा जा रहा है। सिलेब्रिटीज के दायरे में कमजोर लोगों के लिए स्पेस बनना इसका एक पहलू है। ज्यादा बड़ी बात यह कि साधारण से साधारण व्यक्ति में भी भागीदारी का भाव पैदा हुआ है। सिस्टम में उसे अपने लिए थोड़ी गुंजाइश दिखने लगी है। किसी भी क्षेत्र को अब वह यह सोचकर नहीं छोड़ देता कि उसमें औरों से मुकाबला करना उसके बूते से बाहर है। टीवी की चकाचौंध में किसी एक का चोटी पर पहुंचना हजारों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। मेडिकल, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में गरीब कम पहुंच रहे हैं। शायद इसलिए कि वहां तक पहुंचने का रास्ता महंगे स्कूलों और कोचिंग से होकर गुजरता है और सुपर थर्टी के आनंद कुमार हर जगह तो हैं नहीं। लेकिन जिन क्षेत्रों में कुदरती प्रतिभा की आवश्यकता पड़ती है, वहां कमजोर से कमजोर वर्ग के लोग आगे आ रहे हैं। संगीत और खेल इनमें प्रमुख हैं। इन पर भी हाल तक समाज के संपन्न वर्ग का ही कब्जा रहा है लेकिन जब अवसरों की बहुतायत हुई और खासकर खेल में विश्व स्तर पर मुकाबला करने की ललक देश में पैदा हुई तो प्रतिभाओं को महत्व मिलना शुरू हो गया। अभी जोर नतीजे पर है, बैकग्राउंड पर नहीं। यही वजह है कि कुछेक खेलों में कमजोर दायरे के लोगों के आने का सिलसिला तेज हो गया है।

अंडर-19 क्रिकेटरों में गोलगप्पे बेचकर कोचिंग लेने वाले यशस्वी जायसवाल की चर्चा महान क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर के बेटे अर्जुन तेंडुलकर से ज्यादा हो रही है। महिला क्रिकेटर पूनम राउत एक ड्राइवर की बेटी हैं। एशियाई खेलों में हेप्टाथलन का स्वर्ण जीतने वाली स्वप्ना बर्मन के पिता पंचानन रिक्शा चलाते थे और मां चाय बागान में मजदूरी करती थीं। यूथ ओलिंपिक में जूडो का सिल्वर जीतने वाली थांगजाम तबाबी देवी के पिता दिहाड़ी मजदूर हैं और मां मछली बेचती हैं। जरूरत हर क्षेत्र में, हर स्तर पर चयन प्रक्रिया को समतापूर्ण बनाने की है। न जाने कितनी प्रतिभाएं समय से पहचान लिए जाने की बाट जोह रही हैं।

दिल्ली का दंगा एक सुनियोजित साजिश

उपेन्द्र प्रसाद

> रविवार को ही पुलिस को पता चल गया था कि दिल्ली में हिंसा कभी शुरू हो सकती है, क्योंकि सबकुछ उनके सामने था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सीएए विरोधी तो सड़क पर थे ही। समर्थकों के आ जाने के बाद स्थिति विकराल होना ही था। धमकी मिलने के बाद पुलिस को कपिल मिश्र को गिरफ्तार करना चाहिए था, लेकिन वैसा नहीं किया गया। एक सच यह भी है कि सीएए के समर्थकों का नेतृत्व बीजेपी के लोगों के हाथों में ही था। भाजपा का केन्द्रीय या प्रदेश नेतृत्व अपने कार्यकर्त्ताओं को समझा सकता था कि ट्रंप की यात्रा के दौरान दोतरफा प्रदर्शन से हालत बिगड़ने पर देश की ही बदनामी होगी। इसलिए कम से कम बीजेपी को तो कपिल मिश्रा जैसे अपने नेताओं पर लगात लगानी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने भी वैसा करना जरूरी नहीं समझा।

वह कौन है जो देश को बदनाम करना चाह रहा है

उधर गुजरात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्वागत में लगे हुए थे और ट्रंप भारत की बढ़ाई करते हुए कह रहे थे कि यह बहुत ही सुरक्षित देश है और यहां के लोग बहुत ही शानदार होते हैं, ठीक उसी समय दिल्ली में अंगा भड़क रहा था। आगजनी हो रही थी। पत्थरबाजी ही नहीं गोलीबारी तक हो रही थी। और वह सब पुलिस के सामने ही हो रहा था। पुलिस आधे बधूरे मन से अपना फर्ज निभा रही थी। शायद वह अपना फर्ज निभा भी नहीं रही थी, बल्कि निभाने का नाटक कर रही थी। ऐसे विडियो देखे गए हैं, जिनमें पुलिस के पास के ही लोग पत्थरबाजी कर रहे थे और पुलिस खड़ी तमाशा देख रही थी। ट्रंप की भारत यात्रा बहुत पहले ही तय हो गई थी। सीएए के खिलाफदेश भर में विरोध प्रदर्शन भी पहले से ही हो रहा था। जाहिर है, यह अनुमान लगाया जा सकता था कि उस यात्रा के दौरान देश में कहीं न कहीं गड़बड़ी हो सकती है और यात्रा को विफल करने की कोशिश की जा सकती है। मीडिया रिपोट्स की मानें, तो यह खुफिया जानकारी भी पुलिस को थी कि दिल्ली में कुछ गड़बड़ी हो सकती है। दिल्ली का शाहीन बाग सीएए विरोधी आंदोलन का प्रतीक बना हुआ है, हालांकि यहां का आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा है। एक दो बार वहां आंदोलन विरोधियों ने ही हिंसा फैलाने की कोशिश की, लेकिन आंदोलनकारियों के संयम के कारण हिंसा फैलाने के वे प्रयास विफल हो गए थे।

लेकिन फिर भी पुलिस के पास यह खुफिया जानकारी थी कि कुछ गड़बड़ हो सकती है। सवाल उठता है कि पुलिस ने उसे रोकने के लिए कुछ क्यों नहीं किया? सवाल पुलिस की विफलता का ही नहीं है, बल्कि राजनैतिक नेतृत्व भी विफल रहा है। शाहीन बाग जैसे आंदोलन भारत में कोई पहली बार नहीं हो रहे हैं। अनेक बार इस तरह के आंदोलन हुए हैं। भारत ने एक से एक बड़ा किसान आंदोलन देखा है, जब पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के किसान दिल्ली में परिवार सहित और चूल्हे बर्तन के साथ आ धमकते थे। उनकी संख्या कभी कभी लाखों में भी होती थी। राजनैतिक नेतृत्व मामले को संभालता था और समझाबुझाकर, कभी उनकी बातें मानकर और कभी आश्वासन

देकर उनके आंदोलन खत्म करवाता था, लेकिन सीएए के खिलाफहो रहे आंदोलन पर सरकार के राजनैतिक नेतृत्व का नजरिया बहुत ही गैर जिम्मेदाराना रहा है। उन्होंने कभी भी आंदोलनकारियों के साथ बात करने की जरूरत ही नहीं समझी। जब ट्रंप को भारत आना था, तब तो सरकार के राजनैतिक नेतृत्व को कम से कम ज्यादा जिम्मेदारी से काम लेना चाहिए था। गृहमंत्री अमित शाह का रवैया सबसे ज्यादा आपत्तिजनक रहा। एक बार वे एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम में बोल गए कि सीएए के मसले पर वे किसी से भी बात करने को तैयार हैं और वे मेरे कार्यालय से समय लेकर मेरे पास आ सकते हैं। शाहीन बाग के आंदोलनकारी गृहमंत्रालय से मिलने चल दिए। वह आंदोलन समाप्त कराने का अच्छा मौका था। अमित शाह को उनसे बात कर आंदोलन समाप्त करवा देना चाहिए था या उनसे बात करते वक्त पुलिस शाहीन बाग के धरनास्थल को अपने कब्जे में ले सकती थी, क्योंकि धरनास्थल से उठकर सारे लोग अमित शाह के घर की ओर जा रहे थे, लेकिन अमित शाह और दिल्ली पुलिस ने ऐसा नहीं किया और घरना जारी रहा।

फिर रविवार को चन्द्रशेखर रावण ने भारत बंद का आवाहन किया और उसके कारण सीएए विरोधी सड़कों पर निकले और कहीं कहीं सड़कों को जाम भी कर दिया। जाम को हटाने के लिए राजनैतिक स्तर पर कोई पहल नहीं हुई, उल्टे भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा में पराजित उम्मीदवार कपिल मिश्र ने सीएस समर्थक मोर्चा निकालना शुरू कर दिया और रविवार को ही पुलिस को धमकी दे डाली कि सीएए विरोधियों के खिलाफकार्रवाई करो, नही तो हम फिर हमें दोष मत देना। जाहिर है, वह सीएए समर्थकों की ओर से दिल्ली पुलिस को दी गई धमकी थी। पुलिस को यह भी पता चल ही बया था कि अब विरोधियों के खिलाफसमर्थक सक्रिय होने वाले हैं और वैसा होने पर दंगे की संभावना ही बनेगी, क्योंकि समर्थक विरोधियों पर हमला कर सकते हैं। हमले की ही यह धमकी कपिल मिश्र देकर गए थे और उन्होंने यह प्रेस कान्फ्रेस करके नहीं दी थी, बल्कि दिल्ली पुलिस के एक उच्च अधिकारी को संबोधित करते हुए दी थी, जो उस समय वहीं उपस्थित थे। जाहिर है, रविवार को ही पुलिस को पता चल गया था कि दिल्ली में हिंसा कभी शुरू हो सकती है, क्योंकि सबकुछ उनके सामने था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सीएए विरोधी तो सड़क पर थे ही। समर्थकों के आ जाने के बाद स्थिति विकराल होना ही था। धमकी मिलने के बाद पुलिस को कपिल मिश्र को गिरफ्तार करना चाहिए था, लेकिन वैसा नहीं किया गया। एक सच यह भी है कि सीएए के समर्थकों का नेतृत्व बीजेपी के लोगों के हाथों में ही था। भाजपा का केन्द्रीय या प्रदेश नेतृत्व अपने कार्यकर्त्ताओं को समझा सकता था कि ट्रंप की यात्रा के दौरान दोतरफा प्रदर्शन से हालत बिगड़ने पर देश की ही बदनामी होगी। इसलिए कम से कम बीजेपी को तो कपिल मिश्रा जैसे अपने नेताओं पर लगात लगानी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने भी वैसा करना जरूरी नहीं समझा।

और जो नहीं होना चाहिए था, वह हो गया। ट्रंप के दिल्ली में रहते हुए ही दिल्ली जलने लगी। यह भारतीय राजनय को एक गहरा सदमा से कम नहीं। नरेन्द्र मोदी की छवि को भी बट्टा लगा है। भारत की प्रशंसा के जो पुल अहमदाबाद में ट्रंप ने बांधे उन्हें भी दिल्ली की घटना ने खोखला साबित कर दिया। अब केन्द्र सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा कह रही है कि दिल्ली में जो कुछ हुआ वह पूर्व नियोजित था, लेकिन घटनाएं जिस तरह से घटी और पुलिस ने जो बेरुखी दिखाई, उससे तो यही लगता है कि कहीं न कहीं सत्तारूढ़ पक्ष ही इसके लिए जिम्मेदार है। लेकिन सत्तापक्ष क्यों भारत की किरकिरी करवाना चाहेगा और नरेन्द्र मोदी की अंतरराष्ट्रीय छवि को क्यों खराब करना चाहेगा? *(संवाद)*

उग्र होता नागरिकता कानून का विरोध

डॉ. श्रीनाथ सहाय

> राजधानी दिल्ली में बीते सोमवार को जो कुछ हुआ जाहिर है कि उससे टकराव पैदा होगा और आम जनता बंधक बनकर रह जाएगी। दरअसल धरनों पर बैठी भीड़ सिर्फकानून का ही विरोध नहीं कर रही, बल्कि उसका मकसद कुछ और ही है। यह सरकार का दायित्व है कि संवाद करके उस मकसद को जानने की कोशिश करे। यदि देशविरोधी मंसूबे ही सामने आते हैं, तो निर्णायक कार्रवाई करे। यह राजनीतिक फायदा लेने का वक्त नहीं है। देश को सीधी चुनौती दी जा रही है। आज पथराव किया गया है, तो कल गोलियां भी चल सकती हैं। यदि सर्वोच्च अदालत का फैसला भी शाहीन बागों को मंजूर नहीं हुआ और प्रशासन पर दारोमदार छोड़ दिया गया, तो फिर सरकार क्या कार्रवाई करेगी?

नागरिकता कानून को लेकर राजधानी दिल्ली में चल रहा विरोध अब हिंसक रूप धारण कर चुका है। जिस दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत पहुंचे उस दिन दिल्ली के कई इलाकों को प्रदर्शनकारियों ने आग के हवाले कर डाला। इस सारे विरोध प्रदर्शन में कई पुलिसकर्मी बुरी तरह से घायल हुए। कुल मिलाकर सात लोगों की मौत इस बवाल में हुई। मृतकों में एक पुलिस कर्मी भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 50 से अधिक लोग बुरी तरह जख्मी बताये जा रहे हैं। दिल्ली के कुछ इलाकों में धारा 144 लागू की गई है। जिस तरह प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर बरसाये, गोली चलाई वो सोचने को मजबूर करता है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार हमें हमारा संविधान प्रदान करता है। लेकिन अपनी बात मनवाने के लिए उग्र प्रदर्शन, आगजनी, गोली चलाने को किसी भी स्थिति में जायज नहीं ठहराया जा सकता। नागरिकता कानून के विरोध में दिल्ली के शाहीन बाग में पिछले दो महीने से ज्यादा समय से प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारी मुख्य मार्ग को घेरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शकारियों के इस रवैये से उस मार्ग से गुजरने वाले लाखों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा तो सर्वोच्च न्यायालय ने इसे सुलझाने के लिए वार्ताकार नियुक्त किये। लेकिन वार्ता भी असफल साबित हुई। वार्ताकार शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त भी नहीं कर सके। अब वार्ताकारों की रपट शीर्ष अदालत के सामने होगी। एक और वार्ताकार वजाहत हबीबुल्लाह ने भी अदालत में हलफनामा देकर पुलिस पर ही दोष मढ़ा है कि उसने ही रास्ते जाम कर रखे हैं। बहरहाल सर्वोच्च अदालत में सुनवाई है और उसके फैसले का विश्लेषण बाद में करेंगे, लेकिन इस बीच शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण, देशविरोधी और असंवैधानिक घटनाएं सामने आई हैं। शाहीन बाग की देखादेखी राजधानी दिल्ली में ही कुछ और धरने स्थापित हो गए हैं। मेट्रो स्टेशन के नीचे ही औरतों ने प्रदर्शन शुरू किए हैं। कइयों की गोद में मासूम शिशु हैं। शायद उन्हें एहसास तक नहीं है कि जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत अवैध धरनों में बच्चों को ले जाना भी एक अपराध है। बहरहाल धरने-प्रदर्शन ही होते तो

गनीमत थी, क्योंकि उन्हें संवैधानिक अधिकार के दायरे में माना जाता रहा है, लेकिन दिल्ली और अलीगढ़ के मुस्लिम बहुल इलाकों में पथराव किए गए, वाहनों को आग लगा दी गई। ऐसी हिंसा में करीब 60 लोग घायल हुए हैं। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और कुछ लाठीचार्ज करना पड़ा। शर्मनाक यह है कि फिर भी उपद्रवी अपनी तुलना महात्मा गांधी से कर रहे हैं। दिल्ली और यूपी के अलीगढ़ में जो कुछ भी हुआ उससे ऐसा लगता है, देश भीड़ के हवाले कर दिया गया है। भीड़ ही संविधान की व्याख्या करेगी और सुप्रीम कोर्ट के उसी फैसले को स्वीकार करेगी, जो उस भीड़ के मनमुताबिक होगा। यह भीड़ अराजक ही नहीं, हिंसक भी हो रही है। भीड़ विवेकहीन और दिमागहीन होती है। जब नए शाहीन बाग के वीडियो सर्वोच्च अदालत के सामने होंगे, तब उसे भी व्याख्या करनी होगी कि ऐसी पत्थरबाज भीड़ के धरने-प्रदर्शन करने के भी संवैधानिक अधिकार होते हैं? आखिर और कितने शाहीन बाग सजाने की इजाजत यह देश देगा? देश की छवि पर नफरत के पथराव की चिंता किसी को है या नहीं? आखिर इन सुनियोजित हमलों के पीछे कौन सी संगठित ताकतें काम कर रही हैं? यह नागरिक कानून और संभावित एनआरसी का ही विरोध नहीं है, बल्कि देश के खिलाफ परोक्ष सियासी जेहाद है।

यहां ये बताना लाजिमी है कि अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप इस समय भारत के दौरे पर हैं। जिस आगरा में टंअ्रप दंपति ताजमहल देखने गए थे, वहां से करीब 80-90 किलोमीटर की दूरी पर अलीगढ़ है। बेशक अराजकता और हिंसा के दृश्य राष्ट्रपति ट्रंप की आंखों से नहीं गुजरेंगे, लेकिन वह दुनिया के सबसे महाबली राष्ट्राध्यक्ष हैं। क्या उन्हें ब्रीफ नहीं मिलेगा कि सीएए, एनपीआर, एनआरसी के विरोध को लेकर भारत में कितने शाहीन बाग सक्रिय हो चुके हैं? टंअ्रप के वाशिंगटन से रवाना होने के पहले 'व्हाइट हाउस' ने इन मुद्दों पर बयान दिया था और अपना चिंतित सरोकार जताया था। हमने उस बयान की आलोचना करते हुए लक्ष्मण-रेखा लांघना माना था, लेकिन इन उपद्रवों के बाद भारत क्या सफाई देगा? अब कानून के विरोधियों के सामने कानून के समर्थक भी सड़क पर आने लगे हैं। देश में धरना प्रदर्शन, अनशन, जुलूस जैसे तरीके आम हैं। सड़क दुर्घटना में किसी की मृत्यु होने पर क्षेत्रीय जन सड़क घेरकर मुआवजा मांगने बैठ जाते है। पुलिस और प्रशासन अधिकतर अवसरों पर समझाइश देकर भीड़ को अलग करवा देते हैं। लेकिन शाहीन बाग के धरने को कुछ समाचार माध्यमों और राजनीतिक दलों ने इस तरह से पेश किया जैसे वह कोई राष्ट्रीय आन्दोलन हो।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अंतर्मन की पीर

अंतर्मन की पीर न जानी कान्हा तू बेदर्दी है, विरह अगन में छोड़ गया तू कैसी ये खुदगर्जी है, उद्धव तुम संदेशा देना हाल बताना मोहन को, नखशिख रोमरोम तड़पत है आगे उसकी मर्जी है ! – **कुलदीप मिश्रा**

जाने कैसे तुम्हे ख्याल रहा

जाने कैसे तुम्हे ख्याल रहा ! मेरा दीवाना कैसे हाल रहा !! जख़्म दे के जो गया था देखो ! उन्ही जख़्मो की मै मिसाल रहा !! अब तलक रास्तों से भटका हूँ ! कैसे मंजिल मिले सवाल रहा !! देख के आज फिर महसूस करा ! इश्क़ पहले सा ही फिलहाल रहा !! चहा कर भी भूला नहीं पाया ! मेरी चाहत का ये कमाल रहा !! क्यों गिरा आँख से मेरे आँसू ! मून उसको भी ये मलाल रहा !!

– **मनोज कुमार मून**

ख़ास पाती

चांद का आसमान में यूं

चाँद का आसमान में यूँ चले आना हौलें से मेरे दिल में तेरा दस्तक देना सूरज की किरणों का यूँ मुझ पर चमकना खुलें से मेरे माथे की बिंदी को तेरा चूम लेना कोयल का मेरी छत पर यूँ आकर कूकना हौलें से तेरे क़दमों की चहलक़दमी का उभरना धान की बालियों संग पवन का यूँ झूल जाना हॉल से मेरे कानो में तेरा नाम यूँ आकर गुनगुनाना संध्या में मंदिर के घंटी का यूँ बज जाना हौलें से मेरे हृदय मे तेरा ईश्वर बन जाना ।। – **सरिता शैल**

अचानक यदि माहोल ऐसा हो जाय

अचानक यदि माहोल ऐसा हो जाय कि सार्वजानिक हित की सही बात बोलने में संशय या भय लगे तो नाना पाटेकर का डायलाग स्मरण करना ÷ एक मच्छर आदमी को हिजड़ा बना देता है..÷ इसके जवाब में यदि कोड़ा खाते हुए अमित जी के बोल याद आएं कि ÷ मर्द को दर्द नही होता÷ तो निर्भीक होकर सच बोलना.. नही तो नाना का डायलाग फिर सुनना।

– **निश्चय वाजपेई**

उदास शामें अक्सर रात को बिना

उदास शामें अक्सर रात को बिना कुछ कहे गुजर जाने का इशारा करती है। उस रात चांद भी अपनी धुरी पर घूमते हुए सितारों को अनदेखा कर देता है। नहीं मिलता अपनी चांदनी से, नहीं करता अपनी परछाई से कोई वार्तालाप, डुब जाता है अपनी उदासी लिए इस उम्मीद के साथ उगते सूरज की उदासी के बादलों को हटा कर एक खिलखिलाती मुस्कान के साथ सुबह का आगाज करे

– **शोभा गोयल**

जीवन में यही देखना महत्वपूर्ण

जीवन में यही देखना महत्वपूर्ण नहीं कि कौन हमसे आगे है या कौन पीछे, यह भी देखना चाहिए कि कौन हमारे साथ है और हम किसके साथ....!!! जुड़ना बड़ी बात नही, जुड़े रहना बड़ी बात है...,, कुछ भी नया करने में संकोच मत करो। ये मत सोचो की हार होगी ..... हार तो कभी नही होती.... या तो जीत मीलती है... या तो सीख मीलती है। – **सुनील शुक्ला**

साबित फिर तुमने किया



साबित फिर तुमने किया, नहीं रहे हम मीत वरना मेरी जीत को, कहते अपनी जीत कहते अपनी जीत, खुशी से मिलते आ कर लेकिन तुमने शूल, रखे प्रश्नों के भीतर ऐसी क्या थी टीस, किया रिश्ता अपमानित रख कर मन में डाह, दुश्मनी कर दी साबित।

– **ममता लड़ीवाल**

अनगिनत सूर्य रश्मियों ने

अनगिनत सूर्य रश्मियों ने, धरा तम दूर भगाया है सुवासित कलियां बागों में,पुष्प बनके मुस्काया है है छायी ओर चहुं देखो, हरित की मखमली काया कई आशाओं ने बढ़ करके,देखो फिर सर उठाया है।

- **लक्ष्मी थपलियाल**

तुम्हारे बगैर मैंने जीना सीख लिया

तुम्हारे बगैर मैंने जीना सीख लिया हैं, मगर मुस्कुराना भूल गई हूँ, दिल के काग़ज़ पे नाम तुम्हारा लिख लिया हैं, मगर मिटाना भूल गई हूँ ।

– **पूजा ' बहार '**

QUIZ TIME

1) गुरू गोंविद सिंह जी के किस शिष्य ने लक्ष्मणदास नाम से जन्म लिया था?

2) परिसीमन के दौरान चुनाव कराने वाला भारत का पहला राज्य कौन सा था?
(क) केरल (ख) कर्नाटक (ग) तमिलनाडु

3) लघु और सीमांत किसानों को किस योजना के माध्यम से सिंचाई की सुविधा मिलेगी?

4) ब्रिटिश के दस पाउंड के नोट पर किस वैज्ञानिक का चित्र दर्शित है?

5) सेंट्रल लंदन के वेस्टमिंस्टर शहर में ट्राफलगर स्कायर में स्थित स्मारक का नाम बताए?

Ramaquiz

[illegible]

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1832- पोलैंड के संविधान को हटाया गया। 1857- पश्चिम बंगाल के बहरामपुर में अंग्रेजों के खिलाफपहला सैन्य विद्रोह। 1858- असम के शाही परिवार को फिर से गद्दी दिलाने के प्रयासों के कारण पियाली बरूआ और दीवान मणिराम दत्ता को फांसी दी गई। 1863- अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी मुद्रा अधिनियम पर हस्ताक्षर किये। 1936- जापान में सेना ने तख्तापलट किया। 1966- स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर का निधन। 1972- वर्धा के निकट अरवी में स्थित विक्रम अर्थ सेटेलाइट स्टेशन को तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरि ने देश को समर्पित किया। 1975- गुजरात के अहमदाबाद में देश का पहला पतंग संग्रहालय 'शंकर केन्द्र' स्थापित किया गया।

6 सौ यात्री बसें और इन में रोज यात्रा करने वाले 15 हजार यात्रियों का हाल बेहाल

■ **रोज चारों ओर से शहर आने वाले और शहर से बाहर जाने वाले हजारों यात्रियों को हो रहे परेशानी**

बिलासपुर। तिफरा में निर्माणाधीन नए ओवरब्रिज का काम तेजी से पूरा करने के लिए यातायात विभाग ने यात्री बसों का मनमाने तरीके से मार्ग परिवर्तन किया है जिस वजह से यात्रियों की समस्या गंभीर बनी हुई है।

नए ओवर ब्रिज के निर्माण के चलते यात्री बसों के हाईटेक बस स्टैंड जाने पर बंदिश लगा दी गई है। उसकी जगह कोरबा कटघोरा अंबिकापुर और रतनपुर से होकर आने वाली बसों के लिए महामाया चौक पर अस्थाई बस स्टैंड बना दिया गया है। इस रूट से आने वाली गाड़ियों को महामाया चौक पर ही रोक दिया जा रहा है इसी प्रकार मस्तूरी शिवरीनारायण तरफ से आने जाने वाली बसों के लिए गुरुनानक चौक और मुंगेली तखतपुर से आने जाने वाली यात्री बसों के लिए नर्मदा नगर चौक पर अस्थाई बस स्टैंड बनाया गया है। इन तीनों दिशाओं में जाने वाले यात्रियों को अपनी बस पकड़ने के लिए महामाया चौक सरकंडा,नर्मदा नगर चौक, गुरुनानक चौक और वसंत विहार सरकंडा तक जाना पड़ रहा है इससे यात्रियों को बस पकडने लम्बी पद यात्रा करनी पड़ रही है या किसी अन्य परिवन से जाना पड़ रहा है । उन्हें इन स्थानों तक आने-जाने के लिए अतिरिक्त पैसे भी खर्च करने पड़ रहे हैं। वहीं यातायात विभाग द्वारा बनाए गए अस्थाई बस स्टैंडों में यात्रियों के रुकने, ठहरने,बैठने और प्रसाधन की कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे महिलाओं यात्रियों की काफी समस्या बड़ गई है इन अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है। बिलासपुर से प्रतिदिन 600 बसों का आना-जाना हुआ करता है।जिसमें अंबिकापुर कोरबा कटघोरा किस दिशा में 24 घंटे में सर्वाधिक 170 बसें आना-जाना क्या करती हैं।इसी तरह बाकी बसों से भी प्रतिदिन बिलासपुर से चढ़ने और उतरने वाले यात्रियों की संख्या लगभग 15000 बताई जा रही है। इन यात्रियों के लिए अस्थाई बस स्टैंडों में किसी तरह की भी व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं यातायात विभाग की मनमानी से यात्री तथा बस संचालक काफी त्रस्त हो गए हैं ।उन्होंने इस सन्दर्भ में प्रशासन से भी शिकायत भी की है।

बसों की मार्ग परिवर्तन का प्रभाव स्पष्ट नज़र आ रहा है जिस वजह से शहर के अंदर की सड़कों पर ट्रैफिक जाम की अव्यवस्था बनी हुई है । लोगों के मन मे सवाल है आखिर कब तिफरा रूट को खोला जाएगा । अनुमान लगाया जा रहा है कि बसों के मार्ग परिवर्तन ब्रिज कार्य पूर्ण होने तक बना रहेगा।

■ न्यूज गैलरी

ब्रिज से गिरकर युवक आया ओएचई तार की चपेट में, गंभीर

बिलासपुर । रेलवे स्टेशन में 4 बजे के करीब अचानक एक युवक फुटओवर ब्रिज से नीचे गिर गया जो प्लेटफार्म नंबर 1 में खड़ी एलटीटी एक्सप्रेस के ऊपर गिरा, इस दौरान युवक ओएचई तार की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया, जिसने भी इस नज़ारे को रेलवे स्टेशन में देखा सभी के होश उड़ गए,युवक की चिल्लाने की आवाज आखिर तक आती रही, जिससे तत्काल आरपीएफ जीआरपी एवं सुरक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा नीचे उतारा गया, तब युवक बुरी तरह से झुलस चुका था,घायल युवक की पहचान फिलहाल नही हो पाया है और न ही उसके परिजनों का कुछ पता चला, युवक कैसे नीचे गिरा यह भी सोचनीय विषय बना है फिलहाल आनन फानन में अज्ञात युवक को उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है।

ट्रैक्टर की चपेट में आकर मजदूर की हुई मौत

बिलासपुर । सीपत क्षेत्र में मटियारी के पास 16 फरवरी को बाइक सवार लक्ष्मी नारायण को ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 11 डी 2507 ने अपनी चपेट में ले लिया था, जिसमें बाइक सवार लक्ष्मी नारायण को गंभीर चोटें आई थी, जिसे सिम्स और फिर एक निजी अस्पताल पर भर्ती कर उपचार किया जा रहा था, लेकिन उपचार के दौरान ही 23 फरवरी को उसकी मौत हो गई। मामले में प्रार्थी के पिता ने सीपत थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस आधार पर ट्रेक्टर चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

चुनाव हारने से नाराज आक्रोशित प्रत्याशी ने साथियों को डंडो से पीटा

बिलासपुर । कोनी थाना क्षेत्र में ग्राम तुर्काडीह में उपसरपंच चुनाव के बाद दो पक्षो में जमकर मारपीट की हुई है, जिसमें उपसरपंच का चुनाव हारने वाले पंच ने साथियों सहित अन्य पर लाठी, डंडों से हमला कर दिया इस दौरान कइयों को गम्भीर चोटें आई है। मामले में पीड़ित पक्ष ने थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई । मिली जानकारी के अनुसार तुर्काडीह के सरपंच संतोष कुमार पटेल ने शिकायत की है कि पंचायत में चल रहे उपसरपंच चुनाव में हार मिलने पर उत्तरा माथुर और नामजद साथियों ने सरपंच सहित अन्य पंचों पर चुनाव हारने का आरोप लगाते हुए हमला कर दिया, जिससे रामस्नेही पटेल, हीरालाल, सत्य नारायण पटेल को गंभीर चोटें लगी है। घटना के दौरान बार बार उन्हें समझाईश दी जा रही थी फिर भी सभी ने एक राय होकर सरपंच और अन्य पंचों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। कोनी पुलिस ने शिकायत के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

समस्त सदस्य व कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी रहे मौजूद

बिलासपुर । नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष ने आज अपने दफ्तर पहुंच कर में पूजा पाठ कर पदभार ग्रहण किया । कल शपथ ग्रहण करने के बाद आज जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान ने पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के पूर्व श्री चौहान की ओर से विधिवत पूजा-अर्चना कराई गई और फिर अध्यक्ष के कक्ष में अपना स्थान ग्रहण किया। यहां उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्वाचित अरुण सिंह चौहान के द्वारा सोमवार को विधिवत शपथ ग्रहण कर लिया गया था।इस मौके पर नगर निगम बिलासपुर के महापौर रामचरण यादव, जिला पंचायत के अनेक सदस्य अधिकारी गण तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे। कांग्रेस संगठन की ओर से विजय केसरवानी, नरेंद्र बोलर, प्रमोद नायक राजेश शुक्ला समेत गांव गांव से आए पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

कोनी में प्लेसमेंट कैम्प आज

बिलासपुर । जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोनी बिलासपुर में 26 फरवरी 2020 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 03.00 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 271 पदों के लिये भर्ती संबंधी कार्यवाही की जाएगी। रोजगार के इच्छुक आवेदक जिन्होंने 12वीं, एक्सरे टेक्नीशियन में डिप्लोमा, बीएससी एवं किसी भी विषय में ग्रेजुएशन उत्तीर्ण है।

प्रतिबंधित नशीली दवा बेचते आरोपी गिरफ्तार

■ **नशीली दवा और नगदी रकम बरामद**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । सिविल लाइन क्षेत्र में अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाएं बेच रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया जिसके पास से नशीली दवाएं और नगदी रकम जब्त की गई ।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक मझवापारा जरहाभाटा गली में बड़ी मात्रा में नशीली दवाएं बेच रहा है । सूचना पर सक्रियता से कार्रवाई कर मौके पर दबिश दी गई और अविनाश राय उर्फ मोनू को पकड़ा गया, जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक सफेद रंग की पन्नी में 8 नग रैक्सोजैसिक इंजेक्सन 2 एमएल वाली, 9 नग एविल इंजेक्सन की शीशी प्रत्येक मे 10 एमएल, 150 नग नाईट्रोशन टेबलेट जो सात रैपर मे 20- 20 नग टेबलेट तथा एक रैपर मे 10 नग टेबलेट और 300 रू नगदी को बरामद किया गया है। जिसे गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

ज्ञात हो की पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने शहर में बढ़ते हुए नशे के कारोबार पर लगा कसने ठोस कदम उठाये थे जिन्होंने जिले में संचालित समस्त निजी मेडिकल स्टोर्स संचालकों की बैठक लेकर नशीली कारोबार रोकने पुलिस का सहयोग प्रदान करने की बात कही थी और ऐसा लोग जो नशीली दवाओं को बेचने का कारोबार करते उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की चेतावनी दी । मगर शहर के विभन्न क्षेत्रों में धड़ल्ले से यह कारोबार पनप रहा है ।

झाड़-फूंक का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

■ **9 महीने से फरार था चिरमिरी से गौरेला-पेंडरा-मरवाही छुपा हुआ था**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । शारीरिक बीमारी और मानसिक तनाव से जूझ रही महिला को झाड़-फूंक के नाम से अपने घर बुलाकर बलात्कार करने वाले आरोपी बाबा को पुलिस ने आखिरकार 9 महीने में ढूंढ निकाला और उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामला पेंड्रा थाना क्षेत्र का है जहां 26 मई 2019 को एक पीड़िता ने रिपोर्ट लिखवाई कि उसके साथ तथाकथित बाबा जो कि झाड़-फूंक के जरिए लोगों को ठीक करने का दावा करता था आरोपी बाबा मोहम्मद असलम फैजी ने 28 मार्च 2019 को पेंड्रा के अपने किराए के मकान में बुलाया और इलाज के बहाने बेहोश कर उसके साथ बलात्कार किया । इसके बाद वह शादी का

झांसा देकर लगातार दैहिक शोषण करता रहा। बाद में पीड़िता ने 26 मई को पेंड्रा थाना पहुंचकर आरोपी बाबा मोहम्मद असलम फैजी के खिलाफ मामला दर्ज कराया । अपराध कायम होते ही आरोपी बाबा फरार हो गया था ।

जिसके बाद आज गौरेला पेंड्रा मरवाही के पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा तिवारी और एसडीओपी अशोक वाडेगावकर के निर्देशन में थाना प्रभारी पेण्ड्रा एवं आरक्षक अरुण तिर्की तथा अन्य पुलिसकर्मियों को चिरमिरी के लिए रवाना किया गया । पुलिस को यह सूचना मिली थी कि आरोपी चिरमिरी में देखा गया है । जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी बाबा मोहम्मद असलम फैजी को गिरफ्तार करके पेंड्रा लेकर आए और न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि नया ज़िला बनने के बाद से जीपीएम पुलिस की सक्रियता काफ़ी बढ़ गई है।

विशेष संरक्षा अभियान के तहत कर्मचारियों को दी जा रही है आवश्यक जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । रेलवे मंडल संरक्षा विभाग द्वारा कर्मचारियों को आगजनी एवं सडक दुर्घटना के दौरान ली जाने वाली सावधानियों एवं अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करने से संबंधित जानकारियां देने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी संदर्भ में रेलवे मंडल संरक्षा विभाग के नागरिक सुरक्षा निरीक्षक घनश्याम विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में वरि. अनुभाग अभियंता टेक मशीन कार्यालय में कार्यरत सुपरवाइजर, कर्मचारियों एवं आरपीएफ बैरक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षार्थियों को आग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ली जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्हें बताया गया कि फायर सेफ्टी के नियमों का पालन कर जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकता है। आग लगने की स्थिति में अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करने की विधियों के बारे में भी जानकारी देकर उन्हें प्रशिक्षित किया गया।

इसके अलावा सड़क, रेल एवं अन्य प्रकार के दुर्घटना के दौरान मानव शरीर पर चोट लगने से चोट के स्थान पर त्रिकोणीय पट्टी के माध्यम से सुरक्षा प्रदान करने के बारे में भी विस्तृत जानकारियां दी गई। आग लगने के दौरान पास के अग्निशमन केन्द्रों का संपर्क न. एवं फायर ब्रिगेड का नं. 101 मुंह जुबानी याद रखने की भी सलाह दी गई।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के स्टोर्स विभाग वर्कशॉप का आयोजन

बिलासपुर । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्टोर्स डिपार्टमेंट ने एसईसीआर मुख्यालय और बिलासपुर डिवीजन के अधिकारियों और अधिकारियों के लिए विगत दिनों एसईसीआर मुख्यालय के जीएम कॉन्फ्रेंस हॉल में एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला की योजना हरीश गुप्ता, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मार्गदर्शन में बनाई गई थी और इसे एस.एस.लकरा, मुख्य सामग्री प्रबन्धक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तत्वावधान में आयोजित किया गया

यह कार्यशाला पोर्टल के उपयोग की सुविधा प्रदान करेगी जो सरकार का एक प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। इस प्रकार के माध्यम से अधिक से अधिक खरीद सुनिश्चित करना। कार्यशाला का आदर्श वाक्य था पर सेवाओं की खरीद और जेएमएम के माध्यम से सामान्य वस्तुओं और की खरीद। अमित उपाध्याय, व्यापार सुविधा, छत्तीसगढ़ कार्यशाला के मुख्य वक्ता थे। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक वस्तुओं की खरीद और मुख्य रूप से सेवा अनुबंध के क्षेत्र में नामांकन के लिए मौजूदा आपूर्तिकर्ताओं को विकसित करने और आग्रह करने की अपील की।

उतर रेलवे निजामुदीन-पलवल खण्ड में चौथी रेल लाइन फलस्व इंटरलाकिंग का कार्य किया गया

बिलासपुर । उतर रेलवे दिल्ली रेल मंडल के फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के निजामुदीन-पलवल खण्ड में चौथी लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके चलते इस खण्ड पर से 1 मार्च तक नॉन इंटरलाकिंग का कार्य किया जायेगा।

इस नॉन इंटरलाकिंग कार्य के फलस्वरुप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली एवं आने वाली कुछ एक्सप्रेस गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगी।, जिसकी विस्तृत जानकारी इस प्रकार हैः-

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां : 1 मार्च को हरिद्वार से चलने वाली 18478 हरिद्वार-पूरी उत्कल कलिंग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मारूती सिटी -हापुड -खुर्जा जं.-मितावली-आगरा होकर चलेगी 28 फरवरी को पूरी से चलने वाली 18477 पूरी-हरिद्वार उत्कल कलिंग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आगरा-मितावली-खुर्जा-हापुड-मारूती सिटी होकर चलेगी।

मोबाइल शॉप में शटर तोड़कर 20 हजार नकद और मोबाइल पार

बिलासपुर । तिलक नगर में मेन रोड पर स्थित मोबाइल शॉप में देर रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया । घटना की जानकारी सुबह दुकान संचालक को चोरी की घटना मालूम होने के बाद , पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची सिविल लाइन पुलिस जांच में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार मोबाइल दुकान का मालिक अजय साहू अरपापार चांटीडीह में रहता है। वह रोज की तरह सोमवार की रात दुकान को बंद कर घर चला गया। लगभग आधी रात के बाद किसी समय चोरों ने दुकान का शटर अटासकर तोड़ा और भीतर दुकान के गल्ले में रखे ?20000 लेकर गायब हो गया।

जिस दुकान में चोरी हुई है, वह तिलकनगर मे ठीक मेन रोड में स्थित है। इसके बावजूद चोर उस दुकान में अपनी वारदात कर गए। ऐसे में मेन रोड की दुकान में इस तरह से चोरी होना, सभी को आश्चर्यजनक लग रहा है।

रिवर व्यू चौपाटी में हुई एक्टिवा चोरी

बिलासपुर। एक बार फिर भीड़ भाड़ वाली जगहों से बाइक चोरी करने वाले चोर सक्रिय है, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के तहत आने वाले अरपा रिवर व्यू चौपाटी से फिर एक और बाइक की चोरी हुई है। हरदी बाज़ार कोरबा निवासी दीपक गुप्ता अपनी बहन के घर राजकिशोर नगर सरकंडा घूमने आया था, जो शाम को अपनी बहन की एक्टिवा सीजी 12 ए आर 4766 को लेकर रिवर व्यू चौपाटी गया हुआ था, जहाँ उसने चौपाटी में रोड के किनारे एक्टिवा को लॉक कर खड़ी किया था, जब वह थोड़ी देर बाद वापस लौटा तो उसने पाया कि उसकी एक्टिवा वहाँ नही है। आस पास ढूंढने पर भी एक्टिवा नही मिलने पर उसने इसकी शिकायत सिटी कोतवाली थाने में की है, जिस पर पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ आईपीसी की धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में ले लिया है।

एकलव्य आवासीय विद्यालय डोंगरिया एवं पेण्ड्रा में प्रवेश परीक्षा के लिये आवेदन 4 मार्च तक आमंत्रित

बिलासपुर । एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालय डोंगरिया मरवाही एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्रा में कक्षा 6वीं में चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा। जिसके लिये विद्यार्थी अपने अध्ययनरत शाला में आवेदन 4 मार्च 2019 तक जमा कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बिलासपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिये छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग हो होना अनिवार्य है। उनकी आयु 1 जुलाई 2020 को 10 वर्ष से 13 वर्ष के मध्य हो तथा वर्ष 2019-20 में आयोजित कक्षा 5वीं की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हो अथवा पूर्व में कक्षा 5वीं की परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हो। चयन परीक्षा के लिये निर्धारित आवेदन पत्र संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अथवा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय बिलासपुर से प्राप्त कर सकते हैं। विद्याथी एकलव्य विद्यालय डोंगरिया मरवाही एवं एकलव्य विद्यालय पेण्ड्रा में से किसी एक विद्यालय में ही प्रवेश हेतु आवेदन कर सकेंगे।

एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालय डोंगरिया एवं पेण्ड्रा प्रत्येक में अनुसूचित जनजाति वर्ग के 30 छात्र एवं 30 छात्राओं हेतु कुल 60 सीटें स्वीकृत हैं। जिसमें प्रवेश हेतु 29 मार्च 2020 को प्रातः 10.30 बजे से 12.30 बजे तक लिखित चयन परीक्षा आयोजित है। परीक्षा उपरांत चयन मेरिट सूची के आधार पर किया जायेगा।

मोबाइल मांगने पर पति ने पत्नी के सर पर पटक दी कुर्सी, सिम्स में किया गया भर्ती

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । मोबाइल मांगने पर गुस्साए पति ने पास पड़ी कुर्सी उठाकर पत्नी के सर पर पटक दी, जिसमें पत्नी के सर पर गहरी चोट लगी है । मिली जानकारी के अनुसार रतनपुर अंधियारी पारा में रहने वाली 30 वर्षीय रेखा कश्यप ने मंगलवार सुबह करीब 11:00 बजे किसी काम से अपने पति से मोबाइल मांगा। इस पर गुस्साए सुनील कश्यप ने पास ही मौजूद फाइवर की कुर्सी उठाकर पत्नी के सर पर दे मारी। कुर्सी का नुकीला हिस्सा सर पर लगने से रेखा के सर पर गहरी चोट आई है जिसे इलाज के लिए रतनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया लेकिन उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने सिम्स रिफर कर दिया। वही पति के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम कर लिया है।

मदर टेरेसा आश्रम में सामग्री वितरण किया गया

बिलासपुर । श्रद्धा महिला मण्डल, एसईसीएल बिलासपुर द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन किया जाता है और जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकतानुसार सहयोग प्रदान किया जाता है।इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार 0 को श्रद्धा महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती पुष्पिता पण्डा की अगुवाई व श्रद्धा महिला मण्डल उपाध्यक्षा गण श्रीमती सुमन झा, श्रीमती संगीता शर्मा, श्रीमती शीनू निगम, श्रीमती पिंकी प्रसाद के मार्ग दर्शन में मंगला स्थित मदर टेरेसा आश्रम पहुॅची। श्रद्धा महिला मण्डल की उपस्थित सदस्याओं ने वहॉ निवासरत बुजुर्गों से मुलाकात कर उनसे बातचीत की व सुख-दुख को साझा किया तथा उनकी दैनिक आवश्यकताओं के संबंध में सिस्टर एरियन से जानकारी ली।

कार्यालय
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला स्वास्थ्य समिति, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
Tele-07752-266011, 417780 email: cmobilaspurcg@gmail.com
क्रमांक/एन.एच.एम./2020/1436 बिलासपुर, दिनांक 24/02/2020

// कौशल परीक्षा हेतु सूचना //

जिले के स्वीकृत आरओपी वर्ष 2019-20 में स्वीकृति के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला बिलासपुर के अंतर्गत संविदा में Nursing Officer NRC, Nursing Officer (24x7 PHC), ANM RBSK के रिक्त पदों कौशल परीक्षा दिनांक 03.03.2020 से 07.03.2020 तक परीक्षा स्थल- जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर, जिला चिकित्सालय, बिलासपुर में आयोजित किया गया है। उक्त कौशल परीक्षा हेतु रोल नं. व समय सारणी की सूची जिले के वेबसाईड पर www.bilaspur.gov.in में उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

सं.- 24694/1

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु मण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.)
बाबूपारा जेल रोड अम्बिकापुर फोन 07774-224498, फैक्स 224113

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	4	5	
1	61350 (प्रथम आमंत्रण) 19.02.2020	गिरजा तेंदू मार्ग पर भट्ठी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य (शेष कार्य)	55.76	02.03.2020
2	61351 (प्रथम आमंत्रण)	लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग अम्बिकापुर अंतर्गत विभिन्न नदी/ नालों में बोरिंग कार्य की निविदा आमंत्रण बाबत्।	33.28	02.03.2020

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

जी-77246/4

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु मण्डल
अम्बिकापुर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

सभापति ने बांटी कृमि और फाइलेरिया की दवा

महासमुंद। राष्ट्रीय कृमि एवं फाइलेरिया मुक्ति दिवस के अवसर पर वार्ड 26 आंगनबाड़ी केंद्र में महिला एवं बच्चों को कृमि और हाथी पांव से बचाने दवा वितरण किया गया। लोक निर्माण विभाग के सभापति मनीष शर्मा ने वार्ड में दवा वितरण कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि दवा का सेवन करें और स्वस्थ रहें। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन ने लोगों को कृमि और फाइलेरिया रोग की जानकारी दी, बचने के उपाय बताए। मनीष ने हितग्राहियों से आंगनबाड़ी की व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान अभिषेक पांडे सहित बच्चे, पालक उपस्थित थे।

कार की ठोकर से बाइक चालक घायल

महासमुंद। शनिवार रात कार की ठोकर से बिरकोनी पेट्रोल पंप के पास बाइक चालक घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक कौहाकुड़ा निवासी निराधर पिता पुरूषोत्तम ध्रुव बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएस 3912 से रायपुर से घर से लौट रहा था तभी रात पौने 11 बजे अज्ञात कार चालक ने बाइक को ठोकर मार दी जिससे निराधर गिर गया। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

अंग्रेजी शराब बरामद

महासमुंद। सिरपुर में पुलिस ने अधेड़ के कब्जे से अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस के मुताबिक शनिवार रात साढ़े 9 बजे बौद्ध विहार के सामने खड़े रायकेरा निवासी संतोष यादव (50) से 3.420 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट 34 ए के तहत कार्रवाई की।

महुआ शराब बरामद

महासमुंद। काकेनचुंआ में रविवार शाम 7 बजे सरायपाली पुलिस ने सुरति राम सिदार पिता लाभो सिदार (35) के कब्जे से 3 लीटर महुआ शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत

महासमुंद। प्रदेश के स्कूल शिक्षा, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, सहकारिता मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, वाणिज्यिक कर (पंजीयन एवं मुद्रक) मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, वन मंत्रीइ मोहम्मद अकबर ने अपने स्वेच्छानुदान मद से जिले के पांच जरूरतमंदो के लिए स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत की गई है। इनमें विकासखण्ड बागबाहरा के ग्राम दाबपाली निवासी नागेश नायक, ग्राम बागबाहरा के लाक संध्या फुलवारी नृत्य पार्टी के अध्यक्ष सुनिता साहू, विकासखण्ड सरायपाली के ग्राम बलतीकारी निवासी हेमन्त कुमार प्रधान, स्थानीय वार्ड 02 इमलीभाठा निवासी नंद कुमार लहरे एवं विकासखण्ड महासमुन्द के ग्राम सिनोधा निवासी मोहम्मद अजहर शामिल हैं।

रोजगार और मार्गदर्शन के लिए 28 से प्रशिक्षण

महासमुंद। छग उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम, उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के प्रायोजन से बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए दो सप्ताह का उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम महासमुंद एवं बागबाहरा 28 फरवरी से होगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को स्वयं का लघु उद्योग स्थापित कर स्वरोजगार के लिए मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रान करना है। प्रशिक्षण में जिले के 18 से 40 वर्ष आयु के कम से कम आठवीं पास युवक-यवुतियां भाग ले सकते हैं। यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र कार्यालय के लिए हर्षा प्रशिक्षण केंद्र पिटियाझर एवं बागबाहरा कार्यक्रम के लिए विकास आशा सेवा संस्थान शांति नगर रोड बागबाहरा में प्राप्त किया जा सकता है।

जीत फाउंडेशन ने स्कूल में बनवाए वाश-बेसिन

महासमुंद। जीत फाउन्डेशन ने कस्तूरबा गांधी ट्रस्ट बेलसोण्डा में बच्चों के हेल्थ और हाईजीन को ध्यान में रखते हुए परिसर में हैण्डवाश के लिए वाश बेसिन का निर्माण कराया। नवनिर्मित वाश-बेसिन का उद्घाटन फाउंडेशन अध्यक्ष डा. संगीता शुक्ला, क्षमा सिंह ने किया। डा.शुक्ला ने मां कस्तुरबा की पुण्यतिथि पर ट्रस्ट के बच्चों की प्रस्तुत मनमोहक नृत्य की सराहना की। साथ ही सभी बच्चों को चाकलेट देते हुए कहा कि वे बच्चे जो कार्यक्रम में हिस्सा लिए या जो नहीं लिए, मेरे लिए सभी बच्चे एक समान हैं। अगली बार कोशिश करें कि सभी बच्चे कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। क्षमा सिंह ने ट्रस्ट में माताओं-बहनों एवं बच्चों के लिए हेल्थ चेक-अप की उपलब्ध व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन की कुंजी है। बच्चों की देखभाल करने वाली माताओं को भी अपने स्वास्थ्य के प्रति जारूरक होना जरूरी है। इस अवसर पर कस्तुरबा ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. ज्योति चंद्राकर कालीकोटी, डा.वाणी तिवारी, राजेन्द्र चंद्राकर आदि मौजूद थे।

शाला परिसर में कचरा फेंकने की शिकायत, नोटिस जारी करने के निर्देश

महासमुंद। बृजराज पाठशाला की दीवार से लगे निजी मकान मालिक द्वारा शाला परिसर की ओर नाली का गंदा पानी निकासी और कचरा फेंकने की शिकायत पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने राजस्व प्रभारी को भवन स्वामियों को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने शिक्षकों से भी शाला परिसर में स्वच्छता बनाए रखने कहा है। स्कूल के जर्जर हो चुके प्रसाधन को तोडने के निर्देश उन्होंने दिए हैं।

ग्रामीणों से महुआ शराब जब्त कर कार्रवाई

महासमुंद। आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक धीरज नायक एवं मधुकर श्याम हरित की संयुक्त टीम ने ग्राम मेमरा निवासी ईश्वरलाल साव के रिहायशी मकान में 20.0 लीटर महुआ मदिरा तथा एक हजार किलोग्राम महुआ लाहन जब्त की। आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (च), 34(2), 59(क) के तहत गिरफ्तार न्यायालय से रिमांड लेकर जेल भेजा गया। वहीं ग्राम मेमरा निवासी शंकर अग्रवाल और गोपालपुर निवासी मालिकराम बरिहा के कब्जे से चार-चार लीटर महुआ शराब जब्त की गई।

निधन

फुलबती यादव

महासमुंद। शंकर नगर विठोबा टॉकीज निवासी फुलबती यादव (65) का सोमवार देर रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय चोवराम यादव की पत्नी व श्याम यादव की माता व संजय यादव की बड़ी मां व जय, वीरू, नानू की दादी थीं।

खेदूराम सोनवानी

महासमुंद। वार्ड 22 निवासी खेदूराम सोनवानी (55) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे आशीष सोनवानी के पिता थे।

बेमौसम बारिश ने अंचल के किसानों की रबी फसल को किया बर्बाद

- तरबूज खरबूज उत्पादकों की बढ़ाई चिंता

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में हो रहे बदलाव के बीच रविवार देर रात और सोमवार को सुबह अंचल के क्षेत्रों जोरदार बारिश हुई। दिनभर बादल छाने के साथ ठंडी हवाएं चलती रही जिससे तापमान में गिरावट आई। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह जिले के डोंगरीडीह, तिल्दा, परसापाली सिंघारी, डोंगरा, सिरियाडीह और लाटा सहित अन्य स्थानों पर रुक-रुककर झमाझम बारिश हुई।

बारिश के कारण मौसम में नमी से तापमान में गिरावट देखने को मिला, लेकिन इस बेमौसम बरसात ने किसानों को दुविधा बढ़ा दी है, अंचल के किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश के कारण फसल को नुकसान हुआ हैं। ग्राम तिल्दा के किसान ईश्वर घृतलहरे ने बताया की क्षेत्र के किसान इस समय महानदी में तरबूज-खरबूज एवं खीरा ककड़ी सहित अन्य सब्जियों की फसल लगाए हुए हैं। जिनके फसल को बीते रविवार- सोमवार को हुई तेज बारिश से नुकसान हुआ है। बारिश से पौधे पत्ते को नुकसान हुआ हैं, जिसके कारण अब तरबूज फल का आकार अपने मूल आकार से घट जाएगा। साथ ही कीट प्रकोप बढ़ेगा। कीट प्रकोप से बचाने खाद का खर्चा भी किसानों को दोगुनी बढ़ेगा। इसके अलावा बेमौसम बारिश से दलहन- तिलहन की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है इस कारण किसान चिंतित हो गए हैं। बेमौसम बारिश से अंचल के किसान बंश राम घृतलहरे, रामलाल डहरिया, गणेश डहरिया, उत्तम बंजारे, अमरीत लाल डहरिया, अमर सिंह केवट, नरायण घृतलहरे, दिन बंदु घृतलहरे, ईश केवट सहित अन्य किसान चिंतित है और मौजूदा सरकार से उचित मुआवजा की मांग कर रहें है।

समस्याओं के निराकरण के लिए पालिकाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। शहर की यातायात व्यवस्था एवं विभिन्न समस्या और मांगों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर, सभापति द्वय संदीप घोष, राजेन्द्र चंद्राकर व मनीष शर्मा ने कलेक्टर सुनील जैन तथा पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला से मुलाकात कर एक पत्र सौंपा। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि गर्मी शुरू होने वाली है और शासन स्तर पर अब तक मुख्य नगर पालिका अधिकारी की पदस्थापना नहीं की गई है। प्रभारी अधिकारी के भरोसे पालिका चल रही है। दो महीने में 4 अधिकारियों का प्रभार बदला जा चुका है। ऐसे में कोई भी कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। इस पर कलेक्टर सुनील जैन ने कहा नगर पालिका की समस्या से संबंधित पत्र दें जिसे सचिव को भेजा जाएगा। कलेक्टर ने कहा गर्मी में पानी की समस्या न हो इन सारी व्यवस्था के लिए अधिकारी की आवश्यकता होगी। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने बताया कि शहर में पानी देने की व्यवस्था की जा रही है इसकी तैयारी पूर्णता की ओर है। कलेक्टर ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही शासन को पत्र लिखा जाएगा। पालिका अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला से मिल कर गुरूघासीदास बस स्टैंड के सालों से बंद चौकी को पुनः शुरू करने मांग की। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि बस स्टैंड के रैन बसेरा का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। बहुत जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि वहीं महिला समूहों के द्वारा गढ़ कलेवा की तर्ज पर लजीज छत्तीसगढ़ी व्यंजन शहर के लोगों को मिलने लगेगा। इसके लिए बस स्टैंड में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया जाना जरूरी है।

इस पर पुलिस कप्तान श्री शुक्ला ने कहा निरीक्षण के बाद चौकी पर पुलिस की नियुक्ति कर दी जाएगी। पुलिस कप्तान ने कहा शहरभर में यातायात के साथ सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त की जा रही है। इसके लिए शहर के 28 स्थानों को चिन्हित किया गया है।

बाल साहित्य भाषायी संस्कार है : बलदाऊ साहू

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई-पंडरिया। छत्तीसगढ राजभाषा आयोग के सौजन्य से दूधमोंगरा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक समिति गंडई द्वारा अपने 43 वर्षगांठ के अवसर पर कवर्धा रोड स्थित स्थानीय यादव भवन में ÷छत्तीसगढ़ी बाल साहित्य;परंपरा और विकास÷विषय पर सार्थक व महत्तवपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन 23 फ़रवरी दिन रविवार को किया गया।जिसमें डॉ.जीवन यदु मुख्य अतिथि व बलदाऊ राम साहू अध्यक्ष के रुप में विराजमान थे।डॉ.जीवन यदु ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि बालसाहित्य

केवल मनोरंजन का साधन नहीं यह चेतना का साधन है । बाल साहित्यकार बलदाऊ राम साहू ने बाल साहित्य को भाषायी संस्कार निरुपित किया।विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ.गोरे लाल चंदेल ने कहा कि साहित्य अन्धेरे के आगे चलने वाला मशाल है । दुर्ग के वरिष्ठ साहित्यकार मुकुँद कौशल ने अपने सम्बोधन में कहा-कि बाल साहित्य बच्चों की आत्मा में उतरकर ही लिखा जाता है ।÷

रणजीत सिंह चंदेल एवं मन्नू चंदेल बने निर्विरोध उपसरपंच

गंडई पंडरिया। गंडई अंचल के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पथर्रा में कल 24 फ़रवरी को पंचायत भवन में दोपहर लगभग 12 बजे उपसरपंच का चुनाव संपन्न हुआ। पंच रणजीत सिंह चंदेल निर्विरोध ग्राम पंचायत पथर्रा छीराहिडीहके उपसरपंच चुने गए प्रस्तावक प्रणिता सिंह राजपूत और समर्थक हीरालाल यदु ने किया इस पंचायत में कुल 14 पञ्च है। पीठासीन अधिकारी डॉक्टर संदीप इंदुलकर सचिव तिलेश्वर साहू ने उपसरपंच चंदेल को जीत का प्रमाणपत्र दिया।

टैक्सी यूनियन के सदस्यों ने किया रक्तदान

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। टैक्सी यूनियन के सदस्यों ने रक्तदान किया। जिला अस्पताल में ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध हो गई है। वहीं रक्तदान महादान का ध्येय लिए अब हर कोई ब्लड बैंक में पहुंचकर रक्तदान कर रहे हैं। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों को बड़ी आसानी के साथ ब्लड मौके पर ही उपलब्ध हो जा रहे हैं। टैक्सी यूनियन अध्यक्ष प्रेम सोनवानी के नेतृत्व में सदस्यों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने के बाद दीपक कुमार मंडावी, गिरधारी मरकाम, टिकेश्वर साहू, तेजराम यादव ने कहा कि यह एक पुण्य काम है, आपातकालीन में जरूरतमंद लोगों के लिए यह रक्त जीवनदायिनी साबित होगा। कहा कि रक्तदान करने के बाद बहुत ही अच्छा लग रहा है। हर किसी रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

पोस्टमार्टम भवन के सामने सड़क पर खून से लथपथ मिली लाश

गंडई पंडरिया। रविवार-सोमवार मध्य रात्रि को नगर के शराब भट्टी रोड में सड़क के बीचो-बीच पोस्टमार्टम भवन के समीप एक बुजुर्ग का खून से लथपथ लाश मिलने से नगर में हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि मृत व्यक्ति का नाम नेपाल सिंह (बड़े) पिता स्वर्गीय नैन सिंह उम्र लगभग 65 वर्ष गंडई मेन चौक वार्ड 12 का निवासी है। सूत्रों का कहना है। कि नेपाल सिंह राजपूत पढ़े लिखे व्यक्ति थे और शिक्षा के क्षेत्र में उनको काफी जानकारी था, वह न्यूज़ पेपर पढ़ने के आदि थे वहीं वह हमेशा से पैसे से नगर में मुनादी का कार्य देख रहा था। वह नगर में एनाउंसर के नाम से जाने जाते थे। नगर में किसी भी प्रकार की मुनादी करवाना होता था तो लाउडस्पीकर के माध्यम से उन्हीं के पास से करवाते थे और इस घटना के 1 दिन पहले यानी रविवार सप्ताहिक बाजार के दिन भी वे पूरे नगर में घूम-घूम कर लाउड स्पीकर के माध्यम बच्चों को कृमि की दवाई आंगनबाड़ी में पिलाने के लिए मुनादी किए थे वही बताते हैं कि नेपाल सिंह शराब के काफी आदि थे और इस घटना को भी लोग यही वजह मान रहे हैं।

कवर्धा में बकाया बिजली बिल न भरने वालों के काटे जा रहे कनेक्शन

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कवर्धा जिले में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से बिजली बिल की बकाया राशि की वसूली के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। सभी सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं के लिए बकाया राशि वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्हें बकाया जमा न करने वाले उपभोक्ताओं की बिजली काटने के लिए भी आदेशित किया गया है। साथ ही दैनिक कार्रवाई की जानकारी देने के लिए भी कहा गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, कवर्धा की ओर से मंगलवार को विज्ञप्ति जारी कर इस संबंध की जानकारी दी गई है। इस तारतम्य में बिजली के बकाया बिलों के भुगतान न करने वाले सभी प्रकार के उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। इनमें घरेलू, गैर घरेलू व सिंचाई के कनेक्शन भी शामिल हैं। यहीं नहीं संबंबधित बकायादारों के अन्य बिजली कनेक्शन में बकाया राशि जोड़कर दी जा रही है। इसलिए सीएपीडीसीएल की ओर से परेशानी से बचने के लिए उपभोक्ताओं को समय रहते बकाया राशि जमा करने का अपील की गई है।

मुंबई की संगोष्ठी में शामिल हुए डॉ अतुल

गंडई पंडरिया। मुंबई के सायन हॉस्पिटल में 7 से 9 फरवरी तक थायराइड पर संगोष्ठी आयोजित किया गया । गंडई के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ अतुल ताम्रकार ने भी भाग लिया। संगोष्ठी में थायराइड पर विशेष चर्चा का आयोजन किया गया। आजकल थायराइड की समस्या बढ़ती जा रही है, थायराइड समस्या पर देश-विदेश से आए चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपना विचार रखा।संगोष्ठी में नगर के होम्योपैथिक चिकित्सक एवं सलाहकार डॉ अतुल ने भी अपना विचार रखा।ताम्रकार ने बताया कि शोध का प्रमुख विषय थायराइड था क्योंकि अब यह समस्या आम होती जा रही है। यह चिंता का विषय बनता जा रहा है।थायराइड से पीड़ित मरीजों को जीवन भर दवाइयों के भरोसे रहना पड़ता है जिससे कई प्रकार की दुष्प्रभाव शरीर में पैदा हो जाते हैं। मरीज जीवन भर इसका दंश झेल ता है।

कड़कनाथ मुर्गी पालन से महिलाएं हो रही आत्म निर्भर

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। विकासखंड मोहला ग्राम गोटाटोला से महज 5 किमी स्थित ग्राम गिधाली एवं बोगाटोला की मां बम्लेश्वरी स्व सहायता समुह से जुड़ी आदिवासी महिलाएँ इन दिनों स्वरोजगार के लिए कड़कनाथ मुर्गी का पालन कर रही है, उससे आमदानी प्राप्त हो रही है। जून 2019 में कामधेनु विश्व विद्यालय अंजोरा के द्वारा मां बम्लेश्वरी जनहित कारी समिति के सहयोग से 100 महिला स्व सहायता समुह के सदस्य के यहां कड़कनाथ चुजें का वितरण किया गया। यह योजना आईसीएआर ने उप परियोजना के अंतर्गत किया गया । कड़कनाथ मुर्गी का वजन 1.5 किलो तक हो चुकी है इसकी स्थानीय स्तर पर मांग बढ़ी है। महिलाएँ कड़कनाथ मुर्गी एवं अण्डा का सेवन कर रही है इसमें आयरन एवं पोषक तत्व अधिक मात्रा में होने से गर्भवती महिला के लिए वरदान साबित हो रही है। महिलाओं की उत्साह बढ़ी है अब वे मुर्गी से चुजें निकालने की ओर बढ़ रही है। कड़कनाथ मुर्गी पालने वाली श्रीमती लता बाई बताया कि मैंने बढ़ी संख्या में अण्डा और मुर्गी बेची है जिससे अतिरिक्त आमदानी हुई है और अंडे से 3 स्वस्थ चुजें भी निकला है।

बैठक 27 को

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में 163वीं जिला स्तरीय समन्वयन समिति एवं परामर्श दात्री समिति की बैठक 27 फरवरी को आयोजित की गई है। बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शाम 4 बजे से शुरू होगी। बैठक में आधार सीडिंग एवं रूपे डेबिट कार्ड की अद्यतन समीक्षा की जाएगी। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं स्टैंड अप इंडिया योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राजनांदगावं जिले के मूल बैंकिंग आंकड़ों की दिसम्बर 2019 तक की समीक्षा की जाएगी।

जनपद अध्यक्ष ने किया विभिन्न गांवों का दौरा, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। नवनिर्वाचित जनपद पंचायत छुईखदान के अध्यक्ष नीना विनोद ताम्रकार का विभिन्न गांवों का दौरा किया जहां ग्राम पंचायत कृत बांस के ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन की मांग की । अध्यक्ष ताम्रकार ने जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया । वीर खाकर ग्रामीणों ने दूर पता मंदिर भवन एवं बाउंड्री वाल की मांग रखी । साथ ही 21 फरवरी को घटियारी मेला कार्यक्रम के लिए ?7000 नगद राशि दी । कटंगी पंचायत में पेयजल की समस्या और प्राथमिक शाला भवन में बाउंड्री वाल की समस्या बताइ।

वही बूढ़ा सागर पंचायत में समुदायिक भवन सराका पा और मुंडा टोला के पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाने की गांव वालों ने मांग की । ग्राम पंचायत से अथवा में गांव वालों ने खाद्यान्न समस्या बताया । दुल्लापुर पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाने की बात कही । ग्राम पंचायत थोड़ा में अध्यक्ष नीना ताम्रकार का भव्य स्वागत किया गया । ग्राम पंचायत लिमो में सार्वजनिक मंदिर के पेंटिंग के लिए तत्काल बोलकर कराने की बात कही । देवपुरा पंचायत के वार्ड 1 में बोर एवं तालाब गहरीकरण की मांग की जिस पर गांव वालों की समस्या और मांग के अनुसार शत-प्रतिशत आश्वासन भी दिया।

स्पर्धा | 78वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन

मध्यप्रदेश ने नार्दन रेल्वे को 6-4 गोल से हराकर खिताब पर किया कब्जा

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। मैन ऑफ द मैच भोपाल के गोलकीपर धनराज हेमम के शानदार बचाव के चलतें मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी भोपाल ने नार्दन रेल्वे नई दिल्ली को पेनाल्टी शूॅट ऑउट में 6-4 गोल से हराकर स्टेडियम समिति द्वारा आयोजित 78वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम को विशाल रजत कॅप व 2 लाख रूपये नगद व उपविजेता टीम को रजत कॅप 1.50 लाख रूपये नगद के अलावा

अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार भी प्रदान किये गये। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मध्य प्रदेश के अली अहमद को दिया गया। समारोह प्रदेश के मंत्री व प्रभारी मंत्री राजनांदगांव मोहम्मद अकबर के मुख्य आतिथ्य व दलेश्वर साहू, विधायक डोंगरगांव, भुनेश्वर बघेल विधायक डोंगरगांव, इंदरशाह मण्डावी विधायक मानपुर-मोहला, श्रीमती हेमा देशमुख महापौर नगर निगम राजनांदगांव, देवेन्द्र यादव महापौर व विधायक भिलाई, विवेक वासनिक अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास, हफीज खान, सदस्य अल्प संख्यक आयोग, हरिनारायण धकेता अध्यक्ष नगर निगम राजनांदगांव, नवाज खान समाजसेवी, कुलबीर सिंह छाबड़ा समाजसेवी, पदम कोठारी समाजसेवी, राकेश जोशी समाजसेवी, ऋषि शास्त्री पार्षद, नीलू सिंह भाटिया समाजसेवी, बहादुर अली समाजसेवी, संदीप सांगवान पूर्व भारतीय हॉकी टीम कोच के आतिथ्य में आयोजित हुआ। स्टेडियम समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित 78वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का फायनल मैच अत्यंत ही संघर्ष पूर्ण व रोमांचक रहा जिसमें मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी भोपाल के किशोर खिलाड़ियों ने अनुभव से भरी पूरी नार्दन रेल्वे नई दिल्ली को पेनाल्टी शूॅट ऑउट के जरिये 4 गोल के मुकाबलें 6 गोल से पराजित करते हुए खिताब पर कब्जा किया।

न्यूज गैलरी

शिवेन्द्र को मिला 60 कि.ग्रा. भार में सिल्वर मेडल

कांकेर। 19वी राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा डॉ खूबचंद बघेल महाविधालय परिसर भिलाई-3 मे दिनांक 22 फरवरी 2020 का छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डिंग एसोशिएसन व बॉडी फिटनेस भिलाई-3 के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता मे प्रदेश भर से 150 से अधिक खिलाड़ियो एवं 30 अधिकारियो ने भाग लिया जिसमे कांकेर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए श्री मुकेश गुप्ता बॉडी बिल्डर कोरबा के मार्गदर्शन मे शिवेन्द बहादुर सिंह चैहान पिता श्री सुरेन्द्र सिंह चैहान माता श्रीमति उमा चौहान के सुपुत्र ने 60 कि.ग्रा. वर्ग मे द्वितीय स्थान सिल्वर मेडल प्राप्त कर कांकेर जिले को गौरान्वित किया इस समारोह का शुभांरभ पी.एच.ई मंत्री माननीय गुरू रूद्र कुमार एवं समापन व पुरूस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री भुपेश बघेल के आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ।

कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

दंतेवाड़ा। जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल की उपलब्धता हेतु पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। इस दिशा में ग्रामीण ईलाकों हेतु स्वीकृत नवीन हेंडपंप स्थापना तथा सोलर डयूल पंप स्थापना को अतिशीघ्र पूर्ण किया जाये। वहीं सुधार योग्य हेंडपंपो और सोलर डयूल पंपों का मरम्मत सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही नलजल योजनाओं तथा स्थल जल प्रदाय योजनाओं का समुचित संधारण किया जाये। जिले के नगरीय क्षेत्रों में टैंकरमुक्त पेयजल प्रदाय के लिए गंभीरता के साथ पहल किया जाये। जिले में मनरेगा के तहत रोजगारमूलक कार्यों को नियमित रूप से संचालित कर अधिकाधिक पंजीकृत परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाये। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा ने कलेक्टोरेट के डंकिनी सभागार में आयोजित समय-सीमा की बैंठक में अधिकारियों को दिया।

केंटिन खोलने आवेदन 11 मार्च तक

जांजगीर। जिला पंचायत जांजगीर के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह की आजीविका साधनों में वृद्धि हेतु जिला पंचायत परिसर में महिला स्व सहायता समूह के द्वारा कैंटिन खोले जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक महिला स्व सहायता समूह से सादे कागज पर आवेदन पत्र के साथ समूह का प्रस्ताव सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जांजगीर-चांपा में 11 मार्च तक कार्यालयीन समय में सायं 5 बजे तक स्वीकार किये जाएंगे।

कलेक्टर ने किया महोत्सव स्थल का निरीक्षण

अम्बिकापुर। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मैनपाट में पर्यटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मैनपाट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मैनपाट महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन वर्ष 29 फरवरी से 2 मार्च 2020 तक किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर द्वारा आज मैनपाट के महोत्सव स्थल रोपाखार का निरीक्षण करते हुये अधिकारियों को समय-सीमा में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होंने हेलीपेड़, मुख्य मंच की साज-सज्जा, ग्रीन रूम, व्हीआईपी बैठक व्यवस्था, मीडिया कव्हरेज हेतु मंच निर्माण, विकास प्रदर्शनी, हितग्राहीमूलक योजनाओं के लाभार्थियों का स्टाल, पत्रकारों की बैठक व्यवस्था के साथ ही अन्य लोगों की बैठक व्यवस्था, सामूहिक विवाह हेतु स्थल का निर्धारण, समारोह स्थल में प्रकाश, साण्ड सिस्टम, एडवेंचर स्पोर्टस, फिल्म फेस्टिवल, फूडकोर्ट, छत्तीसगढ़ी व्यंजन के लिए स्थल चयन सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया।

जनसमस्या निवारण शिविर में 35 आवेदन निराकृत

अम्बिकापुर। स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन कलेक्टर डॉ सारांश मित्तर के मार्गदर्शन में आज अम्बिकापुर जनपद के ग्राम पंचायत कंचनपुर में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मांग से संबंधित 54 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 35 आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल में ही किया गया तथा शेष आवेदनों का निराकरण एक सप्ताह में करने के निर्देश दिए गए। शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुआ। शिविर को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने कहा कि दूर दराज के लोगों की समस्या स्थानीय स्तर पर ही निराकरण करने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित होते है ताकि जिले से सम्बधित समस्या भी शिविर में ही निराकृत हो सके।

प्लेसमेंट कैम्प 28 फरवरी को

गरियाबंद। जिला रोजगार कार्यालय परिसर गरियाबंद में 28 फरवरी, शुक्रवार को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस कैम्प में गरियाबंद जिले में कार्य करने के इच्छुक युवाओं को निजी प्रतिष्ठान आई.डी.बी.आई. फेडरल लाईफ इन्शोयेरेंश मैग्नेटो मॉल रायपुर द्वारा लाईफएडवाईजर एवं एजेंसी लीडर के 100-100 महिला एवं पुरूष पद तथा दुकान सुपरवाईजर के 01 पुरूष पद, सेल्समैन एवं मल्टीवर्कर के 03-03 पुरूष पदों पर भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाईफएडवाइजर एवं एजेंसी लीडर पर के लिए आयु न्यूनतम 25 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं व 12वीं पास निर्धारित की गई है। इसी प्रकार निजी प्रतिष्ठान अलर्ट कामान्डो रायपुर द्वारा दुकान सुपरवाईजर के लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक व कम्प्यूटर ज्ञान निर्धारित है तथा सेल्समैन पद के लिए 12वीं पास व मल्टीवर्कर पद हेतु 8वीं पास निर्धारित है। इस पद हेतु आयु 21 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

प्रधान अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने जिला शिक्षा अधिकारी से सौजन्य भेंट की

कांकेर। प्रधान अध्यापक संघर्ष मोर्चा कांकेर ने नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी से पुष्प गुच्छ भेट कर सौजन्य भेट किया डीईओ राकेश पांडे ने कर्मचारियों के हितों में मिलकर कार्य करने की बात कही सौजन्य भेट सुरेश चंद्र श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष मोहन सेनापति सचिव एस, एस, भदौरिया कोषाध्यक्ष बीरबल गढ़पाले,देवकरण भास्कर,रामशरण जैन,खुशाल गजबीए, टी, पी, साहू आदि उपस्थित थे।

प्रांतीय आह्वान पर लबित मांगो को लेकर कोटवारो का धरना 27 को

कांकेर। कोटवार एशोसिएसन ऑफ छ.ग. प.क्र. 40 जिला शाखा कांकेर मे प्रांतीय आह्वान पर दिनांक 27/02/2020 को एक दिवसीय धरना एवं रैली प्रदर्शन कर अपनी पुरानी व लम्बित मांगो को पुरा करने के संबंध मे मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा जिसमे कोटवारो की प्रमुख मांग तथा कोटवारो को शासकीय कर्मचारी घोषित करने सहित विभिन्न मांगो को लेकर 27 फरवरी को कांकेर के नये बस स्टैण्ड स्थित मिनी स्टेडियम मे सुबह 10 बजे उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन को सफल बनाने अपील की गई है उपरोक्त जानकारी शिवनारायण बेसरा सचिव रामाधीन कुलदीप तहसील अध्यक्ष मुनेश दास मानिकपुरी सचिव यशवंत कुलदीप एवं समस्त तहसील अध्यक्ष के द्वारा दी गयी।

गर्मी में पानी की समस्या से निजात दिलाने राजापारा पार्षद ने कराया बोर-खनन

- 5 इंच पानी मिलने से 75 प्रतिशत वार्डवासियों को मिलेगा पानी से मुक्ति
- वार्डवासियों ने पार्षद की कार्यशैली से हुए गदगद

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। आने वाली भीषण गर्मी के पहले वार्ड की सबसे जटिल समस्या पानी को लेकर राजापारा पार्षद आनंद चौरसिया ने गढ़िया पहाड़ के प्रवेश द्वार के निकट खाली पड़े मैदान में पार्षद निधी से बोर कराया गया।बोर रविवार शाम 8 बजे से विधिवत पूजा अर्चना के बाद बोर खनन की शुरुआत किया गया।पार्षद ने करीब 200फीट गहरे बोरखनन कराकर लगभग 4 इंच पानी की निकासी मिला।जिसके बाद राजापारा के पहाड़ के किनारे व आसपास बसे बस्ती में लोगो को शुद्ध पीने का पानी मिलेगा। इस बोर खनन के बाद लगभग 75 प्रतिशत पानी की समस्या कम हो जाएगा। आने वाले समय मे राजापारा के वार्ड में पानी की आने वाली समस्या बहुत कम मात्रा में आएगी। आसपास के वार्डवासियों से मिली जानकारी के अनुसार जिस जगह पर वर्तमान पार्षद आनंद चौरसिया के द्वारा बोर खनन कराया गया है।उक्त स्थल पर विगत सालों से सक्सेसफुल नहीं हुआ था। इस जगह पर बोर खनन होने के बाद करीब 75प्रतिशत लोगो को पानी आसानी से मिल सकेगा।

वार्डवासियों को पानी की किल्लत नहीं होगी

पार्षद राजापारा आनंद चौरसिया ने कहा की वार्ड पार्षद बनने के बाद मेरी पहली प्राथमिकता वार्ड में बिजली पानी सफाई शिक्षा सबसे महत्त्वपूर्ण होगी इस वादे को पूरा करते हुए गड़िया पहाड़ के निचली बस्ती में पानी की किल्लत बडे समय से होती रही है।इसलिए बोर खनन कराया गया। जहां हमे 5 इंच पानी यानि पाताल का पानी मिला है। इतनी बड़ी मात्रा में पानी के मिलने से 75 प्रतिशत वार्डवासियों को पानी की किल्लत नहीं होगी।

छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के ट्रायल में कांकेर जिले के 55 खिलाड़ी हुए शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस स्पोर्ट्स सेल माननीय प्रवीन जैन जी के मार्गदर्शन में आई.पी.एल. की तर्ज पर होने वाले छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग टी-20 सीपीएल क्रिकेट मुकाबलों के लिए प्रदेश के सभी 28 जिलों में चयन प्रक्रिया चल रही है इसी के अंतर्गत कांकेर जिले में 23 फरवरी रविवार को सुबह 9 बजे से नरहरदेव मैदान में कांकेर जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों का प्रथम चरण का ट्रॉयल रखा गया, जिसमें जिले भर के 55 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, दूसरा चरण कांकेर जिले में मैच के रूप में कराया जाएगा। जिला अध्यक्ष कांग्रेस स्पोर्ट्स सेल ,ष्श्चद्य प्रभारी कांकेर आकाश राव ने जानकारी देते हुए बतलाया कि कई प्रदेशों ने अपने राज्य में क्रिकेट को बढ़ावा देने व अपने खिलाड़ियों को बड़े अवसर प्रदान करने यह लीग प्रतियोगिता प्रारम्भ कराई गई है, अब सी.पी.एल. प्रतियोगिता सरकार की मदद से छत्तीसगढ़ में भी प्रारम्भ कराई जा रही है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष कांग्रेस श्री हरनेक सिंह औजला जी,एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी संयुक्त महासचिव माननीय नरेश ठाकुर जी, अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री हेमनारायण गजबल्ला जी,विशिष्ट अतिथि के रुप मे वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष क्रिकेट संघ श्री यशवंत राव जी,हरिभूमि ब्युरो चीफ विजय पांडेय जी,विधायक प्रतिनिधि श्री सुनील गोस्वामी जी,,जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण श्री संजय जैन जी,सहायक जिला खेल अधिकारी आबिद खान जी विशेष अतिथि के रूप में श्री संतोष शर्मा जी ,अवतार सिंह जी उपस्थित थे।विजेंद्र तिवारी जी चंद्रलोक सिंह ठाकुर जी ,सरफराज खान,आंनद दुग्गा,राजा छाबड़ा, स्मिथ सिंह ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वनाधिकार पट्टाधारी सभी व्यक्तियों का बनेगा किसान क्रेडिट कार्ड

कांकेर। जिले के सभी वन अधिकार पट्टाधारी व्यक्तियों का किसान क्रेडिट कार्ड बनाया जाएगा, इन सभी किसानों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में पंजीयन और श्रमयोगी मानधन योजना में बीमा भी कराया जाएगा। ग्राम पंचायत के सचिव एवं कोटवार तथा पटवारी द्वारा के.सी.सी फार्म भरने के लिए सहकारी समितियों में जाने हेतु किसनों को प्रेरित किया जाएगा। कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने आज समय सीमा की बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के कार्य की समीक्षा करते हुए इस आशय की निर्देश दिये, साथ ही सभी एसडीएम को इस कार्य का सतत मानिटरिंग करने एवं अपने-अपने अनुविभाग में छः-छः हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में मक्का की फसल लगाने के लिए निर्देशित किया। के.सी.सी फार्म भरने के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश भी उनके द्वारा दिये गये।

माओवादियों ने 8 मार्च को महिला दिवस मनाने का किया आव्हान

कांकेर। क्रांतिकारी आदिवासी महिला संगठन जिला उत्तर बस्तर डिवीजन कार्यकारिणी माओवादी संगठन द्वारा आमाबेड़ा में 25 फरवरी की सुबह पर्चा फेक कर 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का आव्हान किया है।जानकारी के अनुसार कल 26 फरवरी से आमाबेड़ा में दो दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन किया जा रहा है।इसके ठीक एक दिन पहले आदिवासी महिला संगठन द्वारा पर्चा फेका गया है, जिसमे उन्होंने जन युद्ध मे जान कुर्बान करने वाली महिला वीर शहीदो की स्मृति में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को गांव- गांव में जोश खरोश के साथ मनाने के लिए कहा है, साथ ही महिलाओं पर लगातार बढ़ते दबाव दमन जोर-जबर्दस्ती अत्याचारों के खिलाफ व्यापक जुझारू संगठित महिला आंदोलन का निर्माण करने के लिए। कहा गया है एवं समाज में महिलाओं को समान वेतन समान अधिकार के लिए एकता होकर लड़ने के लिए आव्हान किया है।

विद्युत विभाग के कर्मचारी 10 सूत्री मांगों को लेकर कार्यपालन यंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

सक्ती। 24 फरवरी को भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ द्वारा 10 सूत्रीय मांगों की पूर्ति किये जाने हेतु चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा करते हुए 5 चरणों में आंदोलन किये जाने हेतु पॉवर कंपनी प्रबंधन को सूचना प्रेषित किया गया है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ द्वारा प्रथम चरण में समस्त संभागीय कार्यालयों में कार्यपालन यंत्री को ज्ञापन सौंपने के तहत 10 सूत्रीय मांगों की पूर्ति हेतु सक्ती संभाग के कार्यपालन यंत्री यू के ठाकुर 24 फरवरी को ज्ञापन सौंपा इस संबंध में बिजली कर्मचारी संघ महासंघ जांजगीर वृत्त के उपाध्यक्ष मेला राम निर्मलकर ने 10 सूत्री मांगों के बारे में बताया कि संगठन द्वारा पॉवर कंपनियों का एकीकरण, पॉवर कंपनी में कार्यरत संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, पॉवर कंपनी में नियमित एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा, ठेका/आउटसोर्स कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने, तकनीकी/कार्यालयीन कर्मचारियों को पदोन्नति हेतु पदों का अपग्रेडेशन करने, पॉवर कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों को उच्चपद पर नियुक्ति की नीति में एकसमान लाभ दिय जाने, संविदा अवधि की गणना सेवाकाल अवधि में किए जाने, पुरानी पेशन योजना की बहाली एवं पूर्व में पत्रों के माध्यम से की गयी अन्य लंबित मांगों को पूरा करने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया

गरियाबंद में घर-घर भ्रमण कर दवाई खिलाई गई

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिला गरियाबंद में राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अंतर्गत 26 फरवरी 2020 तक सामुहिक दवा सेवन कराने हेतु एवं 29 फरवरी तक मॉप-अप राउंड गतिविधियों क्रियान्वयन किया जा रहा है। 25 फरवरी को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में समस्त विभाग के अधिकारियों को एवं कलेक्टोरेट परिसर के समस्त विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके कक्ष में जाकर एल्बेन्डाजॉल एवं डी.ई.सी की दवा खिलाया गया। सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के तहत कुल 306 अधिकारियों/कर्मचारियों ने दवा खाकर भागीदारी प्रदाय किया। इसी प्रकार गरियाबंद नगर पालिका क्षेत्र के समस्त 12 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पल्स पोलियों की तरह बुथ स्थापित कर 24 फरवरी 2020 को उर्म्र अनुसार गरियाबंद नगरवासियों को

कृमि नाशक एल्बेन्डाजॉल तथा फाईलेरिया हाथी पांव रोधी डी.ई.सी. की गोली खिलाई गई। तत्पशचात् 25 फरवरी को नगर के सभी वार्डो में घर-घर भ्रमण कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा शिवम नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा दवा खाने से वंचित लोगो को कृमि नियंत्रण एवं हाथी पांव बिमारी के संबंध में जानकारी देते हुए उम्र के अनुसार लोगो को अपने सामने दवाई खिलाया जा रहा है।

जन-चौपाल में कलेक्टर ने सुनी आम जनता की समस्याएं

नवप्रदेश संवाददाता

बलौदाबाजार। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज यहां जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जन-चौपाल में बड़ी संख्या पहुंचे ग्रामीणों और किसानों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से फरियादियों का आमना-सामना करवाकर मामले को समझा और इनका समाधान कराया। कलेक्टर ने आज के जन-चैपाल में 105से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण किया। कुछ गंभीर किस्म की समस्याओं में जांच की जरूरत को देखते हुए इनकी नियमित निगरानी के लिए टी.एल.पंजी में मामला दर्ज कर अधिकारियों से रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। अपर कलेक्टर श्री जोगेन्द्र नायक एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री आशुतोष पाण्डेय ने भी लोगों से मुलाकात कर समस्याएं सुनी।

जन-चैपाल में आज बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम सलिहा निवासी खीकबाई साहू ने आवेदन के बाद भी लगानी जमीन का सीमांकन नहीं होने की शिकायत की।

योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो : सीईओ

गरियाबंद। जिले में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो, इसके लिए अधिकारी विभागीय समन्वय के साथ कार्य योजना बनाकर योजना क्रियान्वयन में प्रगति लायें। लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों को समय-सीमा में ही निराकरण करना सुनिश्चित करें। जिले में सभी स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण कार्य क्रियान्वयन एजेंसी विभाग शीघ्र पूर्ण कराये। जिला पंचायत के सीईओ विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उक्त निर्देश दिये।

उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), नगरीय निकायों में राजीव आश्रय योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी योजना और गौठानों के लिए पैरादान व गौठान समिति की अद्यतन स्थिति की अधिकारियों से जानकारी ली।

जिला पंचायत अध्यक्ष का देवचंद ने सम्हाली कमान

नवप्रदेश संवाददाता

कोण्डागांव। जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित किया गया था।राज्य शासन ने जिला पंचायत सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के लिए 24 फरवरी की तारीख तय की थी इस समारोह में स्थानीय संगठन के नेताओं को आमंत्रित किया गया। विधानसभा सत्र के चलते विधायक / मंत्री कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाएं। सीईओ जिला पंचायत डी एन कश्यप ने विधिवत सपथ ग्रहण करवाया। शपथ ग्रहण के बाद जिला पंचायत के पदाधिकारी विधिवत रूप से अपना कार्य शुरू कर पाएंगे।

12 जिला पंचायत सदस्यों ने ली शपथ

कोण्डागांव जिला पंचायत अंतर्गत 12 निर्वाचन क्षेत्र शामिल है, इन क्षेत्रों के खालेमुरवेण्ड क्षेत्र क्रमांक 1 से देवचंद मातलाम, धनोरा क्षेत्र क्रमांक 2 से महेश्वरी कोर्राम, कोरहोबेड़ा क्षेत्र क्रमांक 3 से संतोषी नेताम, छोटेराजपुर क्षेत्र क्रमांक 4 से परमिला मरकाम, चनियागांव क्षेत्र क्रमांक 5 से मनीता नेताम, शंकरपुर क्षेत्र क्रमांक 6 से शिवलाल मण्डावी, काटागांव क्षेत्र क्रमांक 7 से रमीला मरकाम, बड़ेसोहंगा क्षेत्र क्रमांक 8 से हेमलाल बघेल, मसोरा क्षेत्र क्रमांक 9 से भगवती पटेल, उमरगांव क्षेत्र क्रमांक 10 से खेमचंद नेताम, घोड़ागांव क्षेत्र क्रमांक 11 से बालसिंह बघेल और कांगा क्षेत्र क्रमांक 12 से रेशमा दीवान जिला पंचायत सदस्य चुने गए।

कार्यशाला बूटा कटाई कार्य को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करें-कलेक्टर

उच्च गुणवत्तायुक्त तेंदूपत्ता संग्रहण हेतु बेहतर ढंग से शाखकर्तन करने पर बल

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। बस्तर अंचल में तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीणों के लिये अतिरिक्त आय का एक प्रमुख जरिया है, अतएव अच्छी गुणवत्तायुक्त तेंदूपत्ता का संग्रहण करने के लिये बेहतर ढंग से बूटा कटाई कार्य को प्राथमिकता के साथ करें। इस दिशा में हरेक गांव के लोगों द्वारा आपस में विचार कर सभी चिन्हित स्थानों पर बूटा कटाई सुनिश्चित किया जाये। बूटा कटाई के इस कार्य की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग किया जाये और आवश्यक परामर्श भी प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के पदाधिकारियों सहित प्रबन्धकों एवं फड़ मुंशियों को दी जाये। यह बात कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा ने स्थानीय वन काष्ठागार में तेंदूपत्ता सीजन 2020 के तहत

शाखकर्तन-संग्रहण एवं भंडारण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कही।

इस दौरान कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा ने गरीबी उन्मूलन अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि राज्य शासन ने आगामी 4 वर्षों के भीतर दन्तेवाड़ा जिले में गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों के औसत को राष्ट्रीय औसत से कम करने का निर्णय लिया है और इस दिशा में हरेक गरीब परिवार को खेती-किसानी के अंतर्गत दूसरी फसल लेने, साग-सब्जी का उत्पादन करने सहित उद्यानिकी फसलों की खेती करने, पशुपालन, कुक्कुटपालन, मत्स्यपालन इत्यादि आयमूलक गतिविधियों के लिये सहायता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही वृहत स्तर पर वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा दी जायेगी, इस हेतु बालूद में वन-धन हब बनाया जायेगा। इसे मद्देनजर रखते हुए अब ग्रामीणों को अधिकाधिक वनोपज संग्रहण करने सहित प्रसंस्करण उद्यम के लिये आगे आना होगा। महिला समूहों द्वारा वनोपज खरीदी की जायेगी और करीब 22 तरह के विभिन्न वनोपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। इस हेतु संग्रहण केंद्र,प्रसंस्करण शेड आदि की व्यवस्था सहित ग्रामीणों को हरसंभव मदद दी जायेगी। कार्यशाला को हल्बी बोली में सम्बोधित करते हुए नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तुलिका कर्मा ने कहा कि राज्य सरकार वनवासियों बेहतरी के लिये कृतसंकल्पित है और इस दिशा में तेंदूपत्ता का संग्रहण दर 4 हजार रुपये प्रति मानक बोरा तय करने सहित विभिन्न वनोपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने, वन भूमि पर काबिज काश्त करने वाले किसानों को वनाधिकार पट्टा देने, वनोपज प्रसंस्करण उद्योग के लिये मदद उपलब्ध कराने इत्यादि सार्थक निर्णय लिया है। इन सभी से हमें लाभान्वित होने के लिये आगे आना होगा और अपने घर-परिवार को खुशहाली की ओर अग्रसर करना है। उन्होंने तेंदूपत्ता शाखकर्तन के बारे में सुझाव देते हुए कहा कि अच्छा से अच्छा तेंदूपत्ता संग्रहण करने के लिये बूटा कटाई पर ध्यान देना जरूरी है। शाखकर्तन में कोई कमी न रहे, इस हेतु मैदानी वन अमले और प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के पदाधिकारियों से सलाह अवश्य लिया जाये।

सिंचाई की सुविधा पाकर नई उर्जा से उत्साहित हैं पाराडोल के गोंदा सिंह

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुण्ठपुर। विकासखण्ड मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ से लगभग आठ किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत पाराडोल जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर से लगभग 64 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। गांव का क्षेत्रफल लगभग 359 एकड़ है। 2839 जनसंख्या वाले इस गांव में महात्मा गांधी नरेगा के जॉब कार्डधारी परिवारों की संख्या 705 है। इस गांव में वनवासियों की संख्या ही बहुतायत में है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के रहवासियों के बीच महात्मा गांधी नरेगा के कार्य करने वाले श्रमिकों के साथ शहरी क्षेत्र में जाकर रोजगार करने वाले

गांव में सिंचाई के सीमित साधन ही हैं। एक ओर का क्षेत्र सिंचित है परंतु उससे गांव की एक चैथाई से भी कम भूमि सिंचित होती है। ज्यादातर आर्थिक रूप से संबल किसानों ने अपने लिए बोर के माध्यम से सिंचाई के साधन और पेयजल की व्यवस्था बनाई है। इसी गांव में रहने वाले लगभग 68 वर्षीय श्री गोंदा सिंह को पंचायत की ग्राम सभा में तकनीकी सहायक सुश्री साइना बी ने बताया कि कुंए का निर्माण कराने से उनके पेयजल और खेतों को सिंचाई का वैकल्पिक साधन मिल जाएगा। तब उन्होने जीपीडीपी निर्माण के समय अपनी मांग दर्ज कराकर आवेदन पत्र ग्राम पंचायत को दिया।

पाराडोल में निवासरत श्री गोंदा सिंह के परिवार में एक पुत्र और पत्नी हैं। मात्र 96 डिसमिल जमीन के मालिक श्री गोंदा सिंह के पास बारिश के अलावा कोई अन्य साधन नहीं था कि वह अपने मेहनत से कुछ आगे कर पाते। दसवीं तक पढ़ चुके पुत्र को भी कोई काम न होने के कारण दूसरे के खेतों में काम करने के लिए भेजना या फिर महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों में रोजगार की तलाश ही उनकी आजीविका का साधन था। ऐसे में वह लंबे समय से अपने भूमि में सिंचाई और पेयजल के एक स्रोत के लिए परेशान थे। कूप निर्माण को लेकर किसानों के बीच एक उहापोह की स्थिति सदैव रहती है क्योंकि पाराडोल एक पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण थोड़ी सी खुदाई करने से ही चट्टाने आ जाती हैं और वहां पर काम रूक जाता है। वहीं उंचे भूमि में कूप निर्माण में पानी की उपलब्धता काफी कम हो जाती है। ऐसे में कूप निर्माण के लिए सही जगह का चयन भी श्री गोंदा सिंह के लिए एक चुनौती की तरह ही था। तकनीकी सहायक की मदद से उन्होने सही जगह का चयन किया जहां उन्हे प्रारंभिक स्तर पर ही पर्याप्त जलस्रोत मिल गया।

जीपीडीपी में ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर जनपद पंचायत की अनुसंशा उपरांत जिला पंचायत कोरिया द्वारा हितग्राही श्री गोंदा सिंह को कूप निर्माण कराए जाने की अनुमति प्रदान की गई। प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होते ही ग्राम पंचायत ने दिनांक-24 जनवरी 2019 को श्री गोंदा सिंह के खेत में उनके बताए गए स्थान पर कूप निर्माण का काम प्रारंभ किया। इसके लिए सबसे पहले तकनीकी सहायक सुश्री साइना बी ने रोजगार सहायक की उपस्थिति में 5 मीटर व्यास का ले-आउट दिया। इसके बाद 12 श्रमिकों के नियोजन के साथ मिट्टी खुदाई का काम प्रारंभ हुआ। इसमें श्री भागारथी ने 24 दिनों का काम किया। और उसके परिवार से पत्नी और बेटे ने भी महात्मा गांधी नरेगा के तहत अकुशल श्रम करते हुए 00 रूपए का रोजगार मूल्य प्राप्त किया। जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ के देखरेख में ग्राम पंचायत पाराडोल ने बतौर क्रियान्वयन एजेंसी श्री गोंदा सिंह का कूप निर्माण का काम करवाया।

बचेली नेरली सीआरपीएफ कैम्प में बॉलीवाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बचेली नेरली घाटी सीआरपीएफ बटालियन में शहीद के .के शुक्ला मेमोरियल बॉलीवाल प्रतियोगिता का आज हुआ शुभारम्भ । इस 4 दिवसीय प्रतियोगिता के शुभारम्भ के मुख्य अतिथि के रूप में श्री डी.एन.लाल पुलिस उप निरीक्षक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल दंतेवाड़ा एवं श्री टोपेश्वर वर्मा कलेक्टर दंतेवाड़ा,डॉक्टर अभिषेक पल्लव पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा, श्री एस आलोक सीईओ दंतेवाड़ा,श्री डब्लू आर जोशुआ कमांडेंट सीआरपीएफइंटक के महासचिव आशीष यादव के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस प्रतियोगिता में दंतेवाड़ा सुकमा जिले के अंतर्गत आने वाले 23 गांव की विभिन्न टीमें हिस्सा ले रही है। जो कि इस प्रकार हैं बड़े कमेली 1, बड़े कमेली 2, भांसी 1, भांसी 2, धुरली, दुगेली1, दुगेली 2, गमावाड़ा, गंजेनार, गेलियापाल, मोलसनार, कुआकोंडा, कुचेपाल, मदाड़ि, मड़कामीरास, मसेनार, नेरली, एवं पोटा केबिन, इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है।

आयोजन दिनांक 24/02/2020 से प्रारंभ होकर दिनांक 28/02/2020 को संपन्न होगा इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में विजेता टीम को ?15000 का पुरस्कार एवं उपविजेता टीम को ?10000 का पुरस्कार वही तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को ?8000 का पुरस्कार एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को ?5000 का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को ? 2000 की राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त भाग लेने वाले सभी टीमों के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र खेल सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाएगी। इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य इस क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों तथा सुरक्षा बलों के मध्य मैत्री भाव एवं आपसी संबंधों को सुदृढ़ करना है इसके अतिरिक्त विकास की दृष्टि से पिछड़े गांवों के निवास कर रहे ग्रामीणों को उनके प्रतिभा दिखाने एवं निखारने का एक मंच प्रदान किया जा सके।

213 विद्यार्थियों ने खाई एल्बेंडाजोल की गोली

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिला में त्रिस्तरीय राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का जिला स्तरीय आयोजन विकासखण्ड जिले के डॉ. भीमराव अम्बेडकर उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालय में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्री उत्कर्ष तिवारी ने विद्यालय के 213 विद्यार्थियों को एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाकर की गई है। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होने कहा कि भारत शासन एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्कर्ष तिवारी ने स्कूली बच्चों को फाइलेरिया उन्मूलन के संबंध में जानकारी दी।

द बॉडी टेम्पल जिम का शुभारंभ

- नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा एवं कांग्रेस प्रदेश महासचिव छबीन्द्र कर्मा ने फीता काटकर किया शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बचेली इंटक सदन के हाल में द बॉडी टेम्पल (शरीर का मंदिर) नामक जिम का आज शुभारम्भ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा,कांग्रेस प्रदेश महासचिव छबीन्द्र कर्मा ने फीता काटकर जिम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूजा साव,पार्षद किरण जयसवाल, बीना साहू, मनोज साहा इंटक महासचिव आशीष यादव देबाशीष पॉल, तोमन श्री, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सलीम रजा उस्मानी,राजन छोटू, सलमान नवाब,जितेंद्र चौधरी, राहुल सेन एवं अन्य की उपस्थिति रही। आपको बता दे की सर्व सुविधायुक्त इस जिम में वो सभी उपकरण मौजूद है जिससे बचेलीवासियो को अपने शरीर को फिट रखने में मदद मिलेगी। जिम में एक ट्रेनर भी मौजूद रहेंगे जिनकी देखरेख में लोग अभ्यास करंगे। जिम के संचालक 29 वर्षीय निखिल दुर्गम ने बताया की लंबे समय से उनके मन मे बचेली में युवाओं को स्वस्थ रखने के लिए एक जिम खोलने की इक्षा थी । एनएमडीसी द्वारा जिम बनाया गया है परंतु उसमे एनएमडीसी के अलावा अन्य को जाने की अनुमति नही है। इसी वजह से नगर के बाकी लोगो को अपनी फिटनेस को लेकर हमेशा परेशानी उठानी पड़ती थी। इस जिम को खोलने का एक प्रमुख कारण भी यही है कि बचेली के जो युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे है उन्हें शारीरिक रूप से मजबूती मिलेगी जिससे वो नशे से किनारा करेंगे।

निखिल दुर्गम जिम संचालकः इस जिम को खोलने में इंटक के महासचिव आशीष यादव एवं मेरे पिता श्री डी सूर्यनारायण माता श्रीमती जूना दुर्गम का भी पूरा साथ मिला है। जिम की सदस्यता आसानी से प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए सदस्यता फार्म भरना होगा। मेंबरशिप के लिए 300 रुपये एवं बहुत ही कम फीस बचेलिवासियो को देखते हुए रखी गयी है। जिसमे 1 महीने का 600 रु,3 महीने का 1500 रु 6 महीने का 3000 रु एवं पूरे एक साल का 6000 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है।

मोहम्मद बशीर गोरी बने उपसरपंच

कांकेर। कोडेजूँगा ग्राम पंचायत में उपसरपंच के पद पर मोहम्मद बशीर गोरी ने जीतकर उपसरपंच बनाए गए। उपसरपंच बनने के बाद ग्रामीणों ने ज़मकर आतिशबाजी कर खुशियां मनाई गई । इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपँच वार्ड पंच के अलावा पूर्व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिले के सफाई कामगारों को विभिन्न योजना के तहत मिलेगा ऋण

मुंगेली। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सफाई कामगारों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु महिला समृद्धि, सफाई कामगार वर्ग महिला अधिकारिता योजना, स्कीम अपटू, और माइक्रो केडिट योजना के तहत ऋण दिया जाएगा। इस हेतु 29 फरवरी तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। आवेदन पत्र कार्यालयीन समय पर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मे प्रस्तुत किए जा सकते है। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय सफाई कामगार वित्त एवं विकास निगम द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यांवसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम रायपुर के सहयोग से सफाई कामगारों के लिए विभिन्न योजनाओं को संचालन किया जा रहा है। महिला समृद्धि, ईकाई लागत 0.50 लाख लक्ष्य 04, सफाई कामगार वर्ग महिला अधिकारिता योजना ईकाई लागत 10 लाख लक्ष्य 04, सफाई कामगार हेतु स्कीम आपटू , ईकाई लागत 01 लाख लक्ष्य 04, सफाई कामगार हेतु माइक्रो केडिट ईकाई लागत 0.50 लाख लक्ष्य 05 आवेदको को ऋण दिया जाएगा।

प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थी पुरस्कृत

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले के आगर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं आशीर्वाद समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्यअतिथि न.पा. परिषद् उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह थे, समारोह की अध्यक्षता सभापति जितेन्द्र दावड़ा ने किया, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य ड़ां. चन्द्रशेखर सिंह थे।

आगर समिति के उपाध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने विद्यालय की गतिविधि लोगो को दी। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, भाषण, वाद-विवाद, चित्र कला, बुके बनाव, टाली सजाव के साथ लोक नृत्य में देश-भक्ति गीत के साथ बेटी-बचाव पर आधारित कार्यक्रम व सांस्कृति कार्यक्रम भी हुए। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए विचार व्यक्त किये। समारोह में प्रावीण्य सूची में आए विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि एवं मेडल प्रदान किया गया। पुरस्कृत किए गए विद्यार्थियों में पिछले सत्र की परीक्षा में कक्षा 10 वीं की सीमा साहू 87.6 रामचंद्र साहू 87 प्रतिशत, करिंगा यादव 80.6 प्रतिशत गायत्री जोशी 80.5 प्रतिशत को पुरस्कार 500 रुपए एवं मेडल आगर शिक्षण समिति के संस्थापक स्व.एलके मिश्र पूर्व प्राचार्य नगर पालिका हायर सेकेंडरी स्कूल एवं पूर्व पार्षद स्व. विमला मिश्रा की स्मृति में स्कूल की प्रधान पाठिका माधवी मिश्रा एवं आभा शुक्ला ने प्रदान किया गया।

राउत नाचा महोत्सव में नर्तक दलों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

मुंगेली। जिले में राऊत नाच महोत्सव समिति सेतगंगा द्वारा श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित चतुर्थ वर्ष रावत नाच महोत्सव में रावत नर्तक दल की मनमोहक और मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति को देखकर दर्शक आनंद से देर रात तक झूमते रहे। प्रथम देवरी की टीम, द्वितीय सोनपुरी की टीम,तृतीय गैंजी की टीम, चतुर्थ बड़ा बाजार जिले की टीम, पंचम स्थान गोरखपुर की टीम ने अपने नाम की। मुख्य अतिथि श्रीमती रजनी मानिक सोनवानी जिला पंचायत सदस्य ने आयोजकों को बधाई देते हुए भगवान कृष्ण के वंशजों को ऐसे आयोजन निरंतर करते रहने की बात कहते हुए यादवी संस्कृति और राऊत नाच जैसे धरोहर को बनाए रखने की अपील की।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सदन में किसान...

का ऐसा बवाल मचा कि विधानसभा अध्यक्ष ने प्रश्नोत्तर काल के बाद चर्चा की व्यवस्था दी।

पुनः कार्रवाई शुरु होने के साथ ही एक बार फिर धान खरीदी और बकाया किसानों के संबंध में चर्चा के लिए जब सत्तापक्ष के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत व कृषि मंत्री बोलने उठे तो दांव उलटा पड़ता देख भाजपा ने फिर से हंगामा करना शुरू कर दिया। इस बार वे स्थगन पर चर्चा की बजाए सीधे दो शब्दों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ऐलान करने की जिद करने लगे। विपक्ष की मांग थी कि चर्चा जरूरी नहीं है सीधे सपाट दो शब्दों में सीएम ही घोषणा कर दें कि क्या प्रदेश के बकाया किसानों का धान खरीदेंगे या नहीं। बता दें कि कांग्रेस ने वादा किया था कि हर किसान का जब तक एक-एक दाना धान नहीं खरीदा जाएगा(वादा प्रति 15 क्विंटल धान)धान खरीदी नहीं रुकेगी। मंत्री अमरजीत भगत, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चर्चा में हिस्सा लेते और कोई फैसला देते। परंतु बीजेपी की जिद और हंगामे के बाद सत्तापक्ष ने भी जमकर नारेबाजी की और सदन में इतना हल्ला मचा कि कार्रवाई को कुछ देर के लिए स्थगित करना पड़ा। इसके बाद भी जब बात बनती नहीं दिखी और दांव उलटा पड़ता नजर आया तो विपक्ष ने गर्भगृह में प्रवेश कर नारेबाजी करते हुए स्वमेव निलंबित हो गए। हंगामा बढ़ता देख मजबूरन विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने सदन की कार्रवाई व धान पर स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा को भोजनावकाश के बाद यानि डेढ़ बजे से ऐलान किया कि 3 बजे दोपहर तक के लिए सदन की कार्रवाई स्थगित की जाती है।

ऐसा बोले महंत...

महंत ने धान, किसान और हितों की बात करते सदस्यों पर तंज कसते हुए कहा आप सभी किसानों की बात करते हैं। प्रदेश का किसान यह सब देख रहा है, अच्छा मुझे यह बताएं कितने धोती पहनकर आए हैं और कितने सूट पहनकर। विस अध्यक्ष की यह बात सुनकर सब खामोश हो गए पर चंद मिनट बाद फिर हंगामा शुरु कर दिये।

अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज...

व्यक्तित्व और कृतित्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1972 और 1980 में वे सरगुजा और कोरिया विधानसभा क्षेत्र से मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए विधायक निर्वाचित हुईं। उन्होंने वित्त राज्य मंत्री और लघु सिंचाई मंत्री का दायित्व संभाला। उन्होंने मध्यप्रदेश और तत्कालीन सरगुजा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सरगुजा क्षेत्र के विकास की आधारशिला उन्होंने रखी। उन्होंने जनता से जुड़कर सादगी के साथ जनता की सेवा की। उनकी सहजता, सरलता और मिलनसारिता हम सब के लिए अनुकरणीय है। डॉ. महंत ने कहा कि उनका स्नेह हम सब को हमेशा मिलता रहा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव का निधन हम सबके लिए अपूरणीय क्षति है। वे राज परिवार तक ही समिति नहीं रहीं। उन्होंने आम जनता से जुड़कर सरगुजा, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को अपना परिवार समझा और इन क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

बनी बात...

के रक्षा संबंध और मजबूत होंगे। द्विपक्षीय वार्ता से पूर्व ट्रंप का राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत हुआ। उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में आयोजित 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम में सोमवार को ही इस डील का ऐलान कर दिया था। उन्होंने बताया था कि तीन अरब डॉलर कीमत के अत्याधुनिक सैन्य हेलिकॉप्टर और अन्य उपकरणों के लिए मंगलवार को समझौते किए जाएंगे। ट्रंप ने कहा था, 'हम अब तक के कुछ श्रेष्ठ उपकरण बनाते हैंः विमान, मिसाइलें, रॉकेट, पोत। हम अब भारत के साथ सौदा कर रहे हैं। इसमें उन्नत वायु रक्षा प्रणाली और सशस्त्र तथा बिना शस्त्र वाले एरियल व्हीकल शामिल हैं।'

भारत में धार्मिक...

की धरती से चलने वाले आतंकवाद पर लगाम लगाने की जरूरत है। ट्रंप ने आतंकवाद का जिक्र करते हुए कहा, 'पीएम मोदी और मैं अपने नागरिकों को कट्टर आतंकवाद से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमेरिका, पाकिस्तान की धरती से चल रहे आतंकवाद को रोकने के लिए कदम उठा रहा है।

मोदी ने ट्रंप के समक्ष...

मुख्य रूप से सुरक्षा एवं रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी एवं व्यापार, लोगों के बीच आपसी संपर्क, वैश्विक मुद्दे और कुछ क्षेत्रीय मुद्दों पर बात हुई। भारत ने अमेरिका के समक्ष पाकिस्तान से प्रायोजित आतंकवाद और एच1बी वीजा का मुद्दा भी उठाया।

ठोस अपशिष्ट पदार्थो का उपयोग और सही निष्पादन कार्य समूह ने सीखा

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति नुपूर राशि पन्ना ने आज यहां बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में विकासखण्ड जिले के ग्राम पंचायतों में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा घर-घर जाकर ट्राइसाइकिल एवं हाथ गाडी के माध्यम से ठोस अपशिष्ट जैसे पालीथिन ,प्लास्टिक, कागज, पेपर, बाटल एवं अन्य सभी ठोस कचरा घर से एवं ग्राम के सार्वजनिक स्थानों से कलेक्शन कर उसका पुनः उपयोग एवं सही निपटान हेतु कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी मे विगत दिनों विकासखण्ड जिले के ग्राम पंचायत खेढ़ा, रामगढ़, कंतेली, प्रतापपुर, बिजातराई, बिरगांव एवं अन्य ग्राम पंचायतों मे स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह के महिलाओं के द्वारा ओ.डी.एफ प्लस की गतिविधियों यथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य प्रारंभ किया गया। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर. एस. नायक ने ग्रामीण स्वच्छता को बढ़ावा देने एवं ओ.डी.एफ स्थायित्व हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने, पर्यावरण संरक्षण क लिए कपड़े के थैलो को प्रयोग, गीला एवं सूखा कचरा का निपटान घरेलु स्तर पर करने , संक्रमणकारी कचरा जैसे-सेनेटरी नेपकिन, बच्चों की डायपर, परिवार नियोजन के साधन पेपर,घाव की पट्टी व मेडिकल वेस्ट आदि को पेपर मे बांधकर लाल निशान लगाकर महिला स्व-सहायता समूह (स्वच्छता दीदी) को देना किसी भी में खुला संक्रमणकारी कचरा अथवा खुला सामान महिला स्व-सहायता समूह (स्वच्छता दीदी) को नही देने ग्रामवासियों को अवगत कराया गया ।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ASHISH KUMAR THAKKAR S/O RAMESH THAKKAR निवासी HNO-321 WARD NO-07 SHAHID VEER NARAYAN SINGH WARD ANTAGARH KANKER (C.G) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम ASHISH THAKKAR S/O RAMESH THAKKAR रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम ASHISH THAKKAR S/O RAMESH THAKKAR से ही जाना पहचाना जावे।

ASHISH THAKKAR
HNO-321 WARD NO-07
SHAHID VEER NARAYAN
SINGH WARD ANTAGARH
KANKER (C.G)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

एकता कपूर की फिल्म में काम करेंगे अक्षय कुमार

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार एक बार फिर फिल्मकार एकता कपूर की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं।

अक्षय कुमार अगले दो सालों के लिए पूरी तरह से व्यस्त हैं। उनकी आने वाली फिल्मों में सूर्यवंशी, लक्ष्मी बॉम्ब, बच्चन पांडे, बेल बॉटम, पृथ्वीराज और हेराफेरी 3 जैसी फिल्में शामिल है। अक्षय की इस लिस्ट में एकता कपूर की फिल्म का नाम भी जुड़ गया है। बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार और एकता कपूर इस फिल्म के साथ ही अपने रियूनियन की तैयारियां कर रहे हैं। दोनों ने पहले फिल्म वन्स अपॉन ए टाइम इन बॉलीवुड में काम किया था।

चर्चा है कि अक्षय ने यह फिल्म 10 दिन पहले साइन की है। इस फिल्म के लिए लॉजिस्टिक्स की तैयारियां हो रही हैं और स्क्रिप्ट को फाइनल किया जा रहा है और माना जा रहा है कि फिल्म का बजट काफी बड़ा होगा। फिल्म का निर्देशन नवोदित निर्देशक करेंगे।

24 मार्च को रिलीज होगी अक्षय की सूर्यवंशी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार की फिल्म सूर्यवंशी 24 मार्च को रिलीज होगी। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म सूर्यवंशी में अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की मुख्य भूमिका में है। इस एक्शन पैक्ड फिल्म में अक्षय कुमार ने काफी खतरनाक स्टंट किए हैं। पहले यह फिल्म फिल्म 27 मार्च को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसकी रिलीज डेट बदल दी गयी है। अक्षय कुमार, अजय देवगन और रणवीर सिंह ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसके द्वारा उन्होंने अपने फैन्स को यह खुशखबरी दी है।

एकता कपूर की वेबसीरीज में काम करेंगी प्रणति राय प्रकाश

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रणति राय प्रकाश फिल्मकार एकता कपूर की वेबसीरीज में काम करने जा रही है।

प्रणति राय प्रकाश ने फिल्म 'फैमिली ऑफ़ठाकुरगंज' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। प्रणति ने हाल ही में प्रदर्शित इम्तियाज अली की फिल्म 'लव आज कल 2' में छोटी सी भूमिका निभायी है। वह जल्द ही 'कार्टेल' नामक एक वेब सीरीज़ में नज़र आने वाली है। यह सीरीज़ एकता कपूर की ऑल्ट बालाजी के ओटीटी प्लेटफॉर्म में आने वाली है। जिसमें रित्विक धनजानी, सुप्रिया पाठक, और तनुज विरवानी जैसे सितारे नज़र आने वाले हैं। इस वेब सीरिज़ को सुयश वाधवकर निर्देशित कर रहे हैं। प्रणति 'कार्टेल' में अपने किरदार को लेकर काफी उत्साहित है। उन्होंने कहा, मेरा किरदार सुमी मुझसे बहुत अलग है फिर भी मैं अपने आपको कनेक्ट कर सकती हूँ। मैं हमेशा से अपने किरदार को एक चुनौती के तौर पर लेती हूं और खुद उस किरदार को निभाने की पूरी कोशिश करती हूं। मुझे अपने काम से बहुत प्यार है क्योंकि मुझे इस काम से बहुत कुछ सीखने मिलता है। मैं सुमी का किरदार दर्शकों के सामने सुन्दर तरीके से पेश करना चाहती हूं जिससे मेरे फैन्स भी मेरी तरह उसे अच्छी तरह समझ पाए।

साउथ की फिल्मों में भी काम करना चाहती हैं दीपिका

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण साउथ की फिल्मों में भी काम करना चाहती है। दीपिका पादुकोण की इस वर्ष फिल्म छपाक भी रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तो कुछ खास कमाल नहीं कर पाई लेकिन दीपिका की एक्टिंग की तारीफकाफी हुई। उनकी नेचरुल एक्टिंग देख फैंस काफी प्रभावित हो गए थे। दीपिका ने करियर की शुरुआत साउथ इंडस्ट्री से की थी। उन्होंने वर्ष 2006 में फिल्म ऐश्वर्या से फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म के बाद ही दीपिका को अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म मिली थी। दीपिका पादुकोण फिर साउथ फिल्म इंडस्ट्री की तरफरुख करने का विचार कर रही हैं। दीपिका ने बताया है कि वो साउथ इंडस्ट्री में फिर वापसी कर सकती हैं। दीपिका पादुकोण ने कहा, 'भाषा मेरे करियर में कभी भी बाधा नहीं बनी है। मुझे बतौर एक्टर बेहतरीन कंटेंट की तलाश रहती है। मुझे तो साउथ के कई डायरेक्टर अप्रोच कर चुके हैं। वैसे भी जरूरत तो बस सही और अच्छे कंटेंट की ही होती है। दीपिका जल्द हीं कबीर सिंह निर्देशित 83 में नजर आएंगी। फिल्म 83 में रणवीर सिंह कपिल देव के रोल में है। वहीं दीपिका पादुकोण रोमी देव के किरदार में नजर आएंगी। वह फिल्म में कपिल देव की पत्नी का रोल अदा कर रही हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने जा रही है।

अमिताभ के साथ काम करना सम्मान की बात : आयुष्मान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि अमिताभ बच्चन के साथ काम करना किसी भी कलाकार के लिये सम्मान की बात होती है।

आयुष्मान इन दिनों अमिताभ के साथ फिल्म गुलाबो सिताबो में काम कर रहे हैं। आयुष्मान ने अमिताभ के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बताते हुये कहा कि अमिताभ के साथ काम करना उनके लिए लर्निंग एक्सपीरिएंस था। आयुष्मान ने कहा, बच्चन सर अद्भुत हैं। मैं उनके साथ एक चीज हमेशा नोटिस करता हूं कि वे हमेशा पहले से ही पूरी तरह से तैयार रहते हैं। उन्हें अपनी लाइन तो पता होती ही हैं साथ ही उन्हें सामने वालों की लाइन्स भी पता होती हैं। उनके सामने काम करना इतना आसान नहीं है। किसी भी कलाकार के लिये उनके साथ काम करना सम्मान की बात है।

भारत के लिए मददगार नहीं रहा न्यूजीलैंड में टॉस जीतना

■ **भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में हार के बाद टॉस की अहमियत पर चर्चा की। हालांकि अगर रेकॉर्ड की बात करें तो तस्वीर अलग नजर आती है।**

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान विराट कोहली को लगता है कि न्यूजीलैंड के खिलाफपहले टेस्ट मैच में टॉस की भूमिका अहम रही लेकिन अभी तक के रेकॉर्ड कुछ और ही कहानी बयां करते हैं क्योंकि भारत ने कीवी सरजमीं पर केवल एक बार टॉस और मैच दोनों जीते हैं।

भारत को वेलिंगटन में पहले टेस्ट मैच में दस विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारत टास हार गया और पहले बल्लेबाजी करते हुए उसकी टीम 165 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 348 रन बनाकर 183 रन की बढ़त ली। भारतीय बल्लेबाज दूसरी पारी में भी नहीं चले और केवल 191 रन ही बना पाए। कोहली ने मैच के बाद कहा था, 'टॉस महत्वपूर्ण साबित हुआ। इसके साथ ही हम बल्लेबाजी इकाई के रूप में प्रतिस्पर्धी होने पर गर्व करते हैं लेकिन यहां हमने पर्याप्त प्रतिस्पर्धा नहीं दिखाई।'

रेकॉर्ड की बात करें तो भारत ने अब तक न्यूजीलैंड में कुल 24 टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें से पांच में जीत दर्ज की जबकि नौ मैच उसने गंवाए हैं। बाकी दस मैच ड्रॉ समाप्त हुए। भारत ने न्यूजीलैंड में जो पांच मैच जीते हैं उनमें से चार मैचों में उसने टॉस गंवाया था।

न्यूजीलैंड में टॉस गंवाने पर भारतीय रेकॉर्ड 11 मैचों में चार जीत और चार हार का है जबकि इसके विपरीत टॉस जीतने पर उसका रेकॉर्ड 13 मैचों में एक जीत और पांच हार का है। भारत ने पिछले 44 वर्षों में यानी पांच फरवरी 1976 से लेकर अब तक न्यूजीलैंड में 19 टेस्ट मैचों में केवल एक मैच जीता है जबकि आठ मैच उसने गंवाए हैं। इन 19 मैचों में से 12 मैच में भारत ने टॉस जीता था लेकिन उसे केवल एक मैच में जीत मिली। यह मैच भारत ने हैमिल्टन में 2009 में जीता था जिसमें वर्तमान टीम के सदस्य इशांत शर्मा भी खेले थे।

कोहली ने टॉस को महत्वपूर्ण करार दिया। इसका मतलब, वह भी टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करना पसंद करते। भारतीय रेकॉर्ड भी कहता है कि उसके लिये न्यूजीलैंड में बाद में बल्लेबाजी करना अच्छा रहा है। भारत ने कीवी धरती पर 13 मैचों में पहले क्षेत्ररक्षण किया और इनमें से चार मैच में उसे जीत और इतने ही मैचों में हार मिली।

कोहली का पुजारा और अन्य को संदेश: सतर्कता बरतने से फायदा नहीं होगा

■ **कप्तान कोहली ने कहा कि खिलाड़ियों को जरूरत से ज्यादा रक्षात्मक रवैया छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि अत्यधिक सुरक्षित खेल से टीम को कोई फायदा नहीं होता।**

वेलिंगटन। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफदूसरे टेस्ट मैच से पहले, अपने बल्लेबाजों से बेहद रक्षात्मक रवैया छोड़ने की अपील करते हुए कहा कि विदेशी दौरों में इस तरह के खेल से कभी फायदा नहीं मिलता। भारत को बेसिन रिजर्व में पहले टेस्ट मैच में दस विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। वह तेज गेंदबाजों के लिए मददगार पिच पर दोनों पारियों में 200 रन तक भी नहीं पहुंच पाया था।

कोहली ने हार के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि बल्लेबाजी इकाई के तौर पर हम जिस भाषा का उपयोग करते हैं, उसे सही करना होगा। मुझे नहीं लगता कि सतर्क होने या बेहद सावधानी बरतने से मदद मिलेगी क्योंकि ऐसे में हो सकता है कि आप अपने शॉट नहीं खेल पाओ।'

दूसरी पारी में तकनीकी तौर पर मंझे हुए बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने बेहद रक्षात्मक रवैया अपनाया और 81 गेंदों पर 11 रन बनाए। हनुमा विहारी ने 79 गेंदें खेलीं और 15 रन बनाए। बल्लेबाजी यूनिट किसी भी समय लय हासिल करने में नाकाम रही। पुजारा ने बीच में 28 गेंद तक एक भी रन नहीं बनाया और ऐसे में दूसरे छोर पर खड़े मयंक अग्रवाल को ढीले शॉट खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। भारतीय कप्तान को यह कतई पसंद नहीं है कि आप दौड़कर एक रन न लो और किसी अच्छी गेंद का इंतजार करो जो आपका विकेट ही ले लेगी।

कोहली ने कहा, 'आपको संदेह पैदा होगा, अगर इन परिस्थितियों में एक रन भी नहीं बन रहा है, आप क्या करोगे? आप केवल यह इंतजार कर रहे हो कि कब वह अच्छी गेंद आएगी जो आपका विकेट ले लेगी।'

साउथ अफ्रीका में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद टॉम करन की नजरें कोहली, रोहित पर

नई दिल्ली। इस साल ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप खेला जाना है और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज टॉम करन ने साउथ अफ्रीका में हाल ही में खत्म हुई टी-20 सीरीज में दमदार प्रदर्शन कर अपनी पहचान बनाई है। अब टॉम करन की नजरें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में विराट कोहली और रोहित शर्मा के विकटों पर हैं। टॉम आईपीएल में पूर्व विजेता राजस्थान रॉयल्स की जर्सी में नजर आएंगे। टॉम ने कहा कि वह कोहली और रोहित दोनों के प्रशंसक हैं, लेकिन जब उनके हाथ में गेंद होगी तो वह विश्व के दो बेहतरीन बल्लेबाजों को अपनी योग्यता से आउट करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि वह विश्व स्तर के खिलाड़ी हैं। एक गेंदबाज के तौर पर यह मेरे लिए अपनी रणनीति लागू करने और उनके बजाए अपनी योग्यताओं पर ध्यान देने की बात है। यह शानदार चुनौती होगी, जिसके लिए मैं तैयार हूं।' टॉम से जब पूछा गया कि क्या वे आईपीएल को टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिहाज से मंच के तौर पर देख रहे हैं? तो उन्होंने कहा, 'मैं क्रिकेट में कोई भी मैच खेलूं, मुझे लगता है कि उसका प्रभाव पड़ता है।

भारतीय ग्रैंडमास्टर वैभव सूरी ने शीर्ष वरीय आर्तेमीव को हराया

मास्को । भारतीय ग्रैंडमास्टर वैभव सूरी ने एयरोफ्लोट ओपन शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त रूसी खिलाड़ी व्लादिस्लाव आर्तेमीव को हराकर उलटफेर किया जिससे वह संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गये। अजरबेजान के रऊफ मामेदोव ने आर्मेनिया के मैनुएल पेट्रोसियान से ड्रा खेला और वह पांच अंक लेकर अब भी शीर्ष पर हैं। रूस के सनान सजुगिरोव ने हमवतन वादिम ज्वागिनसेव को हराया और वह 4.5 अंक के साथ तुर्की के मुस्तफा यिल्माज और पेट्रोसियान के साथ दूसरे स्थान पर हैं। सूरी (ईएलओ रेटिंग 2591) ने अपने से अधिक रेटिंग के आर्तेमीव (ईएलओ 2728) को 71 चाल में हराया।

काइल जेमिसन के प्रदर्शन ने न्यूजीलैंड टीम के लिए बढ़ाई मुश्किलें

नई दिल्ली। वेलिंग्टन टेस्ट में भारत पर 10 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले न्यूजीलैंड के क्रिकेटर काइल जेमिसन ने टीम प्रबंधन के लिए एक मुश्किल खड़ी कर दी है। भारतीय टीम ने पहली पारी में सिर्फ 165 रन बनाए। और अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे 6 फुट 8 इंच के इस गेंदबाज ने अपनी गेंदों से भारतीय बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। शॉर्ट बॉल फेंकने में एक्सपर्ट माने जाने वाले नील वैगनर के स्थान पर टीम में शामिल किए गए जेमिसन ने 39 रन देकर चार विकेट लिए। उन्हें अपने कद की वजह से काफी उछाल मिला और इसने भारतीय बल्लेबाजों को बैकफुट पर रखा। इसके बाद उन्होंने बल्ले से भी जौहर दिखाया।

उन्होंने 44 गेंदों पर 45 रन की पारी खेली। इस पारी में चार छक्के भी शामिल थे। निचले क्रम के बल्लेबाजों काफी सधे अंदाज में बल्लेबाजी की। न्यूजीलैंड के आखिरी तीन खिलाड़ियों ने 100 से ज्यादा रन जोड़े और टीम का स्कोर 348 तक पहुंच पाया।

राष्ट्रमंडल निशानेबाजी और तीरंदाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

लंदन। भारत राष्ट्रमंडल निशानेबाजी और तीरंदाजी चैंपियनशिप की मेजबानी जनवरी 2022 में चंडीगढ़ में करेगा और बर्मिंगम में होने वाले खेलों में इसके पदकों को 'प्रतिस्पर्धी देशों की रैंकिंग' के लिए जारी होने वाली अंतिम तालिका में शामिल किया जाएगा। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इन दोनों स्पर्धाओं के पदकों को हालांकि राष्ट्रमंडल खेलों के समापन समारोह के एक सप्ताह बाद अंतिम तालिका में जोड़ा जाएगा। सीजीएफ ने यहां 21 से 23 फरवरी तक चली कार्यकारी बोर्ड की बैठक में यह फैसला किया।

कोरोना वायरस का खतरा दिखा तो ऑलंपिक मशाल के लिए ग्रीस अपनाएगा प्लान बी

एथेंस। कोरोना वायरस का खतरा अब 2020 तोक्यो ओलिंपिक आयोजन पर भी पड़ सकता है। ग्रीक ओलिंपिक कमिटी ने सोमवार को कहा कि अगर उनके देश में कोरोना वायरस का खतरा नजर आता है तो वह ओलिंपिक मशाल प्रज्ज्वलित करने की सेरेमनी के वैकल्पिक विचारों को लेकर योजना बनाने के लिए सरकार से बात कर रही है।

तोक्यो 2020 ओलिंपिक के लिए मशाल जलाने की तारीख 12 मार्च को है। इसी दिन पुरातन ओलिंपिया में मशाल प्रज्ज्वलित की जाएगी, इसके बाद टॉर्च को ग्रीस की धरती पर घुमाया जाएगा। इसके बाद 19 मार्च को इसे एथेंस के पानाथेनिक स्टेडियम में जापानी आयोजकों को थमाया जाएगा।

बेमौसम बारिश से धान खरीदी केन्द्र तरबतर

■ मौसम का मिजाज बदला तीन दिनों से बदली छाई रही

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले में अचानक हुये मौसम परिवर्तन से जहाँ फसलों को नुकसान व वही धान खरीदी केन्द्रों में रखे धान पूरी तरह से भीगं गये इस मौसम के बदलाव के चलते स्वास्थ्य पर भी असर देखने को मिला।

विगत दो दिनो से तेज बारीश ने धान बेचने को जुझ रहे किसानों पर दोहरी मार पड़ी धान के नहीं बिकने से परेशान किसानों को खरीब फसल का नुकसान झेलना पड़ा। बदलते हुये मौसम ने जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है, कुछ समय अचानक हुए मौसमी परिवर्तन ने जहा बीमारियों को बढ़ा दिया है वही फसलों को भी नुकसान होने लगा है, बेमौसम बारिश की मार झेलने को मजबूर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच दी है।

जिले में मौसम में हुये अचानक बदलाव के कारण बेमौसम बारिश ने जहा फसलों के साथ बीमारियों को भी निमंत्रण दे रहा है, खरीफफसल की समस्या से अभी किसान उभर नही पाए हैं वही अब कही न कही ओला वृष्टि की भी जानकारी मिली है जिसके चलते रवि फसल में भी नुकसान का आदेशा होने लगा है, किसानों से मिली जानकारी के अनुसार दलहन फसलों को 30 से 40 प्रतिशत तक का नुकसान हो गया है, वही बेमौसम बारिश ने बच्चो और बुजुर्गो पर ज्यादा प्रभाव डाला है, दिन भर निकलने वाली धूप और शाम होते ही बारिश की वहज से सर्दी बुखार हाथ पैर दर्द के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई हैं, असमय हुई बारिश ने जहा किसानों की कमर तोड़ दी है वही समय पूर्व हो रही भारी बारिश की चेतावनी के बाद भी खुले में पड़े धान को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली को संदेह के घेरे में खड़ा कर दिया है,,जहा 89 केंद्रों में खुले में पड़ा लाखो का धान बारिश की भेंट चढ़ गया है, खरीदी प्रारंभ होने के समय से ही प्रक्रिया विवादों के घेरे में रही है कभी टोकन तो कभी उठाव का मुद्दा हो शुरू से गरमाता रहा है जिसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम न उठाना एक विडंबना ही कहा जायेगा ।

इस बार बारिश के कहर से जिला बाहर नहीं निकाल पा रहा है कुछ दिनों के अतराल में लगातार बारिश ने कहर ढाया है शनिवार 22 फरवरी से मौसम मिजाज बदला और एकाएक बदली छा गई पूरे दिन भर बदली का प्रभाव जिले में रहा और तापमान गिरकर हवा में भी ठण्डक की स्थिति बनी रही। रविवार को भी आसमान में बादल छा रहे और देर रात 11.15 बजे बारिश आरंभ हो गई व 11.40 बजे बारिश ने रफ्तार पकड़ लिया और घंटे भर तेज बारिश के साथ पूरे रात भर नगर में बारिश का कहर जारी रहा वहीं हवा के प्रभाव से मौमस में ठण्डा रहा। बारिश के इस प्रभाव से ठण्ड का मौसम फरवरी में भी जाने का नाम नही ले रहा है।

बारिश से रवि की फसल नुकसान पहुंचा वहीं फल व सब्जियों को क्षति पहुंची है

रूक-रूक कर हो रही बारिश ने जहां रवी के फसल तिवरा, धनिया, मेथी, चना, गेहू के फसल को नुकसान पहुचा रहा है वहीं टमाटर, प्याज, लालभाजी, पालक व अन्य सभी भाजी को भी बड़ी क्षति पहुची है बारिश व ठण्डी हवाओं से आम के मौर भी झड़ गये है जिससे आम के फसल के प्रभावित होने के आंशका बनी हुई है। वहीं बड़ी मात्रा में उपार्जन केन्द्रों में जाम धान भी इसके प्रभाव से अछूते नही रहे है। उल्लेखनीय है कि संग्रहण केन्द्रों में 20 फरवरी के टोकन वाले किसानों का धान रखा हुआ है जो बोरे के अभाव में खरीदी में शामिल नही हो सका है। उन किसानों के धान की क्षति भी हुई है। जिसके लिए किसान शासन के निर्णय का इंतजार कर रहे है कि कब शासन खरीदी हेतु निर्णय लेकर आदेश दे ताकि उनका धान खरीदी जा सके। यद्यपि मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया था लेकिन अलर्ट में मुंगेली जिले नाम नही होने से जिलेवासी राहत की अपेक्षा कर रहे थे। लेकिन बारिश ने उसे धता बतलाते हुए बारिश का कहर जिले में ढाया है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्पन्न मौसम के प्रभाव से जिले में बारिश हुई और बारिश का खौफजिले में लगातार जारी है।

भोपालपट्टनम धान खरीदी केंद्र के पास झोपड़ी में लगी आग

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। भोपालपट्टनम धान खरीदी केंद्र के पास झोपड़ी में लगी आग। झोपड़ी जलकर हुई राख। समय रहते किसानों ने बुझाई आग। धान को नहीं हुआ कोई नुकसान। रुद्रारम धान खरीदी केंद्र का मामला।

■ नेशनल हाईवे पर माओवादियों ने फेंके पर्चे

■ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दो दिवसीय भारत प्रवास का किया विरोध

बीजापुर। नेशनल हाईवे पर माओवादियों ने फेंके पर्चे। मद्देड-भोपालपटनम मार्ग पर रुद्रारम के नज़दीक फेंके पर्चे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दो दिवसीय भारत प्रवास का किया विरोध। पर्चे में एन आर सी और धारा 370 का भी है ज़िक्र। माओवादियों के पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी द्वारा जारी किया गया है पर्चा।भोपालपटनम थानाक्षेत्र का मामला।

जाज्वल्यदेव महोत्सव एग्रीटेक कृषि मेला 13 से 15 मार्च तक

जांजगीर। कलेक्टर जनक प्रसाद पाठक ने जांजगीर जिले के प्रतिष्ठित जाज्वल्यदेव महोत्सव एग्रीटेक कृषि मेला 2020 के सफल आयोजन के लिए विभागीय अधिकारियों को विभिन्न कार्यो का दायित्व सौंपते हुए समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिये हैं। जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में महोत्सव का आयोजन 13 मार्च से 15 मार्च तक किया जा रहा है। जाज्वल्यदेव महोत्सव का शुभारंभ राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उईके करेंगी वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 15 मार्च को समापन समारोह के मुख्य अतिथि हांगे। जाज्वल्यदेव महोत्सव के सफल और गरिमामय आयोजन के लिए कलेक्टर ने विभिन्न समितियों का गठन कर अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। इन समितियों में सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय तथा जिले के बाहर से आने वाले कलाकारों के लिए आवास, भोजन, समिति, प्रचार-प्रसार मंच, प्रकाश व्यवस्था, पंजीयन समिति, वाहन, सत्कार, स्वास्थ्य, मंच संचालन, पेयजल, स्वच्छता, आदि शामिल हैं।

कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर महिला समूहों को दिशा-दर्शन भ्रमण के लिए किया रवाना

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर । कलेक्टर जनक प्रसाद पाठक ने आज महिला स्व सहायता समूह के 186 सदस्यों तथा विभागीय अधिकारियों की चार बसों को दिशा-दर्शन और भ्रमण कार्यक्रम हेतु कलेक्टर कार्यालय प्रांगण से हरी झण्डी दिखाकर डिंडौरी के लिए रवाना किया। इस भ्रमण के लिए परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री जयशंकर अनंत को प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनके सहयोग तथा भ्रमण के लिए अन्य विभागीय अधिकारियों को भी दायित्व सौंपा गया है। महिला समूह की ये सदस्य तीन दिवसीय भ्रमण पर रवाना की गई है। जो डिंडौरी में स्व सहायता समूहों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यो का अवलोकन करेंगी तथा वापस आकर उनका क्रियान्वयन जांजगीर जिले में करेंगी। कलेक्टर श्री पाठक ने भ्रमण पर जाने वाली स्व सहायता समूह की सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं दी है। कलेक्टर द्वारा बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करने के दौरान जिला महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चखियार और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

ग्रामीण विकास योजनाओं की खंड स्तरीय समीक्षा बैठक 4-5 मार्च को

जांजगीर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संबंधित जनपद पंचायत के सभाकक्ष में 4 और 5 मार्च को सुबह 11 बजे से की जाएगी। चार मार्च को जैजैपुर में कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक, डभरा में जिला पंचायत सीईओ श्री तीर्थराज अग्रवाल, नवागढ़ में अतिरिक्त कलेक्टर, अकलतरा, पामगढ़, सक्ती और बम्हनीडीह में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और 5 मार्च को बलौदा जनपद में एस. डी. एम. जांजगीर और मालखरौदा में जिला पंचायत सीईओ श्री तीर्थराज अग्रवाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

जनगणना प्रशिक्षण में मकान सूचीकरण की दी गई जानकारी

बीजापुर। भारत की जनगणना 2021 की प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण की कार्य 25 अप्रैल से 10 जून 2020 तक होना है। कलेक्टर श्री के.डी. कुंजाम ने जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के जनगणना चार्ज अधिकारियों का प्रषिक्षण 24 एवं 25 अप्रैल को जिला कार्यालय के सभा कक्ष-2 में प्रषिक्षण संपन्न हुआ। जनगणना कार्य निर्देषालय रायपुर के जनगणना अधिकारी श्री मुकेष गोंडाने एवं अवधेष यादव जनगणना अधिकारी सांख्यिकी द्वारा चार्ज रजिस्ट्रर, ग्राम एवं नगर रजिस्ट्रर बनाना, मकान सूचीकरण, ब्लॉक बनाना, एनपीआर अभिलेख का पृथककरण करना, एनपीआर का अद्यतन, सुपरवायजररी मेप बनाना, नजरी नक्षा बनाना, सहित अन्य कार्यों के बारे में विस्तार से प्रषिक्षार्थियों को प्रषिक्षण दिया गया है।

जीवनदीप समिति के कार्यकारणी समिति की बैठक 27 को

मुंगेली। कलेक्टर एवं जीवनदीप समिति के कार्यकारणी समिति के अध्यक्ष कलेक्टर भुरे की अध्यक्षता में 27 फरवरी को शाम 5 बजे जीवनदीप समिति के कार्यकारणी समिति की बैठक आहूत की गई है। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने संम्बंधित सदस्यों को निर्धारित स्थान और समय पर उपास्थित होने आग्रह किया है।

डिप्टी कलेक्टर नवीन भगत 15 मार्च तक मुंगेली अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व होगें

मुंगेली। कलेक्टर ने 24 फरवरी से 15 मार्च तक की अवधि के लिए डिप्टी कलेक्टर नवीन भगत को जिला अनुभाग के अनुविभागी अधिकारी राजस्व नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि अनुभाग के अनुविभागी अधिकारी राजस्व सी. एस. ठाकुर के 24 फरवरी से 15 मार्च तक अजित अवकाश पर होने के कारण उक्त अवधि तक के लिए डिप्टी कलेक्टर नवीन भगत को अनुभाग के अनुविभागी अधिकारी राजस्व नियुक्त किया है।

कंपोस्ट मशीन क्रय हेतु निविदा 12 मार्च तक आमंत्रित

जांजगीर-चांपा। जिला शहरी विकास प्राधिकरण जांजगीर-चांपा को कंपोस्ट मशीन प्रदाय करने के लिए सक्षम श्रेणी के पंजीकृत निर्माता/विक्रेता से 12 मार्च को सायं 05 बजे तक निविदा आमंत्रित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 250 किलोग्राम और 150 किलोग्राम का कंपोस्ट मशीन प्रदाय किया जाना है। निविदा की नियम-शर्तें, धरोहर राशि, दस्तावेज आदि की संपूर्ण जानकारी जिले की वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट जांजगीर-चांपा डॉट जीओव्ही डॉट इन पर अपलोड की गयी है।

दंतेवाड़ा के 65 पशुपालकों को राष्ट्रीय कृषि मेला का कराया गया भ्रमण

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। राष्ट्रीय कृषि मेला रायपुर में पशुधन विकास विभाग दंतेवाड़ा से 65 पशुपालकों को भ्रमण कराया गया। पशुपालकों ने विभिन्न विभागों के लगे स्टॉल का भ्रमण किया और कृषि एवं पशुपालन के नवीन तकनीक से अवगत हुए। इस कृषि मेला में पशुधन विकास विभाग दंतेवाड़ा द्वारा स्टॉल लगाया गया है इस प्रदर्शनी में जिले के टेकनार गौशाला के उत्पाद घी के साथ ही जिले की पहचान कड़कनाथ के अंडे और कड़कनाथ मुर्गी के तंदूरी भी उपलब्ध है, जिसमें काफी भीड़ भी रही।जिले के स्टॉल भ्रमण के अवसर पर विभाग के संचालक डॉक्टर सी आर प्रसन्ना, अपर संचालक डॉक्टर के के ध्रुव, संयुक्त संचालक डॉक्टर नेताम, उपसंचालक दंतेवाड़ा डॉक्टर ए एस कुशवाह ,डॉक्टर एस के मरकाम, डॉक्टर मनोज यादव और जिले से आये सभी पशुपालक उपस्थित रहे।

शीतला माता के मेले में उमड़े श्रद्धालु

नवप्रदेश संवाददाता

नैमेड के शीतला माता मंदिर में दर्शन कर मन्नते की पुरी

बीजापुर। नैमेड में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी (मातागुडी) शीतला माता मंदिर में मेला का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें आस पास कई गांव से बड़ी संख्या में भक्तगण एवं ग्रामीण पहुँचे। शीतला माता मंदिर (मातागुडी) मे कई भक्तों की मन्नत पूरी होती है। मातागुडी (शीतला माता) मंदिर में गाँव के पुजारी चिन्ना ओयाम द्वारा सर्वप्रथम शीतला माता की श्रृंगार करते है और माता की पूजा अर्चना की जाती है तत्पश्चात मेला का शुभारंभ किया जाता है। शीतला माता के दर्शन करने दुर दराज से भक्तगण आते है। भक्तगणो के मन्नत पूरी होने पर माता जी के चरणो में प्रसाद स्वरूप भेंट चढ़ाते है और कई भक्तगण बकरे एवं मुर्गे की बलि देते है। दुर दराज के गांव से आए बडी संख्या में ग्रामीणो ने मेले का कापी आनंद लिया एवं बच्चो के लिए खिलोने एवं मिठाई भी खरीदी। भक्तों एवं ग्रामीणो की सुविधा के लिए ग्राम पंचायत नैमेड् द्वारा पेयजल की व्यवस्था , धूप से बचने के लिए टेंट एवं भोजन की व्यवस्था भी की। इस अवसर पर गांव के पेरमा ,गायता, सरपंच लच्छू ओयाम, कमलू , पूर्व जनपद सदस्य लच्छू ओयाम ,उमाशंकर जुमडे एवं ग्राम पंचायत नैमेड के ग्रामवासी एवं दुर दराज से आए ग्रामीणों ने मेले का लिया आनंद लिया।

मुख्यमंत्री विवाह योजना अंतर्गत पंजीकृत जोड़ो तथा विवाह कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली

नारायणपुर। चुनावी दौर अब खत्म, अब काम की गतिविधियां में तेजी लाए। सभी अधिकारी एकाग्रचित होकर अपने निर्माण कार्य समय पर पूरा करें। आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए नवीन पेयजल प्रदाय योजनाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करने सहित पुराने हैंडपंपों की मरम्मत तथा आवश्यकतानुसार ग्रामीण ईलाकों में बोर खनन हेतु कार्ययोजना तैयार कर ली जाये। ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत् स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार की गयी सामग्रियों मसाला, झाडू, फिनायल, साबुन अगरबत्ती, दोना पत्तल आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा शाला-आश्रमों में आवश्यकता अनुसार समान क्रय करें। उक्त बातें कलेक्टर श्री पदुमसिंह एल्मा ने आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक के दौरान कही। बैठक में वनमंडलाधिकारी डीकेएस चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम दिनेश कुमार नाग, डिप्टी कलेक्टर सर्वश्री गौरीशंकर नाग, धनराज मरकाम, वैभव क्षेत्रज्ञ, सुश्री निधी साहू सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता जांचने पहुंची चलित प्रयोगशाला

दंतेवाड़ा। मिलावटी खाद्य सामग्रियों की त्वरित पड़ताल करने चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ने एक दिन 22 फरवरी को जिले में एक दिवसीय दौरा किया। जिसमें गीदम ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्र में भ्रमण के दौरान विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया और खाद्य सैंपल लिए, जिसकी तुरंत जांच कर रिपोर्ट खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दिया गया। लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से निर्मित चलित प्रयोगशाला किसी भी दुकान की खाद्य सामग्री का सैंपल लेकर तुरंत रिपोर्ट देती है। 'फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स' के नाम से मशहूर यह वाहन लोगों को खाद्य सुरक्षा के लिए जागरूक कर रही है। अमानक खाद्य सामग्री अथवा लेबलिंग, पैकेजिंग में खामियां पाने पर संबंधित व्यवसायी पर तत्काल प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है । उपभोक्ताओं के हित में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली व छत्तीसगढ़ खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग द्वारा चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की शुरुआत की है। खाद्य सामग्रियों के मानक स्तर के साथ सभी प्रकार की सामग्रियों के लेबलिंग, पैकेजिंग आदि की जांच हेतु अत्याधुनिक संसाधनों से लैस प्रयोगशाला शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर जांच करती है। भ्रमण के दौरान 52 सेम्पल विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिया गया।

भविष्य की तैयारी | छूटे अभ्यर्थियों के लिए एक मार्च को पुनः परीक्षा, आवेदन 29 फरवरी तक आमंत्रित

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग, प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षा संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। जिला प्रशासन द्वारा जिले के मध्यम वर्गीय एवं गरीब छात्रों को पीएससी, रेल्वे, बैंकिग सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग एवं स्टडी सामाग्री प्रदान करने की योजना है। इसके लिए प्रथम चरण का प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार 16 फरवरी को किया गया। जिले के विभिन्न तहसीलों के करीब दो सौ अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। छूटे हुए अभ्यर्थियों के लिए एक मार्च को पुनः परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा जिले के 4 स्थानों सक्ती, अकलतरा, डभरा और शिवरीनारायण में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कुल चार सौ छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लासेज प्रारंभ की जा रही है। इसका लाभ जिले के युवाओं को मिलेगा। प्रवेश प्राप्त अभ्यर्थियों को स्टडी मटेरियल, टेस्ट सीरीज आदि की सुविधा दी जाएगी। अध्यापन के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। रविवार को आयोजित प्रवेश परीक्षा में ज्यादातर प्रतिभागी सामान्य तैयारी के साथ शामिल हुए। परीक्षा में दिए गए प्रश्न सरल एवं व्यवहारिक ज्ञान से संबंधित थे। परीक्षा में सौ आब्जेक्टिव प्रश्न पूछे गए। चार उत्तरों में से ही उत्तर का चयन करना था। लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तरह प्रतिभागियों ने काले बाल पांइट पेन का इस्तेमाल करते हुए ओ एम आर आंसरसीट में काला घेरा बनाकर अपना उत्तर लिखा। प्रश्नों में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस कब मनाया जाता है, छत्तीसगढ़ी भाषा में निर्मित पहली फिल्म कौन सी है, छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस कब मनाया जाता है, जनउला करिया बइला बइठेहेलालबइला भागत हे, पनही का अर्थ क्या होता है, मध्यप्रदेश की सीमा छत्तीसगढ़ के किस जिला से लगती है, एक्के नंबर सब्बो बर किस नंबर से संबंधित है, जैसे प्रश्न पूछे गए थे।

लाइवलीहुड कालेज के नोडल अधिकारी ने बताया छूटे हुए अभ्यर्थियों के लिए पुनः प्रवेश परीक्षा का आयोजन कर एक अवसर प्रदान किया जाएगा। यह परीक्षा रविवार एक मार्च को दोपहर 12 बजे लाइवलीहुड कॉलेज में होगी। प्रथम स्तर में वंचित छात्र-छात्रा इस परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। जिला प्रशासन की वेबसाईट www.janjgir-champa- gov-in फॉर्म डाउनलोड कर लाइवलीहुड कॉलेज जांजगीर में शनिवार 29 फरवरी तक आवेदन जमा सकते हैं।

■ न्यूज गैलरी

आलू, प्याज, टमाटर की कीमत बढ़ने की पूर्व चेतावनी देगा पोर्टल

नई दिल्ली (वार्ता)। आलू, प्याज और टमाटर की कीमतों के आसमान छूने से पहले ही हस्तक्षेप के लिए सरकार को आगाह करने के उद्देश्य से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एक पोर्टल लॉन्च करेगा। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल बुधवार को इस पोर्टल को लॉन्च करेंगी। इसकी शुरुआत मंत्रालय के 'ऑपरेशन ग्रीन्स' के तहत की जा रही है जिसका उद्देश्य आलू, प्याज और टमाटर के 'वैल्यू चेन' को विकसित करना है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि जैसे ही आलू, प्याज या टमाटर के दाम तेजी से बढ़ने शुरू होंगे यह पोर्टल सरकार को हस्तक्षेप के लिए आगाह कर देगा। 'मार्केट इंटेलीजेंस' के जरिये जुटाये गये आँकड़ों के आधार पर यह पोर्टल काम करेगा जिसमें बाजार में संबंधित उत्पाद की आवक के बारे में भी जानकारी होगी।

पेट्रोल-डीजल स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में पेट्रोल-डीजल के दाम मंगलवार को लगातार दूसरे दिन टिके रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल आज 72.01 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। यह 10 फरवरी के बाद का इसका उच्चतम स्तर है। डीजल की कीमत भी 64.70 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। यह लगातार दूसरा दिन है जब दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम अपरिवर्तित रहे। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल क्रमशः 74.65 रुपये, 77.67 रुपये और 74.81 रुपये प्रति लीटर स्थिर रहा। तीनों महानगरों में डीजल की कीमतों में भी कोई बदलाव नहीं हुआ। एक लीटर डीजल कोलकाता में 67.02 रुपये, मुंबई में 67.80 रुपये और चेन्नई में 68.32 रुपये प्रति लीटर बिका।

दीपक डसालट सिस्टम्स के प्रबंध निदेशक नियुक्त

नई दिल्ली (वार्ता)। फ्रांस की डसॉलट सिस्टम्स ने दीपक एनजी को भारत के लिए अपना प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। दीपक एनजी को उत्पादन, बुनियादी सुविधाएं एवं शहर तथा जीवन विज्ञान के क्षेत्रों में भारत की ओर से प्रस्तुत अवसरों के अनुसार डसॉलट सिस्टम्स की व्यवसाय रणनीति का विस्तार करेंगे। डसॉलट सिस्टम्स के कार्यकारी उपाध्यक्ष (एशिया पैसिफिक) सैमसन खोऊ ने श्री एनजी की नियुक्ति पर कहा, विश्व में भारत सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है जिसका श्रेय व्यवसाय के लिए अच्छे वातावरण और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार को जाता है। डसॉल द सिस्टम्स के लिए भारत एशिया में शीर्ष प्राथमिकताओं वाले बाजारों में से एक है और श्री दीपक एनजी की नियुक्ति से भारत के उद्यम और सरकारी व्यवसाय दोनों में वृद्धि के लिए नये क्षेत्रों के विस्तार की कंपनी की आकांक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

वैश्विक दबाव में सोना 845 रुपये टूटा

नई दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में पीली धातु के 1,650 डॉलर प्रति औंस से नीचे उतरने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना शिखर से फिसलता हुआ आज 845 रुपये लुढ़ककर 43,795 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। चाँदी भी 800 रुपये की गिरावट में 49,350 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में दोनों कीमती धातुओं पर रहे दबाव का असर स्थानीय बाजार में भी देखा गया। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को बीच कारोबार में 1,688.66 डॉलर प्रति औंस के सात साल के उच्चतम स्तर को छूने वाला सोना आज 6.80 डॉलर टूटकर 1,646.60 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। बाजार विश्लेषकों ने बताया कि निवेशकों की मुनाफावसूली से पीली धातु दबाव में आ गयी।

अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा भी 26.20 डॉलर लुढ़ककर 1,650.40 डॉलर प्रति औंस बोला गया। चाँदी हाजिर 0.20 डॉलर की गिरावट में 18.38 डॉलर प्रति औंस के भाव बिकी। स्थानीय बाजार में सोना स्टैंडर्ड 845 रुपये लुढ़ककर 43,795 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया। सोमवार को यह 620 रुपये की उछाल के साथ 44,640 रुपये प्रति दस ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया था। सोना बिटुर भी इतनी ही गिरावट के साथ 43,625 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव बिका। आठ ग्राम वाली गिन्नी 100 रुपये टूटकर 31,200 रुपये पर रही। चाँदी हाजिर 800 रुपये की गिरावट के साथ 49,350 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। चाँदी वायदा 959 रुपये लुढ़ककर 47,818 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। सिक्का लिवाली और बिकवाली भी 10-10 रुपये फिसलकर क्रमशः 970 रुपये और 980 रुपये प्रति इकाई पर स्थिर रहे।

लाइफ गारंटीड लाइफटाइम इनकम प्लान हुआ लांच

नई दिल्ली (वार्ता)। जीवन बीमा क्षेत्र की कंपनी मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने पारंपरिक एन्युटि प्लान मैक्स लाइफ गारंटीड लाइफटाइम इनकम प्लान का उन्नत संस्करण लॉन्च किया है जिससे रिटायरमेंट के बाद की योजना को आर्थिक रूप से प्रभावी बनाया जा सके।

कंपनी ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि डेफर्ड एन्युटि संस्करण की शुरूआत के साथ ग्राहकों के पास अपने रिटायरमेंट के लिए समय से पहले योजना बनाने का विकल्प होगा जिससे वे लंबी अवधि के भविष्य के लिए फिलहाल प्रचलित उच्च एन्युटि दर लॉक कर सकेंगे। इससे उन्हें जीवन भर नियत और जोखिम मुक्त एन्युटि भुगतान सुनिश्चित करने का मौका मिलेगा। ग्राहकों का वित्तीय भविष्य सुरक्षित करने की प्रतिबद्धता के साथ 10वें 'प्रोटेक्शन डे' के मौके पर लॉन्च किए गए इस प्लान के डेफर्ड एन्युटि संस्करण का उद्देश्य रिटायरमेंट के बाद भी मौजूदा जीवनशैली को सुरक्षित करना है।

भारत और अमेरिका के बीच 3 अरब डॉलर की डिफेंस डील

भारतीय सीईओ से मिले ट्रंप, कहा-

जीतूंगा चुनाव तो बाजार ऊपर भागेगा

ट्रंप ने कहा कि आने वाले दिनों में भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड और बिजनस के संबंध और मजबूत होंगे। हमारी कोशिश द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को बेहतर और मजबूत करने की है। ट्रंप ने कहा कि जिस तरह भारत में मेरा स्वागत किया गया उससे मैं काफी खुश और प्रभावित हूं।

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज अमेरिकी दूतावास में देश के उद्योगपतियों के साथ बैठक की। वैसे तो यह बिजनस बैठक थी, लेकिन ट्रंप ने होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर बहुत ही मजेदार बात कही। उन्होंने कहा कि मैं फिर से अमेरिका का राष्ट्रपति चुना जाऊंग, और जब मैं चुनाव जीतूंगा बाजार चढ़ जाएगा।

ट्रंप ने कहा कि आने वाले दिनों में भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड और बिजनस के संबंध और मजबूत होंगे। हमारी कोशिश द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को बेहतर और मजबूत करने की है। ट्रंप ने कहा कि जिस तरह भारत में मेरा स्वागत किया गया उससे मैं काफी खुश और प्रभावित हूं। ट्रंप ने उद्योगपतियों से कहा कि यहां आकर खुद को बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। आप लोगों के प्रधानमंत्री काफी मजबूत और स्पेशल हैं। वह इस बात को जानते हैं कि वह क्या कर रहे हैं। उन्होंने अब तक शानदार काम किया है। हम दोनों एकसाथ मिलकर अच्छ के लिए काम कर रहे हैं। कोरोना वायरस को लेकर ट्रंप ने कहा कि हम इससे मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

- भारतीय उद्योगपतियों से मिले डोनाल्ड ट्रंप
- पीएम मोदी को लेकर कहा कि वह स्पेशल और मजबूत इंसान हैं
- दोनों देश के बीच व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे
- जिस तरह मेरा स्वागत किया गया मैं उससे काफी प्रभावित हूं

हम नियमो में कमी लाएंगे : ट्रंप

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को अपने देश में कारोबार पर कायदे कानूनों के अंकुश और कम करने का वादा किया। ट्रम सरकार अमेरिकी अर्थव्यवस्था को गति देने के लिये और अधिक वैश्विक निवेश आकर्षित करना चाहती है। उन्होंने अपनी भारत यात्रा के दूसरे दिन यहां उद्यमियों की बैठक में कहा कि भारत के साथ व्यापार समझौता पर काम हो रहा है। हालांकि उन्होंने इसके बारे में कोई ब्योरा साझा नहीं किया। भारत यात्रा के बारे में राष्ट्रपति ने कहा, ''यहां आना मेरे लिये सम्मान की बात है। हमने भारत के साथ व्यापार की काफी बात की है। वे हमसे 3 अरब डॉलर मूल्य का हेलीकाप्टर खरीदेंगे।'' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में उन्होंने कहा, ''वह कड़क नेता हैं लेकिन साथ ही वह अच्छे इंसान भी हैं।

बधाई

मुख्य सुरक्षा सैनिक का पद अंलकरण

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग में पदस्थ वरिष्ठ सुरक्षा सैनिक के पद पर कार्यरत श्री शेषनारायण वर्मा की पदोन्नति मुख्य सुरक्षा सैनिक के पद पर हुई है। नव पदोन्नित उपरांत श्री वर्मा को पॉवर कम्पनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में मुख्य सुरक्षा अधिकारी कर्नल प्रदीप कुमार सिंह भदुरिया एवं सुरक्षा अधिकारी श्री आर.के. साहू ने पीपिंग आउट (पदालंकरण अनावरण) कर शुभकामनायें दी। इस अवसर पर सुरक्षा निरीक्षक श्री प्रभुषरण सिंह एवं श्री ए.मिन्ज सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी।

पेंशन नियमों में बदलाव, 6.3 लाख पेंशनधारकों को फायदा

नई दिल्ली। कम्युटेशन का विकल्प चुनने वाले ईपीएफओ के पेंशनधारकों को फुल पेंशन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने रिटायरमेंट के वक्त पेंशन कम्युट करने का विकल्प चुनने वाले पेंशनधारकों को सेवानिवृत्ति के 15 साल बाद फुल पेंशन की व्यवस्था को फिर से बहाल करने के फैसले को अधिसूचित कर दिया है। सरकार के इस कदम से 26 सितंबर, 2008 से पहले रिटायर होने वाले ईपीएफओ के उन 6.3 लाख पेंशनधारकों के पेंशन में बड़ी वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है, जिन्होंने आंशिक कम्युटेशन का विकल्प चुना था। कम्युटेड पेंशन पाने की तिथि के ठीक 15 वर्ष बाद हायर/फुल पेंशन का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। एंप्लॉयीज पेंशन स्कीम नियमों के तहत 26 सितंबर, 2008 से पहले रिटायर होने वाले ईपीएफओ के मेंबर्स कम्युटेड पेंशन के रूप में पेंशन की कुल रकम का अधिकतम एक तिहाई एकमुश्त (कम्युटेड) ले सकते थे, जबकि बाकी दो तिहाई रकम उन्हें जीवनभर पेंशन के रूप में मिलती थी। ईपीएफ के मौजूदा नियमों के तहत, ईपीएफओ के सदस्यों को कम्युटेशन बेनिफिट पाने का विकल्प नहीं मिलता है। ईपीएफओ वह संगठन है, जो ईपीएफ तथा ईपीएस स्कीम्स को नियंत्रित करता है।

नई नीति | नेशनल पॉवर टैरिफ पॉलिसी पर नई दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक संपन्न

एक बिजली एक दाम की नीति न्याय संगत नहीं-शुक्ला

देशभर में विद्युत की दरों में एकरूपता, विभिन्न प्रदेशों की जनरेटिंग कंपनी की देय बकाया राशि विषय पर केन्द्रित एक उच्चस्तरीय बैठक आज नई दिल्ली में केन्द्रीय विद्युत राज्य मंत्री श्री आर.के.सिंह द्वारा आहूत की गई जिसमें उपस्थित केन्द्रीय ऊर्जा सचिव श्री संजीव नंदन सहाय के समक्ष विभिन्न राज्यों के ऊर्जा सचिव, पॉवर कंपनीज के उच्चाधिकारियों ने पॉवर टैरिफपॉलिसी पर अपने अभिमत दिये।

रायपुर। बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने छत्तीसगढ़ राज्य का पक्ष रखा। टैरिफ पालिसी के निर्धारण पर चैयरमेन श्री शुक्ला ने अभिमत व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य की भौगोलिक एवं आर्थिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत दरों का निर्धारण होना चाहिए। सभी राज्यों के लिए एक समान (यूनिफार्म टैरिफ) विद्युत दर की नीति का निर्धारण किया जाना अनेक दृष्टि से न्यायसंगत नहीं होगा। उन्होंने तर्क दिया कि सभी प्रदेशों में विद्युत उत्पादन का जरिया अलग-अलग होता है, साथ ही उपभोक्ता भी विभिन्न श्रेणी के होते हैं।

बैठक में उन्होंने इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया कि मानवीय आवश्यकताओं में विद्युत का विशेष स्थान है, अतः एक बिजली एक दाम की नीति अव्यवहारिक होगी। विद्युत दरों के निर्धारण में विद्युत क्रय का एकीकृत लागत, अनेक स्त्रोतों से विभिन्न दरों पर खरीदी गई बिजली, स्थापित विद्युत संयंत्रों का जीवनकाल - कार्यनिष्पत्ति, विद्युत उत्पादन हेतु प्रयुक्त सामग्रियों की उपलब्धता तथा विद्युत खरीदी समझौता ऐसे कारक है जिनका व्यापक प्रभाव होता है। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में देखा जाय तो यहां की विद्युत की मांग का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्से के लिए संपादित समझौते (पॉवर परचेंश एग्रीमेंट) काफी पहले किये गये है जिनमें अब मोलभाव (रिनियगोसिएशन) की कोई गुजांईश नहीं है।

तेलंगाना पर छ.ग. का दो हजार करोड़ बकाया

उन्होंने बताया कि तेलंगाना राज्य पर छत्तीसगढ़ राज्य की बड़ी बकाया राशि लंबित है। लगभग दो हजार करोड़ रूपये की राशि का भुगतान तेलंगाना राज्य द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को नहीं किया गया है। इस हेतु गंभीर आपत्ति दर्ज करते हुए उन्होंने तेलंगाना के विरूद्ध रेगुलेटरी कार्यवाही किये जाने की भी बात रखी। आगे उन्होंने बताया कि देश की पॉवर जनरेटिंग कंपनियों के भुगतान के मामले में छत्तीसगढ़ की स्थिति अत्यंत ही बेहतर है। समय पर भुगतान के मामले में छत्तीसगढ़ देश के तीन अग्रणी राज्यों में शामिल है।

नए अवतार में टेक्नो कैमॅन सीरीज की वापसी

नई दिल्ली। वैश्विक प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो मोबाइल ने कैमॅन 15 और कैमॅन 15प्रो के लॉन्च की घोषणा करते हुए अपने 'सेगमेंट फर्स्ट' होने की साख की एक बार फिर पुष्टि की है। ये कंपनी की तरफ से अपनी लोकप्रिय कैमरा-सेंट्रिक कैमॅन सीरीज से 2020 की पहली डुअल पेशकश हैं। दोनों स्मार्टफोन भारत के मध्यम-बजट उपभोक्ताओं के लिए दिन के समय, कम-रोशनी में और रात में फोटोग्राफी का स्वरूप बदल देंगे। टेक्नो कैमॅन स्मार्टफोन हाइअर कैमरा पिक्सेल, प्रीमियम एआई-सक्षम अल्ट्रा नाइट लेंस (डीएसपी तकनीक से लैस) और पॉप-अप सेल्फी कैमरा के युग की निशानी हैं। और इनका अविश्वसनीय रूप से सस्ती कीमत वाला पहलू प्रतिस्पर्धा के लिहाज से और व्यापक तौर पर उद्योग के लिए नए मानक स्थापित करेगा।

एंट्री-लेवल सेगमेंट में शीर्ष 5 रैंक में अपनी जगह पक्की करने के बाद टेक्नो को भारत में मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट (9-15 हजार) में एक अग्रणी कैमरा-केंद्रित कंपनी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत होने की उम्मीद है।

आज का भविष्यफल

मेषः किसी कारण आज आपको खुद पर कंट्रोल करना पड़ सकता है। आपकी परीक्षा का दौर चल रहा है, बेहतर होगा कि आप अपने काम में ज्यादा ध्यान दें। कई लोगों के लिए दिनभर आलस का माहौल रहेगा।

वृषभः दिनभर काफी बिजी शेड्यूल रहेगा। शाम तक अच्छी खबरें मिलेंगी और आप फायदे में भी रहेंगे। प्रफेशनल मामले में सावधानी बरतने से होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है।

मिथुनः आज का दिन एक्साइटमेंट से भरा है, दोपहर तक कोई टेलीफोन कॉल के जरिए किसी खास मामले में जानकारी दे सकता है। विधार्थी अपना ज्यादा से ज्यादा ध्यान पढ़ाई में लगाएं तो फायदा मिलेगा।

कर्कः आज का दिन आपके लिए स्पेशल साबित हो सकता है। किसी एक ही तरकीब पर काम करना काफी रहेगा। आज कोई रिस्क वाला कदम न उठाएं।

सिंहः दिन बहुत अच्छा बीतेगा। दिल में कोई बात या नया आइडिया हो तो फौरन आगे बढ़ें फायदा जरूर होगा। रिश्तेदारों से पुराने गिले शिकवे दूर करने का समय है। दोस्तों के साथ रहने से फायदा हो सकता है।

कन्याः आज आपका दिन काफी व्यस्त कर देने वाला होगा। दिमाग से किए गए काम का फायदा होगा और इसकी खुशी होगी। पुराने समय से चली आ रही टेंशन भी कम हो जाएगी।

तुलाः आपको दिन के पहले हिस्से मे फोन कॉल्स के जरिए आज कोई खुशखबरी मिलेगी। ऑफिस के साथी भी टीमवर्क से खुश होंगे। लेनदेन और बिजनस में खतरा हो सकता है।

वृश्चिकः दिन के पहले हिस्से में मेहनत कुछ ज्यादा ही करनी होगी। शाम तक मुनाफे के कई मौके आएंगे। घूमने फिरने के मौके जब भी आते हैं आप हमेशा तैयार रहते हैं।

धनुः आज आपका टाइम अच्छा है इसका पूरा फायदा उठाएं। ऑफिस में साथियों से बहस में न उलझें। आपकी कई ईच्छाएं आज पूरी होंगी। किसी अभियान में आपकी जीत हो सकती है।

मकरः आज आपकी किसी से अनबन न हो इस बात का ध्यान रखें। कामकाज में आपकी स्थितियां बेहतर होंगी।

कुंभः आज टीमवर्क से काम करने वाला दिन है। ऑफिस में अपने साथियों के साथ मिलकर काम करने से अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। बातचीत से कोई नया फायदे का आइडिया आ सकता है।

मीनः आज का दिन काफी धीमा हो सकता है। आहिस्ता आहिस्ता आगे बढ़ने से ही फायदा हो सकता है। कोशिश जारी रखें तो अटके हुए काम भी बन जाएंगे। सतर्क होकर अपने काम में जुट जाएं शायद यह संघर्ष का आखिरी दौरा होगा।

सू- दोकू क्र.045

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक रखा जा सकता है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.44 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

शब्द सामर्थ्य -

बाएं से दाएं :

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भैंर, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मुर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 44 का हल

ग	ल	त				खा	म	खाँ
णे		ल		झ	प	की		
श	र	ब	त		रं			मि
	ज	गा	ना		प	रा	का	छा
	नी	र		वि	रा	ज	मा	न
ना	च			प			य	
म	र	णा	स	न्न		पा	नी	
ची			प		पा			भो
न	ज	रा	ना		स	मा	चा	र

नव प्रदेश

न्यूज गैलरी

सीएम ने छग को तंदुरूस्त बना सकती है भाजी पुस्तिका का किया विमोचन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां अपने निवास कार्यालय में गोविन्द पटेल की पुस्तिका 'छत्तीसगढ़ को तंदुरूस्त बना सकती है भाजी' का विमोचन किया। इस किताब में सौ अलग-अलग प्रकार की भाजियों का संकलन किया गया है। जिसमें उनके औषधीय गुण तथा उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इस अवसर पर कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया तथा विधायक श्री मोहन मरकाम और विधायक श्री विकास उपाध्याय आदि उपस्थित थे। गौरतलब है कि इसके पहले इनके 2017 में टमाटर की बंपर पैदावार, 2018 में बढ़ती लागत घटता मुनाफा और 2019 में तकदीर बदल सकते हैं सुनहरे दाने विषय पर शोधपरक पुस्तिका का प्रकाशन हो चुका है। श्री पटेल को कृषि पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिए छत्तीसगढ़ शासन की ओर से राज्योत्सव 2009 में चंदूलाल चंद्राकर पत्रकारिता सम्मान प्राप्त हो चुका है।

संत बालक भगवान मंदिर निर्माण का भूमिपूजन 1 मार्च को

रायपुर। छत्तीसगढ़ के महान संत परम पुजनीय बालक भगवान के पावन स्मृति में महादेवघाट के समीप अमलेश्वर से छीट मार्ग पर स्थित ग्राम कोपेडीह में मंदिर निर्माण का भूमिपूजन 1 मार्च को सुबह सवा 11 बजे से 12.45 बजे के मध्य किया जाएगा। उक्त जानकारी संस्था के संचालक दाऊ आनंद कुमार व्यवस्थापक संतोष अग्रवाल निर्मेष दुबे एवं युवा विंग के समन्वयक ठाकुर पूरन सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ में बालक भगवान के चमत्कारिक किस्सों की जन -जन को जानकारी है। उनके भक्त भी प्रदेश में हजारों की संख्या में है।

लोकवाणी : महिलाओं को बराबरी के अवसर विषय पर होगी बात

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार 'महिलाओं को बराबरी के अवसर' विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नम्बर 0771-2430501, 2430502, 2430503 पर 26, 27 एवं 28 फरवरी को अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने सवाल रिकार्ड करा सकतै हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 8वीं कड़ी का प्रसारण आगामी 8 मार्च को होगा।

ई-एजुकेटर्स का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण आज से

रायपुर। गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत छत्तीसगढ़ के नए 14 ई-साक्षरता केंद्रों और पूर्व के संचालित 36 केंद्रों के अप्रशिक्षित ई-एजुकेटर्स का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 26 से 28 फरवरी तक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद शंकर नगर रायपुर में किया गया हैं।

रायपुर (नवप्रदेश)। साइंस कालेज मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में सभी धर्मों के रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह समारोह हुआ सम्पन्न।

सतरेंगा में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

सतरेंगा को साहसिक और जल पर्यटन के रूप में विकसित करने का एक प्रयास

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक 29 फरवरी को दोपहर एक बजे से कोरबा जिले के सतरेंगा में होगी। कोरबा जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूरी पर हसदेव बांगो के किनारे बसे सतरेंगा को साहसिक और जल पर्यटन स्थल के रूप विकसित किया जा रहा है। सतरेंगा के बांध में पानी के ऊपर तैरता हुआ पुल बनाया गया है। इस पुल से चलकर पहाड़ियों पर पहुंचा जाता है।

ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में हसदेव नदी पर बांगो बांध का निर्माण किया गया है। यह छत्तीसगढ़ राज्य की सबसे बड़ी एवं पहली बहुउद्देश्यीय जल परियोजना है। यह बांध मध्यभारत के सबसे विशालतम बांधों की श्रेणी में से एक है। पहाड़ियों से घिरे इस बांध के बीचों-बीच कई छोटे द्वीप है जो इसके सौंदर्य को बढ़ा देती हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हसदेव बांगो के किनारे बसे सतरेंगा, बुका एवं गोल्डन आइलैण्ड को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए परियोजना तैयार की गई है। इस स्थान को साहसिक पर्यटन एवं जल पर्यटन के लिए विकसित किया जा रहा है।



सतरेंगा के वन परिक्षेत्र में अनेक प्रकार की वनौषधियां भी है जिसका उपयोग प्राकृतिक उपचार एवं दवा के रूप में किया जाता है। इसी गांव में 1400 साल पुराना विशाल साल वृक्ष भी है। यहां का महादेव पहाड़ प्राकृतिक सौंदर्य देखते ही बनता है। सतरेंगा के निकट देवपहरी का प्रसिद्ध जलप्रपात भी है। इस परिक्षेत्र में अनेक पुरातात्विक धरोहर का आकर्षण भी है, जिसमें शैलचित्र प्रमुख है।

राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में पहली बार योजनाबद्ध तरीके से जल-पर्यटन को बढ़ावा देने एवं स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थानीय विकास के उद्देश्य से जिले में 'हसदेव क्रूज एण्ड एडवेंचर स्पोर्टस सोसाईटी कोरबा' का गठन किया गया है। इसी कड़ी में सतरेंगा के 11 स्थानीय निवासियों को पावर मोटर बोट्स चालन एवं सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है। जल्द ही यहां पर्यटन की गतिविधियों जिसमें बोटिंग, स्पीड बोटिंग, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, ओपेन एयर ऑडिटोरियम तथा रिसॉर्ट आदि की शुरूआत की जाएगी। पर्यटकों के रूकने के लिए क्रूज, फ्लोटिंग कॉटेजेस के निर्माण के साथ ही अन्य साहसिक एवं जलक्रिड़ा की गतिविधियां भी यहां प्रारंभ की जाएंगी।

नेशनल हाइवे पर सड़क धंसी, दस फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी कार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नेशनल हाइवे 53 पर मंगलवार सुबह अचानक सड़क धंसने से एक बड़ा हादसा हो गया। सड़क पर चलती कार अचानक जमीन धंसने से 10 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी।

नेशनल हाइवे 53 पर मंगलवार सुबह अचानक सड़क धंसने से एक बड़ा हादसा हो गया। सड़क पर चलती कार अचानक जमीन धंसने से 10 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। वो तो गनीमत रही कि कार सवार इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गया, लेकिन कार पूरी तरह से डैमेज हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे 53 से रायपुर की ओर से एक कार सवार भिलाई आ रहा था। इसी बीच खुर्सीपार डबरापारा के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर के नजदीक अचानक सड़क धंस गई। सड़क धंसने से कार सवार सीधे दस फीट गहरे गड्ढे में जा गिरा। जिसे पुलिस और ब्रिज निर्माण के काम में लगे मजदूरों और क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। तब जाकर कार सवार ने राहत की सांस ली।

दो घंटे की बीच दूसरी बार धंसी सड़क

खुर्सीपार डबरापारा के नजदीक नेशनल हाइवे 53 पर फ्लाईओवर निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। जिसके चलते नेशनल हाइवे को जोड़ते हुए साइड रोड से वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है पर आज सुबह दो घंटे के अंदर दूसरी बार यह सड़क धंस गई। एक और कार चालक, गाड़ी समेत गड्ढे में जा गिरा। इधर सड़क धंसने की घटना से हड़कंप मच गया। लोगों ने आक्रोशित होकर ठेकेदार और नेशनल हाइवे से संबंधित कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर डाली। वहीं ट्रैफिक पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े कर दिए। हादसे के बाद थोड़ी देर के लिए सड़क पर जाम लग गया था।

राजधानी में झमाझम बारिश से गिरा पारा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी में आज सुबह हुई झमाझम बारिश से अधिकतम तापमान में जहां गिरावट दर्ज की जा रही है तो वहीं मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान एक-दो बार और बारिश होने अथवा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि उत्तर की ओर से आ रही ठंडी हवा और बंगाल की खाड़ी की ओर से आ रही नमीयुक्त हवा के साथ ही चक्रवाती सिस्टम और पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में बेमौसम बारिश हो रही है। यह स्थिति अभी आगामी चौबीस घंटों के दौरान और बनी रह सकती है। इस दौरान अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश अथवा तेज गर्जना के साथ बौछारें पड़ सकती है। मौसम विभाग के सूत्रों ने बताया कि पूरे राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान रिकार्ड बारिश दर्ज की गई है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश रिकार्ड की गई है। फरवरी माह में यह पहला मौका होगा जब इस तरह से झमाझम बारिश हो रही है। वहीं मौसम विभाग ने तीन-चार दिनों बाद एक बार फिर से हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। इधर बीती रात राजधानी रायपुर में हुई झमाझम बारिश से रात में न्यूनतम तापमान का ग्राफ नीचे आ गया है। वहीं सुबह हुई बारिश से आज अधिकतम तापमान में भी कमी दर्ज की जा रही है।

एनएमडीसी स्टील प्लांट के कन्वेयर बेल्ट में लगी आग

नव प्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। नगरनार में निर्माणाधीन एनएमडीसी स्टील प्लांट के रॉ मैटेरियल हैंडलिंग सिस्टम में सोमवार शाम को टेस्टिंग के दौरान कन्वेयर बेल्ट में अचानक आग लग गई। आग लगने से प्लांट में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की वजह फिलहाल वेल्डिंग की चिंगारी बताई जा रही है। आग को प्लांट में मौजूद फायर ब्रिगेड की मदद से बड़ी मुश्किल से काबू पाया गया। हालांकि आग से किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

जानकारी के मुताबिक स्टील प्लांट एरिया में आरएमएचएस यूनिट में कुछ निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। इसी की टेस्टिंग के दौरान कंवेयर बेल्ट में आग लग गई। बताया जा रहा है कि प्लांट में उस वक्त 100 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे थे। जैसे ही बेल्ट में आग लगी लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे ने एनएमडीसी प्लांट में सुरक्षा के मापदंडों की भी पोल खोल कर रख दी है। इतने बड़े हादसे के दौरान प्लांट में किसी तरह के सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे। हालांकि प्लांट में फायर ब्रिगेड होने की वजह से घटना के 20 मिनट बाद मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड ने करीब 01 घंटे तक काफी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। वहीं इस आग से कितना नुकसान हुआ है इसका आंकलन अब तक नहीं हो पाया है। गौरतलब है कि प्लांट में आग लगने की यह चौथी घटना सामने आई है।

प्रीमैट्रिक कन्या छात्रावास में छात्रा की मौत

जिले में एक ही दिन में दो आश्रम छात्रावास में अध्यनरत विद्यार्थी की हुई है मौत

सुकमा। जिला मुख्यालय के प्रीमैट्रिक कन्या छात्रावास क्रमांक 02 में अध्यनरत कक्षा दसवीं की छात्रा रेशमा बघेल जिसकी तबियत कई दिनों से खराब थी। जिसे बेहतर उपचार के लिए भद्राचलम ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा की हालत गंभीर होने के बाद हॉस्टल प्रबंधन ने इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी। हालत गंभीर होने की वजह से परिजनों ने छात्रा की बेहतर इलाज के लिए पडोसी राज्य मलकानगिरी ले गए जहां कुछ दिनों तक उसका इलाज चला। फिर हालत नहीं सुधरने के बाद छात्रा को आध्रप्रदेश के भद्राचलम ले जाते समय रास्ते में छात्रा ने दम तोड़ दिया।

जिले के दोरनापाल स्थित नागाराम आश्रम में अध्यनरत तीसरी कक्षा के छात्र कुहरामी हड़मा की मौत हो गई। जिले में दो अलग अलग आश्रम छात्रावासा में अध्यनरत दो विद्यार्थियों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। सुकमा जिले में आश्रम में अध्यनरत 02 विद्यार्थियों के एक ही दिन में मौत से मामला गंभीर हो गया है। जिसे गंभीरतापूर्वक लिए जाने की आवश्यकता है। ज्ञात हो कि दक्षिण बस्तर सहित बस्तर संभाग में बड़ी संख्या में ग्रामीण यहां शिक्षा ग्रहण करते हैं, 02 मौतों के बाद यह आवश्यक हो गया है कि संपूर्ण बस्तर संभाग के आश्रम-छात्रावासों में अध्यनरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच एवं समीक्षा किया जाना चाहिए। जिससे आश्रम छात्रावासों में लगातार हो रही मौत की घटनाओं पर विराम लग सके।